RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 52
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 28 मार्च, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

हैदराबाद ने मुंबई को दिया आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ा लक्ष्य
पेज - 12

बाजार

सेंसेक्स	72,996	▲	562.01
निफ्टी	22123	▲	118.95
सोना	66,070	▲	44 /10 gm
चांदी	74536	▲	18 /kg

मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 38.00°C
न्यूनतम 23.00°C

क्विक न्यूज

लातूर के कुछ इलाकों में आया हल्का भूकंप

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के लातूर जिले के कुछ गांवों में बुधवार दोपहर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया, हालांकि इस वजह से किसी जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि पूर्वाह्न 11.50 बजे से दोपहर 12 बजे के आसपास औरद शाहजानी गांव में पृथ्वी की सतह के नीचे आवाज सुनी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र को इसकी जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है दोपहर करीब 12.15 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया, जिसका केंद्र गंगापुर और पेठ गांवों के बीच स्थित था। औरद शाहजानी गांव किलारी ग्राम से करीब 52 किलोमीटर दूर है जहां 30 सितंबर 1993 कसे 6.2 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था।

ईडी ने दिल्ली में आप नेता के परिसरों पर छापेमारी की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंगला ने विश्वास नगर सीट से आप के टिकट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। सूत्रों ने कहा कि छापेमारी कुछ कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी थी।

नहाते समय तीन लड़के यमुना नदी में डूबे, दो की मौत

बांदा। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को नहाते समय तीन लड़के यमुना नदी में डूब गए, जिसमें दो लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। गाजीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि राधानगर थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव का रहने वाला युवक स्वतंत्र उर्फ ईशू (18) अपने मामा के घर देवलान गांव में होली मनाने आया था और बुधवार सुबह वह गांव के लड़के विवेक (17) और विमल (18) के साथ यमुना नदी में नहाने गया था। उन्होंने बताया कि नहाते समय स्वतंत्र उर्फ ईशू गहरे गड्ढे में जाकर डूबने लगा, तभी उसे बचाने के लिए विवेक और विमल भी कूद गए। मिश्रा ने बताया कि मछुवारों ने जाल डाल कर तीन लड़कों को पानी से बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने स्वतंत्र और विवेक को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि विमल की हालत नाजुक है और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसएचओ ने बताया कि स्वतंत्र और विवेक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

आर्टिकल जांचे बिना उसे हटाया जाना मौत की सजा के बराबर : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया हाउस में पब्लिश आर्टिकल को लेकर अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा- कोई आर्टिकल कितना नुकसानदायक है, यह जाने बिना उस पर रोक लगाना मौत की सजा देने के बराबर है। कोर्ट ने कहा- ये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है। ऐसा करने से गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए आर्टिकल पर लगी रोक हटा दी। यह मामला ब्लूमबर्ग में जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ छपे एक आर्टिकल को लेकर है। लोअर कोर्ट और हाइकोर्ट ने आर्टिकल को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- किसी भी मीडिया आर्टिकल के पब्लिकेशंस पर रोक लगाने के आदेशों में अदालतों को सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर जब यह साबित होना बाकी है कि ऐसे आर्टिकल का कंटेंट दुर्भावनापूर्ण या गलत तो नहीं है।

21 फरवरी को ब्लूमबर्ग ने जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ एक

ये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए खतरा

आर्टिकल पब्लिश किया। ब्लूमबर्ग ने अपने आर्टिकल में कहा कि सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने जी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के अकाउंटिंग में 241 मिलियन डॉलर को लेकर कुछ गड़बड़ पाया। हालांकि सेबी की तरफ से इस संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया गया था। आर्टिकल सामने आने के बाद जी कंपनी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। जी ने कहा, ब्लूमबर्ग ने सेबी के ऑर्डर के बिना

निचली अदालत के फैसले को पलटा

गलत और फर्जी रिपोर्ट छाप दी।

जी ने आर्टिकल को लेकर ब्लूमबर्ग और उसके पत्रकारों, एंटो एंटनी, सैकत दास और प्रीति सिंह के खिलाफ दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया। 28 फरवरी को एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज हरजोत सिंह भल्ला ने जी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के पक्ष में फैसला सुनाया। ब्लूमबर्ग से कहा गया कि वह एक हफ्ते के भीतर डिफेमेटरी आर्टिकल को हटाए।

ब्लूमबर्ग ने आर्टिकल हटाने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की। 14 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा और ब्लूमबर्ग को आर्टिकल हटाने का निर्देश दिया। दिल्ली हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलने के बाद ब्लूमबर्ग ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल पर लगी रोक हटा दी। साथ ही कहा- ट्रायल कोर्ट से फैसला सुनाने में गलती हुई, जिसे हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कहा- सुनवाई शुरू होने से पहले किसी भी आर्टिकल पर रोक लगा देना बहस का गला घोटने जैसा है। दूसरे शब्दों में कहें तो अदालतों को असाधारण मामलों को छोड़कर एक पक्ष को सुने ही रोक का आदेश नहीं देना चाहिए।

सांगली में फैक्ट्री से 245 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

मुंबई। मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के सांगली जिले में मेफेड्रोन बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और यहां से 245 करोड़ रुपये मूल्य का एक क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया है। एक अधिकारी ने बुधवार यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में मेफेड्रोन बनाने वाले प्रवीण शिंदे सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा पिछले महीने मुंबई में जब्त किए गए सात करोड़ रुपए से अधिक के मादक पदार्थ की जांच का परिणाम है। अधिकारी ने बताया मुंबई अपराध शाखा ने सोमवार को सांगली जिले के इराली गांव में एक खेत पर छापा मारा और 122.5 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया।

हाइकोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल को नहीं मिली राहत

ईडी को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिन्हें दिल्ली आबकारी शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अंतरिम राहत के लिए दिल्ली के सीएम की याचिका पर भी नोटिस जारी किया लेकिन कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

अदालत ने ईडी की हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली केजरीवाल की अंतरिम याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को दो अप्रैल तक का समय दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अप्रैल की तारीख तय की है। यह मामला दिल्ली के लेफ्टिनेंट जनरल वीके सक्सेना द्वारा दायर 2022 की शिकायत में निहित है, जिसमें 2021-22 के लिए दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के निर्धारण में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आम आदमी पार्टी के नेताओं, जिनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य अज्ञात और अनाम निजी व्यक्ति/संस्थाएं शामिल हैं, ने उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण के चरण में एक आपराधिक साजिश रची थी।

यह आरोप लगाया गया था कि साजिश में नीति में जानबूझकर छोड़ी गई या बनाई गई खामियां शामिल थीं। ये खामियां कथित तौर पर निविदा प्रक्रिया के बाद कुछ शराब लाइसेंसधारियों और साजिशकर्ताओं को फायदा पहुंचाने के लिए थीं। इस मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी भारत में पहली घटना है, जहां एक मौजूदा मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाला गया। इसी मामले में डिप्टी सीएम सिसौदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पहले से जेल में हैं। 15 मार्च को ईडी ने मामले में भारत राष्ट्र समिति के विधायक और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को भी गिरफ्तार किया था।

आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को किया गिरफ्तार : अभिषेक

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील में कहा था कि आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। यदि आप समान खेल के मैदान को बाधित करने के लिए कुछ करते हैं, तो आप लोकतंत्र के दिल पर चोट करते हैं। सवाल गिरफ्तारी के समय का है। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा कर दें क्योंकि मेरी गिरफ्तारी की बुनियाद ही गलत है, यही मेरी अंतरिम प्रार्थना है।

ममता बनर्जी और कंगना पर टिप्पणी करने वाले नेताओं को नोटिस

एजेंसी। कोलकाता

चुनाव आयोग ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता कंगना रनोट पर टिप्पणी के लिए दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस भेजा है। आयोग ने बुधवार को कहा कि दोनों नेताओं की टिप्पणियां अशोभनीय और गंदी थीं। चुनाव पैनल ने कहा कि दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन थीं। दोनों को 29 मार्च की शाम तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

दरअसल, भाजपा सांसद दिलीप घोष ने ममता बनर्जी के फैमिली बैकग्राउंड पर टिप्पणी की थी। टीएमसी ने 26 मार्च को उनका एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया था। इसमें घोष ने कहा था- ममता जब गोवा जाती हैं तो खुद को गोवा की बेटी कहती हैं। त्रिपुरा में खुद को वहां की बेटी बताती हैं। वे तय करें कि उनके पिता कौन है। किसी की भी बेटी बन जाना अच्छा नहीं है।

ममता पर टिप्पणी को लेकर टीएमसी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। इसके बाद भाजपा ने भी दिलीप घोष को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोष को लेटर लिखकर कहा- आपकी टिप्पणी अशोभनीय, असंसदीय और हमारी पार्टी की परंपरा के खिलाफ है। हम ऐसी टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हैं।

पार्टी की फटकार के बाद घोष ने अपने बयान को लेकर माफी मांग ली। उन्होंने कहा- बंगाल की मुख्यमंत्री से मेरा कोई निजी विवाद नहीं है। मेरी भाषा और शब्दों के प्रयोग पर कई लोगों को आपत्ति है। मेरी पार्टी के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी इसे असंसदीय बताया। अगर ऐसा है तो मुझे इसका दुख है।

दूसरी तरफ, कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने 25 मार्च को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कंगना की एक तस्वीर पोस्ट की थी। इसके कैप्शन में लिखा था- क्या भाव चल रहा है मंडी में कोई बताएगा। इससे एक दिन पहले 24 मार्च को भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इसमें एक्ट्रेस कंगना रनोट को हिमाचल की मंडी से प्रत्याशी बनाया गया था। सुप्रिया के पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कंगना ने एक्स पर लिखा- हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करना चाहिए। हमें महिला के शरीर के अंगों के बारे में जिज्ञासा रखने से ऊपर उठना चाहिए। साथ ही हमें यौनकर्मियों के चुनौतीपूर्ण जीवन या परिस्थितियों को लेकर इस प्रकार के अपशब्दों के इस्तेमाल से बचना चाहिए। हर महिला अपनी गरिमा की हकदार है।

कंगना पर पोस्ट को लेकर आलोचना के बाद सुप्रिया ने भी सफाई दी। उन्होंने 25 मार्च को एक्स पर कहा कि ये पोस्ट उन्होंने नहीं किया था। सुप्रिया ने लिखा, कई लोगों के पास मेरे फेसबुक और इंस्टा अकाउंट का एक्सेस है। इसमें से किसी व्यक्ति ने आज एक बेहद घृणित और आपत्तिजनक पोस्ट किया था। मुझे जैसे ही इसकी जानकारी हुई, मैंने वह पोस्ट हटा दिया। सुप्रिया ने कहा- जो भी मुझे जानते हैं, वह यह अच्छी तरह से जानते हैं कि मैं किसी भी महिला के लिए व्यक्तिगत भौंडी बात नहीं करती हूं। मेरी जानकारी में आया है कि यह पोस्ट पहले एक पैरोडी अकाउंट पर चल रहा था। यहां से किसी ने यह पोस्ट उठाकर मेरे अकाउंट पर पोस्ट कर दिया। मैं ऐसा करने वाले की पहचान में लगी हूं।

जम्मू कश्मीर के पुंछ में विस्फोट दो संदिग्ध हिरासत में

एजेंसी। पुंछ

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक अस्पताल के पास हुए विस्फोट के सिलसिले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलवार देर रात पुंछ शहर में जिला अस्पताल के समीप एक धार्मिक स्थल से सटी गली में हाथ से बनी देसी विस्फोटक सामग्री से विस्फोट किया गया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें पुंछ अस्पताल के

पास एक इलाके से कम तीव्रता के विस्फोट जैसी आवाज की सूचना मिली है। विस्फोट की सही-सही प्रकृति का पता लगाने के लिए मामले की आवश्यक जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

नोएडा का सीए 168 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी में गिरफ्तार

एजेंसी। बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने 168 करोड़ रुपये की फर्जी ई-बैंक गारंटी के जरिए 11 निजी कंपनियों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नोएडा निवासी आशीष रॉय उर्फ आशीष सक्सेना (45) को कुवैत से लौटने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों

ने हिरासत में ले लिया। आशीष के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस ने फरवरी में लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया जब इन कंपनियों द्वारा जमा की गई ई-बैंक गारंटी फर्जी पाए जाने के बाद नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के एक अधिकारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने पेशेवर संबंधों का इस्तेमाल कर ई-बैंक गारंटी प्रमाणपत्र मुहैया करने के बहाने इन निजी कंपनियों के चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा वित्तीय सलाहकारों से संपर्क किया और कमीशन के रूप में पांच करोड़ रुपए प्राप्त किए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह अपने सहयोगी की मदद से कथित तौर पर कुवैत से काम कर रहा था।

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

एजेंसी। बीजापुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को एक मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिकुरभट्टी और पुसबका गांव के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह नक्सलियों को मार गिराया। इनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत रवाना किया गया था। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) के जवान शामिल थे।

उन्होंने बताया कि दल जब चिकुरभट्टी और पुसबका गांव के जंगल में थे तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने छापे मारे

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमरूद बागानों के मुआवजे से संबंधित कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बुधवार को पंजाब में कई स्थानों पर तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी ने पंजाब सतर्कता ब्यूरो की उस प्राथमिकी पर संज्ञान लेने के बाद मामला दर्ज किया था जिसमें ग्रेटर मोहाली क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित भूमि पर अमरूद बागानों के मुआवजे के रूप में जारी किए गए

लगभग 137 करोड़ रुपए के गबन का आरोप लगाया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने इस मामले में बागवानी विभाग के कुछ अधिकारियों सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था।

उत्तराखंड में अत्यंत जोखिम वाली पांच हिमनद झीलों का आकलन करेंगे विशेषज्ञ दल

इस साल मई-जून में इन झीलों पर काम शुरू किया जाना प्रस्तावित

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में पांच हिमनद झीलों के जोखिम आकलन और सर्वेक्षण के लिए विशेषज्ञों के दो दल गठित किए हैं। उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने कहा कि इन दलों द्वारा इस साल मई-जून में इन झीलों पर काम शुरू किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि हिमालई राज्यों में स्थित

188 हिमनद झीलों में से 13 उत्तराखंड में हैं और बाढ़ के खतरे के अनुसार इन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है। उत्तराखंड में फरवरी 2021 में चमोली जिले में हिमनद से बनी झील के फट जाने से ऋषिगंगा नदी पर बनी एक लघु जलविद्युत परियोजना बह गई थी और बाढ़ आ गई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई।

हिमनद झील के फटने से बाढ़ (जीएलओएफ) एक घटनाक्रम है, जिसमें हिमनद से बनी झील का पानी तेजी से और अचानक बहने से बाढ़ आ जाती है। सिन्हा ने मंगलवार को हिमनद झीलों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग के साथ एक ऑनलाइन बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की 13 हिमनद झीलों को ए, बी और सी श्रेणी में बांटा गया है, जिसमें ये सबसे अधिक संवेदनशील हैं। इनमें पांच झील ए श्रेणी में, चार बी श्रेणी में और चार सी श्रेणी में आती हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे हिमालई राज्यों के मुख्य सचिवों और अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। सिन्हा ने कहा कि पांच अत्यंत संवेदनशील झीलों में से चार पिथौरागढ़ जिले में और एक चमोली में है।

सिन्हा ने बताया कि पहले चरण में पांच अत्यंत संवेदनशील हिमनद झीलों से खतरे के आकलन के लिए दो अलग-अलग दल बनाए गए हैं। जोखिम आकलन का काम इस साल मई-जून में शुरू हो सकता है। पहले दल में राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, लखनऊअ भारतीय सुदूर संवेदी सेंसिंग संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, और उत्तराखंड भूस्खलन शमन और प्रबंधन केंद्र के विशेषज्ञ शामिल हैं जो दो हिमनदी झीलों की संवेदनशीलता का आकलन करेंगे। सिन्हा के मुताबिक सीडेक, पुणे की अगुवाई वाले दूसरे दल में देहरादून स्थित भारतीय सुदूर संवेदी संस्थान, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थानअ उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणअ और उत्तराखंड भूस्खलन शमन और प्रबंधन केंद्र के विशेषज्ञ ए श्रेणी में आने वाली अन्य तीन हिमनद झीलों का अध्ययन और सर्वेक्षण करेंगे।

विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला से किया मतदान को जागरूक

फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम यादव के निर्देशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं 90 विधान सभा के एईआरओ स्वीप रविंद्र कुमार मनचंदा के मारदर्शन में मानव श्रंखला बना कर जन साधारण को आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि मानव श्रृंखला में 120 जेआरसी, एनएसएस और अध्यापकों ने सराय ख्वाजा फरीदाबाद के मुख्य बाजार में मानव श्रृंखला बना कर स्लोगन लिखी पट्टिका द्वारा प्रत्येक आने जाने वाले जनों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी ने स्लोगन लिखी पट्टिका से सराय ख्वाजा फरीदाबाद के मुख्य बाजार में आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति से 25 मई को लोकसभा के चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान के लिए प्रेरित किया। इस बार नए मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं कि वे बूथ पर आकर मतदान करें।

टोल रेट में होगी बढ़ोतरी, एक अप्रैल से पलवल व गुरुग्राम जाना होगा महंगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वाहन चालकों को नए वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त जेब ढीली करनी होगी। एनएच-148 पर स्थित किरंज टोल और एनएच-19 पर स्थित गदपुरी टोल की दरों में 5 से 10 रुपये इजाफा किया जाएगा। यह सभी दरें एक अप्रैल से लागू होगी। टोल के रेट बढ़ने की बाद रोडवेज बसों के साथ साथ सिटी बसों के किराए में भी इजाफा होने की उम्मीद है। नई दरें 31 मार्च की आधी रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी।

फरीदाबाद के रास्ते पलवल, मथुरा जाने वालों का सफर अब महंगा हो गया है। हल्के वाहन (कार, जीप) से जाने वालों को अब एक तरफ का 120 रुपये खर्च करना पड़ेगा। दोनों तरफ का 180 रुपये चुकाने पड़ेंगे। मासिक पास के लिए 4010 रुपये देने पड़ेंगे। वहीं, हल्के मालवाहक या मिनी बस वालों को एक तरफ का 190 और दोनों तरफ का 280 रुपये देने पड़ेंगे। मासिक पास के लिए 6275 रुपये देने पड़ेंगे। बस और ट्रक के लिए एक तरफ का किराया 375 से 385 कर दिया गया है।

मथुरा-आगरा जाना होगा महंगा

पलवल स्थित गदपुरी टोल प्लाजा के एक अप्रैल से

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा रेट में बढ़ोतरी की गई है। इस टोल से हर रोज करीब 40 हजार से ज्यादा छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। एक अप्रैल से रेट बढ़ने की वजह से 40 हजार वाहनों के चालकों की जेब पर असर पड़ेगा। इसके अलावा बल्लभगढ़ बाईपास पर सेक्टर 62-65 डिवाइडिंग रोड के साथ जंक्शन से एनएच 148 दिल्ली वडोदरा एक्सप्रेसवे के साथ केएमपी एक्सप्रेस वे के पास जंक्शन तक नियंत्रित राजमार्ग पर बने किरंज टोल के रेट में कार और बस के रेट में कोई फेरबदल नहीं किया गया। इस टोल से गुजरने वाले तीन एक्सल वाले वाहनों को अब 255 की बजाए 265 रुपये देने होंगे।

गदपुरी टोल के रेट बढ़ने के चलते जहां वाहन चालकों की जेब पर असर पड़ेगा। वहीं 20 किलो मीटर के दायरे में रहने वाले गांव के लोगों के मासिक पास में कोई फेरबदल नहीं किया गया। अब भी टोल के आस पास 20 किलो मीटर दायरे के अंदर बने लोगों को मासिक पास के लिए 200 रुपये देने होंगे। वहीं, किरंज टोल के आस पास 20 किलोमीटर के दायरे में बने लोगों के पास में फेरबदल नहीं किया गया। अब भी लोगों 340 रुपये का मासिक पास बनाया जाएगा।

बसों के किराए में होगी बढ़ोतरी

एक अप्रैल से गदपुरी टोल के रेट बढ़ने के बाद इस टोल से गुजरने वाली रोडवेज बसों के साथ-साथ सिटी बस के किराए में भी बढ़ोतरी की जाएगी। अब यात्रियों को एक से दो रुपये महंगे टिकट लेकर सफर करना पड़ेगा। रोडवेज के चीफ इंस्पेक्टर नानक चंद का कहना है कि अगर अधिकारियों की ओर से किराए को बढ़ाने की मांग आती है तो वह किराए को बढ़ा देंगे।

गदपुरी प्लाजा पर टोल दरें (रुपये में)

वाहन के प्रकार एकल यात्रा	पहले	अब
कार, जीप या हल्के वाहन	115	120
हल्का मालवाहक या मिनी बस	180	190
बस, ट्रक दो एक्सल	375	385
एचसीएम, मल्टी एक्सएल वाहन	575	595
सात या अधिक पहिये वाले	730	755

किरंज लाजा पर टोल दरें (रुपये में)

वाहन के प्रकार एकल यात्रा	पहले	अब
कार, जीप या हल्के वाहन	50	50
हल्का मालवाहक या मिनी बस	80	80
बस, ट्रक दो एक्सल	165	165
तीन एक्सल वाहन	180	185
मल्टी एक्सएल वाहन	255	265
सात या अधिक पहिये वाले	310	320

(यह सभी दरें एक अप्रैल से लागू होंगी)

एक अप्रैल से टोल के नए रेट लागू हो जाएंगे। गदपुरी टोल से करीब 40 हजार वाहन गुजरते है। वहीं मासिक पास के रेट में कोई फेरबदल नहीं किया गया।
- वैभव शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई

फरीदाबाद-पलवल की 40 लाख आबादी सात दशक बाद भी आईसीयू सुविधा से महरूम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद-पलवल के लगभग 40 लाख निवासी सात दशक बीत जाने के बाद भी बादशाह खान अस्पताल में आईसीयू सुविधा से वंचित हैं। जिसकी वजह से गंभीर रूप में बीमार होने, दुर्घटना आदि की अवस्था में आईसीयू सुविधा के लिए इधर से उधर धक्के खाने को मजबूर हैं। अमीर लोग तो गंभीर रूप से बीमार होने पर निजी अस्पतालों में अपना इलाज पैसे देकर करवा लेते हैं, परंतु गरीब, किसान, मजदूर आदि को इलाज के लिए दिल्ली-रोहतक आदि अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने पर वे बीच में ही दम तोड़ देते हैं। लोगों की मांग है कि बीके अस्पताल फरीदाबाद में बगैर देरी से आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे दोनों जिलों के मरीजों को गंभीर हालात में बीमार होने पर भी समय पर इलाज मिल सके।

जिला फरीदाबाद-पलवल के लोगों को सभी प्रकार के फ्री व बेहतर इलाज की सुविधा देने के लिए सात दशक पहले फरीदाबाद में करोड़ों की लागत से बादशाह खान जिला अस्पताल का निर्माण किया गया था। उस समय फरीदाबाद-पलवल जिले गुडगांव जिले के ही हिस्से होते थे। बादशाह खान के निर्माण के समय पूरे गुडगांव जिले के लोग फरीदाबाद के बीके अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचते थे। समय के साथ-साथ गुडगांव से फरीदाबाद, पलवल अलग जिले बन गए। जिनकी आबादी अब लगभग 40 लाख है। इतनी आबादी के बाबजूद जिला फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू नहीं हुई है। बीके अस्पताल में यूपी बॉर्डर से लगते पलवल जिले के होडल, हसनपुर, हथीन क्षेत्र के लोग गंभीर रूप से बीमार होने पर पहले इलाज के लिए पलवल रेफर किए जाते हैं। वहां से फिर उनको फरीदाबाद के लिए रेफर कर दिया जाता है। वहां पर भी आईसीयू की सुविधा नहीं होने पर दिल्ली और रोहतक के अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता हैं। इस प्रक्रिया में घंटों का समय लगता है। इसकी वजह से कई बार गंभीर रूप से बीमार मरीज बीच में ही दम तोड़ देते है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार क्षेत्र के सांसद ,मंत्रियों व विधायकों को इस अस्पताल में आईसीयू की सुविधा दिलवाने की मांग की है, परंतु आज तक क्षेत्र के लोग बीके अस्पताल में आईसीयू सुविधा से महरूम है। इसकी सबसे अधिक मार गरीब, मजदूर, किसान व छोटे व्यापारियों पर पडती है। वे पैसे के अभाव में अपना इलाज निजी अस्पतालों में नहीं करवा पाते हैं। जिससे वे कई बार गंभीर रूप से घायल, बीमार होने पर इलाज के अभाव में बीच में ही दम तोड़ देते हैं।

फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू सुविधा तुरंत ही शुरू की जाए। जिससे फरीदाबाद-पलवल के गरीब, मजदूर, किसानों को समय पर इलाज मिल सके।
-दलबीर सिंह

बीके में सात दशक बीत जाने के बाद भी आईसीयू की सुविधा नहीं होना बड़ा ही चिंताजनक है। यहां के लोगों को गंभीर रूप से बीमार होने पर दिल्ली, रोहतक के अस्पतालों में धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है।
-चेतन शर्मा

फरीदाबाद-पलवल जिलों की लगभग 40 लाख आबादी के लिए बीके अस्पताल में सात दशक बाद भी आईसीयू की सुविधा नहीं है। अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए, जिससे लोगों को समय पर इलाज मिल सके।
- शिव कुमार त्यागी

सेंट कोलंबस नेशनल स्कूल में नए सत्र का आगाज पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेंट कोलंबस नेशनल स्कूल चार्मवुड सूरजकुंड फरीदाबाद में कक्षा नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी में नए सत्र का आगाज ओरिएंटेशन कार्यक्रम से किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संसाधन व्यक्ति वरुण शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्कूल की शाखा प्रमुख रूचि वालिया ने अतिथि को पौधा प्रदान किया एवं अपने स्वागत भाषण में उनका व अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया।

इस अवसर पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों द्वारा विद्यालय की उन्नति एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिससे अभिभावकों को विद्यालय की भावी योजनाओं एवं लक्ष्यों की जानकारी मिल सके। इस अवसर पर अभिभावक अति उत्साहित थे। वे अपने नन्हे बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए अत्याधिक सचेत दिखे। इस इंटरएक्टिव सत्र में उन्होंने अपनी छोटी-बड़ी सभी शंकाओं का प्रश्नोत्तर काल के दौरान समाधान पाया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता-पिता को स्कूल के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं के बारे में जागरूक करना, स्कूल के नियमों-विनियमों का पालन करने में माता-पिता की भागीदारी के प्रति सचेत करना और छात्रों के प्रदर्शन व प्रगति में विद्यालय की सतत निगरानी सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम के द्वारा माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का विद्यालय के साथ स्वस्थ तालमेल स्थापित किया गया। अंत में शाखा प्रमुख रूचि वालिया ने मुख्य अतिथि एवं संसाधन व्यक्ति वरुण शर्मा एवं अभिभावकों को उनके बहुमूल्य समय के लिए धन्यवाद प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की स्वरलहरियों के साथ किया गया।

एकॉर्ड अस्पताल में कांगो के मरीज के पैर का ऑपरेशन

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में कांगो के एक मरीज के पैर का सफल ऑपरेशन किया गया है। चार साल पहले एक्सीडेंट में पैर फेक्चर होने से मरीज चलना फिरना बिल्कुल बंद हो गया था। एक पैर छह-सात इंच छोटा-बड़ा हो गया। छह घंटे चले ऑपरेशन के अगले दिन से मरीज अपने पैरों पर चलने लगा। इस सफल ऑपरेशन को अस्पताल ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के निदेशक डॉ. राकेश कुमार और डॉ. निखिल सचदेवा ने अंजाम दिया।

डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अफ्रीका के कांगो देश के रहने वाले 50 वर्षीय डेनिस का चार वर्ष पहले एक्सीटेंड हो गया था। सुडान में ही उसका इलाज चला। चार से पांच ऑपरेशन हुए। पैर में रॉड डाली गई है। लेकिन, बोन जुड़ी नहीं और इंफेक्शन बढ़ता गया। जिससे उसका चलना फिरना बंद हो गया था और बेड पर चला गया था। एकॉर्ड अस्पताल पहुंचने पर मरीज की प्राथमिक जांच की गई। जांच में उसका एक पैर छह से सात इंच छोटा-बड़ा हो गया। ऑपरेशन के दौरान मरीज के कूल्हे और पैर की हड्डी लेकर बोन डिफेक्ट में ग्राफ भरा है। उसके बाद बाहर से ही एलआरएस लगाया है। इसके साथ ही टांग की हड्डी को काट कर एलआरएस के माध्यम से उसमें डिस्ट्रेक्शन शुरू कर दिया है। यह एक ऐसा प्रोसेस है जब तक मरीज की हड्डी लंबी हो जाएगी, दोनों साइड के पैर बराबर हो जाएंगे।

अमृता ने टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अमृता अस्पताल फरीदाबाद को टीबी उन्मूलन पहल व एंड टीबी एलायंस के लांच के साथ टीबी को खत्म करने के अपने प्रयासों में राष्ट्रीय कार्यक्रम का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा करने पर गर्व है। यह घोषणा 2025 तक टीबी उन्मूलन के लिए सतत विकास लक्ष्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, फरीदाबाद में टीबी उन्मूलन पहल के उद्घाटन के साथ, अमृता अस्पताल का लक्ष्य हरियाणा और आस-पास के राज्यों में एनटीईपी के समर्थन में अपने प्रयासों को बढ़ावा देना है। अस्पताल का इरादा अपने सफल सेंटर, एंटी-टीबी स्टीवर्डशिप कार्यक्रम और टीबी जागरूकता अभियानों के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय मामले की खोज को दोहराने का है। पल्मोनरी मेडिसिन, संक्रामक रोग, माइक्रोबायोलॉजी, सामुदायिक चिकित्सा और नर्सिंग सहित विभिन्न विषयों के विभाग इन पहलों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एंड टीबी एलायंस पहल प्रारंभिक मामले का पता लगाने और निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच टीबी देखभाल के समान रूप को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

सभा में पदाधिकारयों को सौंपी जिम्मेदारी

फरीदाबाद। उद्यान विभाग के कर्मचारियों की आम सभा नगर निगम सभागार के प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता उद्यान विभाग के प्रधान शाहबीर खान ने की। सभा में चुनाव के विषय पर चर्चा की गई। शाहबीर खान ने कार्यकारिणी को भंग करके प्रधान व महासचिव के चुनाव करवाने की घोषणा की एवं शाहबीर खान ने चुनाव कराने की जिम्मेदारी फैडरेशन के प्रधान रमेश कुमार जागलान को सौंपी। इस मौके पर पूर्व कोषाध्यक्ष फेडरेशन के रण सिंह भडाना भी उपस्थित थे।

फेडरेशन के प्रधान रमेश कुमार जागलान ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कर्मचारी साथियों से अपील की चुनाव को सर्वसम्मति से कराया जाए, जिससे संगठन मजबूत हो। सभी साथियों द्वारा सुरजीत नागर को सर्वसम्मति से प्रधान बनाने का निर्णय लिया गया साथ में उद्यान विभाग के महासचिव तेजपाल चैधरी, कार्यालय सचिव संजीव गौतम को बनाया गया। इस अवसर पर सुरजीत नागर को प्रधान बनाने पर धन्यवाद किया।

बिजली कर्मियों की समस्या को लेकर मीटिंग का आयोजन

फरीदाबाद। बिजली निगम फरीदाबाद की एनआईटी नंबर दो के सब डिवीजन नंबर-2 के बिजली शिकायत सेंटर डबुआ कॉलोनी पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन द्वारा कर्मचारियों की एक गेट मीटिंग की गई।

एचएसईबी वर्कर यूनियन की ओर से गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट के प्रधान नरेश कुमार व मीटिंग का संचालन राजेश कुमार फोरमैन ने किया। मीटिंग में सर्कल सचिव विनोद शर्मा ने बताया कि होली के महापर्व के बाद बेमौसमी तूफान, आंधी, अंधड़ और बारिश के साथ गर्मी के प्रकोप का मौसम भी अब आगे आगे आने लगा है। जिसके चलते बिजली की लाइनें बारिश और आँधी तूफान के चलते फाल्ट के पड़ने से दिक्कतें आनी शुरू हो जाएंगी, इसी के चलते अब बिजली कर्मचारियों को भी इन सभी समस्याओं से दो दो हाथ करने में कड़ी मशक्कत का आमना सामना भी करना पड़ेगा । इसके लिये अपने इन बिजली कर्मचारियों को सुरक्षा के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए बिजली निगम के हर एक दफ्तर पर जा जाकर एचएसईबी वर्कर यूनियन के नेता जागरूक करें।

अनुमति के बिना विज्ञापनों का प्रसारण नहीं कर सकते केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालक

फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना विज्ञापनों का प्रसारण केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालक नहीं कर सकते। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रिटिंग प्रैस और सिनेमाघर/माल संचालकों को भी प्रकाशन सामग्री का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में देना होगा। नहीं तो निर्वाचन आयोग के नियमों की उल्लंघना पाए जाने पर तुरंत प्रभाव से की कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर और सिनेमा हॉल/ माल संचालकों को एमसीएमसी कमेटी के प्रमाण पत्र के बगैर किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकते। बिना अनुमति के चुनावी विज्ञापन का प्रसारण करने पर भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कारवाई हो सकती है।

पुलिस ने पकड़ी अवैध बीयर, गाड़ी से 19 पेटियां बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अलर्ट पर है। फरीदाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिकअप गाड़ी में अवैध शराब लेकर जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 19 पेटियां बीयर बरामद हुई है। पुलिस दोनों से छानबीन कर रही है। फरीदाबाद नंबर-2 पुलिस चौकी के इंचार्ज अंशुल कुमार ने बताया कि उन्हें एक पिकअप गाड़ी में शराब लेकर जाने की सूचना मिली थी। नाके पर जब पिकअप गाड़ी को देखा गया तो रुकवा कर उसे चेक किया गया। जांच में उसमें 19 पेटी बीयर की मिली। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू है। इसमें इतनी संख्या में कोई भी कहीं पर शराब या बीयर लेकर नहीं जा सकते। 19 पेटियों के साथ पकड़े गए जोगिंदर संजय कॉलोनी फरीदाबाद और प्रमोद नजफगढ़ दिल्ली का रहने वाला है। यह सभी पेटियां हरियाणा की हैं। अभी युवकों से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही इन लोगो के साथ इस अवैध कार्य कितने लोग शामिल हैं, उसकी भी जांच की जाएगी।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103

बड़ा गहरा सा मन में प्रश्न ये उठता है कुछ दिन से
मसीहा कौन हैं सच्चे करें उम्मीद हम जिनसे
गिरावट का चलन लेकर कहां आया ज़माना अब
जिन्हें दुत्कारना था आज प्रेरित हो रहा उनसे

आम आदमी पार्टी के धर्मवीर भड़ाना भाजपा में हुए शामिल

मोदी की नेशन फर्स्ट सोच से विभिन्न दलों के नेताओं का बढ़ रहा है भाजपा और मोदी में विश्वास : कृष्णपाल गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मोदी में जनता का विश्वास तो बढ़ा ही है, बल्कि विभिन्न दलों के नेताओं का भी भरोसा लगातार बढ़ रहा है और यह इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि मोदी जी की सोच है नेशन फर्स्ट। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने धर्मबीर भडाना और उनके साथियों का भाजपा परिवार में जुड़ने पर यह कहा। फरीदाबाद के डिलाइट होटल में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने मोदी के विकसित भारत और ग़रीब कल्याण की नीतियों में आस्था जताते हुए आम आदमी पार्टी के अपने साथी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना और आम आदमी पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में उनका स्वागत किया और भाजपा की सदस्यता दी। फरीदाबाद के मौजूदा सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, यशवीर डागर, सतीश फागना की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। उनके साथ आम आदमी पार्टी के ज़िला प्रवक्ता सुनील ग्रोवर, ज़िला सचिव मेहरचंद, लोकसभा के सह सचिव तेजवंत सिंह बिट्टू, जिला किसान सेल के अध्यक्ष हंसराज दायमा, जिला उपाध्यक्ष

सुभाष बघेल, युवा मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष चंचल तंवर, जसप्रीत सचदेवा, पंकज भड़ाना, अजय खटाना, दीपांशु शर्मा, मास्टर नरेश शर्मा, तेजेंद्र हर्षाना आदि अन्य कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा।

जिलाा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भाजपा संगठन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में अपनी आस्था जताते हुए आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ली। वोहरा ने कहा कि लगातार कार्यकर्ताओं के जुड़ने से भाजपा का परिवार बढ़ रहा है और धर्मवीर भड़ाना और सभी कार्यकर्ताओं के पार्टी में जुड़ने से निश्चित तौर पर पार्टी को और अधिक मज़बूती मिलेगी। उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना आम आदमी पार्टी की अपनी जिले की टीम के साथ भाजपा और मोदी में अपनी आस्था जताते हुए भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं, उनका दिल से स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करता हूं। इस अवसर परर अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

आरोपी व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 सीआरपीसी)

आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ जे.के. गर्ग अदालत में हाजिर हो।
आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ जे.के. गर्ग पुत्र प्रेमनाथ निवासी मकान नम्बर 537, सेक्टर 14, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) माननीय श्रीमती ज्योति ग्रोवर की अदालत फरीदाबाद में हाजिर हो। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ जे.के. गर्ग पुत्र प्रेमनाथ निवासी मकान नम्बर 537, सेक्टर 14, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) के खिलाफ फरीदाबाद के थाना सेक्टर 31 में भारतीय दंड संहिता की धारा 420/120बी के तहत मुकदमा नम्बर 148 वर्ष 2023 में दर्ज है, जो जेएमआईसी फरीदाबाद श्रीमान ज्योति ग्रोवर के विचाराधीन है। आरोपी का उपरोक्त केस माननीय अदालत में विचाराधीन है। आरोपी के खिलाफ अदालत द्वारा गिरफ्तारी वांरट जारी किए जा चूके है। परंतु आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा है। माननीय अदालत फरीदाबाद द्वारा धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही के अनुसार आरोपी को दिनांक 11 मार्च 2024 को माननीय अदालत में हाजिर होने के आदेश दिए गए है। उपरोक्त आरोपी की अदालत में हाजिर होने की अपेक्षा की जाती है।
थाना सेक्टर 31, फरीदाबाद मोबाइल नम्बर : 9582200122

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा नाजमा शैर मोहम्मद पुत्र सुलेमान निवासी गांव कारोली, थाना गौरई, जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश हाल निवासी मकान नम्बर 1290, ब्लॉक 33, आशियाना फ्लैट, सेक्टर 56, फरीदाबाद दिनांक 05.03.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, हृष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट बा उम्र 40 साल है, जिसने लाल रंग का सूट व लाल रंग की सलवार और पैरों में चप्पल पहनी हुई है, अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा महिला के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।
प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 58, फरीदाबाद : 9582200129
इन्चार्ज पुलिस चौकी सेक्टर 55, फरीदाबाद : 9582200165
अनुसन्धान अधिकारी : 9582200010

मोबाइल एप के जरिये वोटर व प्रत्याशी घर बैठे ले सकते हैं चुनाव की जानकारी

ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बनाया केंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मोबाइल ऐप के जरिये मतदाता व उम्मीदवार घर बैठे चुनाव संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर चुनाव संबंधित अपडेट रहें और समस्याओं का समाधान करवाएं। वहीं ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए केंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन बनाया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा 18वें लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू की गई हैं, जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इस ऐप का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियों का अपडेट एवं समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 साल का कोई युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोट्स.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

सी-विजिल पर दें ऑनलाइन शिकायत: जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं भी अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी भारत निर्वाचन आयोग ने केंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से ऐप्प बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप्प का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप्प पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार केंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है।

वोटर हेल्पलाइन एप से डाउनलोड करें मतदाता स्लीप :

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ ऐप्प के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है।

दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए बनाया पीडब्ल्यूडी एप :

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप आरंभ किया है। इस एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी ऐप की जानकारी प्रदान की गई है।

मकान की दूसरी मंजिल पर लगी भीषण आग

लाखों का सामान कपड़ा-कॉस्मेटिक सामान जला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जवाहर नगर कैंप स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल पर लगे पानी के डिस्पेंसर में शॉर्ट सर्किट होने से मकान में आग लग गई। आग से मकान में रखा करीब 30 लाख रुपये के सामान सहित मकान पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। आग की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था।

जवाहर नगर कैंप निवासी वीरभान चावला ने बताया कि मंगलवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे उनके मकान की दूसरी मंजिल पर रखे पानी के डिस्पेंसर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से डिस्पेंसर फट गया। इससे मकान में आग फैल गई। देखते ही देखते मकान की खिड़कियों व दरवाजों से आग की लपटें निकलने लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि मकान के पास जाना भी मुश्किल हो रहा था। फायर बिग्रेड व पुलिस को मौके पर बुला लिया।

वीरभान ने बताया कि उनके बेटे तनु की कपड़ों की दुकान है और कॉस्मेटिक के सामान का ऑनलाइन का काम करता है। मकान की दूसरी मंजिल पर आग लगने के समय करीब 30 लाख रुपये कीमत का कॉस्मेटिक का सामान व कपड़े रखे हुए थे। मकान में पैकिंग का कार्य कर रहे कर्मियों ने नीचे उतर कर अपनी जान बचाई।

भाजपा जिला कार्यालय का घेराव कर आप कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पलवल में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर आप जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर रावत व पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा ईडी जैसी स्वतंत्र एजेंसियों का दुरूपयोग कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का भाजपा को लोकसभा चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा और लोकसभा चुनाव में भाजपा बुरी तरह हार होगी।

भाजपा जिला कार्यालय का घेराव कर आप के जिलाध्यक्ष चंदरशेखर रावत ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव से डरी हुई है। बिना किसी कसूर के अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला है। यह देश के इतिहास में पहली बार है कि किसी सिटिंग मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल इंसान नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। देश में करोड़ों अरविंद केजरीवाल हैं। भाजपा किस किसको जेल में डालेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश को हम यह बताना चाहते हैं कि ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरूपयोग जिस तरह भाजपा ने किया है वो आज से पहले देश में कभी नहीं हुआ। दस सालों के अंदर देश की जड़ों को बर्बाद करने का काम भाजपा ने किया है। युवाओं से रोजगार छीनने का काम और महंगाई बढ़ाने का काम व जीडीपी गिराने का काम भाजपा ने किया है। हमारा देश 80 प्रतिशत कर्जे में है, अगर 20 प्रतिशत और ले लिया तो बहुत जल्दी देश गुलाम हो जायेगा। आर्मी में अग्निवीर भर्ती युवाओं के साथ धोखा है। अपने चंद मित्रों की खातिर देश को बर्बाद करने की भाजपा सरकार रच रही है। उन्होंने कहा कि जब इलेक्टोरल बांड के लिए जब चंदा नहीं मिलता तो वहां ईडी को भेज दिया जाता है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर अपना सर्व सत्यानाश कर लिया है।

वहीं आप के जिला कोषाध्यक्ष मूलचंद बडगुर्जर ने कहा कि हम भाजपा को संदेश देना चाहते हैं कि हम भाजपा की तानाशाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इनके चंदे के खेल को सुप्रीम कोर्ट ने उजागर कर दिया, उसी को दबाने के लिए आनन फानन में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। जिसका जवाब देश की जनता लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से जबाब देगी, क्योंकि देश में जिन विपक्षी नेताओं पर आरोप लगे हैं, उनपर कार्रवाई का डर बनाकर भाजपा में शामिल कराया जाता है, जिससे भाजपा की कार्यशैली बेनकाब हो रही है। इस मौके पर आप नेता धर्मेंद्र, सैलेंदर गौतम ने भी आप कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

लिंग्याज विद्यापीठ ने बेस्ट ऑफ जील का खिताब जीता

लिंग्याज में शानदार प्रदर्शन के साथ जील 2024 का समापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लिंग्याज ललिता देवी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड साइंसेज के द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव ज़ील 2024 का समापन रोमांचक प्रतियोगिता और जीवंत मनोरंजन के साथ हुआ।

दूसरे दिन वेस्टर्न डांस, सोलो डांस, ग्रुप सिंगिंग और रंगमंचीय नाटक कम्पटीशन के द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रमों में छात्र- छात्राओं का जोश देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एलएलडीआईएमएस ने ग्रुप सिंगिंग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीता, जिससे कॉलेज की गायन प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से आये प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इसमें लगभग 40 से भी ऊपर कॉलेजों ने भाग लिया। समारोह में डॉ. पिचेश्वर गड्डे सीईओ और अध्यक्ष, लिंग्याज़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सुनीता गड्डे सचिव लिंग्याज़ ग्रुप, अमिता कुमार सलाहकार एलएलडीआईएमएस, डॉ. प्रणव मिश्रा निदेशक, एलएलडीआईएमएस उपस्थित रहे।

डॉ. पिचेश्वर गड्डे सीईओ ने अपने भाषण में लिंग्याज विद्यापीठ को प्रतिष्ठित बेस्ट ऑफ जील 2024 खिताब के विजेता के रूप में घोषित किया। उत्सव का समापन राष्ट्रगान की दिलकश प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। ज़ील 2024 ने छात्र-छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने, नई दोस्ती बनाने और जीवन भर याद रहने वाली स्मृतियां बनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। उत्सव की सफलता आयोजन समिति के समर्पण, छात्र-छात्राओं, उत्साही भागीदारी और कॉलेज प्रशासन के अटूट समर्थन का प्रमाण है।

मकान से 15 लाख के जेवर-कैश चोरी

घर को ताला लगा होली पर गांव गया था परिवार

पायनियर समाचार सेवा। पलववल

जवाहर नगर कैंप स्थित एक मकान का रात के समय चोरों ने ताला तोड़ कर 50 हजार रुपये नकद सहित करीब 15 लाख के सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिया। मकान मालिक परिवार के साथ अपने गांव गया था।

कैंप थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, जवाहर नगर कैंप निवासी राजवीर ने दी शिकायत में कहा है कि वह खेतों के काम से अकसर अपने गांव आता जाता रहता है। वह अपने खेतों के काम से परिवार को साथ लेकर गांव गया हुआ था और होली पर्व के चलते रात में गांव में ही रुक गया। अगले दिन सुबह जब उसका बेटा तरुण अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर पहुंचा। उसने बाहर के गेट पर लगा ताला खोला तो देखा कि अंदर कमरों के ताले टूटे हुए हैं व अलमारियों के अंदर रखा सारा सामान बिखरा हुआ मिला। उसके बेटे ने तुरंत इसकी सूचना उन्हें दी और वे घर पहुंच गए। उन्होंने घर जाकर देखा तो अलमारियों में रखे 15-16 तोले सोने के आभूषण व डेढ़ किलोग्राम चांदी के आभूषणों सहित 50 हजार रुपए नकद गायब मिले।

पड़ोसियों ने घर में हुई चोरी की सूचना पुलिस को दे दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। उसने अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति पर चोरी करने का शक जाहिर किया है। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

डीएवी स्कूल में हवन यज्ञ से शुरू हुआ सत्र

पलवल। डीएवी पब्लिक स्कूल पलवल में बासंती नवसष्येष्ट यज्ञ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य तरुण प्रकाश ने बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल पलवल की विशाल यज्ञ शाला में यज्ञ किया गया। इस अवसर पर यजमान पूनम भसीन एवं निशि चौहान रही तथा यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य देशराज शुक्ला एवं आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री थे। आचार्य देशराज शुक्ला ने होली पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक मनुष्य को ईर्ष्या द्वेष नफरत कुटिलता को छोड़कर के ईश्वर भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। जीवन में सदा सत्य का पालन करना, धर्म का पालन करना चाहिए।

आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले पांच गिरफ्तार

आरोपियों से 41,500 रुपये नकद, तीन लैपटॉप, दो एलईडी टीवी, 24 मोबाइल और एक वाईफाई बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने आईपीएल मैच में सट्टा लगाने व लगवाने वाले पांच आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मुकदमे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पुनीत निवासी सेक्टर-17, चरनजीत निवासी सेक्टर-85, हितेश निवासी एनआईटी-1 नंबर, दिलीप निवासी एनआईटी-5, नंबर और रोविन निवासी एनआईटी-1 के रहने वाले हैं। अपराध शाखा टीम ने आरोपियों को गश्त के दौरान सेक्टर-85 पुनीत के किराए के मकान से काबू किया है। आरोपियों से मौके पर 41500 रुपये नकद, तीन लैपटॉप, दो एलईडी टीवी, 24 मोबाइल और एक वाईफाई बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना बीपीटीपी में जुआ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि सभी दोस्त हैं, जो पहले एनआईटी में ही रहते थे। आरोपी पैसे के लालच में आकर सट्टा लगाने का काम कर रहे थे। आरोपी पहले छोटे छोटे सट्टे लगाते थे। पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

स्नेहमयी रंगोत्सव ने शरणार्थियों के दर्द पर मरहम का काम किया : गंगा शंकर मिश्र

पीएम, सीएम विस्थापितों की पीड़ा को कम करने का हरसंभव प्रयास करते हैं : राजीव जेटली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पाकिस्तान से विस्थापितों का स्वागत एवं होली मिलन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद, सेवा भारती फरीदाबाद और श्री माधव स्मृति सेवा केंद्र फरीदाबाद द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर ने कहा कि स्नेहमयी रंगोत्सव होली शरणार्थियों के दर्द पर मरहम जैसा भाव जागृत करेगा ऐसा मेरा विश्वास है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन विस्थापित भाइयों के साथ सदैव खड़ा रहा है। भविष्य में भी उनकी नागरिकता संबंधी और अन्य कार्यों के लिए सदैव खड़ा रहेगा। उन्होंने सभी विस्थापितों भाइयों से अपील की कि सभी अपने कागजात जल्द से जल्द जमा करें। ताकि उनकी नागरिकता के लिए आवेदन किया जा सके। संघ के सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने शरणार्थियों संग होली खेलकर उनका सम्मान भी किया।

सेक्टर 21 सी स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पाकिस्तान से आये हिंदू शरणार्थियों के लिए होली मिलन समारोह में उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव जेटली, मीडिया सलाहकार, मुख्यमंत्री हरियाणा ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन समुदाय के लोगों को नागरिकता दिलवाने के लिए लाया गया है। उन्होंने विस्थापितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम में से बहुत से लोगों ने इस पीड़ा को सहा है। वर्तमान सरकार, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आपकी सहायता के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए फरीदाबाद पश्चिम के संघचालक संजय अरोड़ा ने भी विस्थापितों का स्वागत और धन्यवाद किया।

कार्यक्रम आयोजक सामाजिक सद्भाव संयोजक अरुण वालिया, जोकि पिछले आठ वर्षों से विस्थापितों के जीवन के हर क्षेत्र उनके सुख-दुख, रोजगार स्वास्थ्य और कन्याओं की शादियों और नागरिकता संबंधी सभी कार्यों में उनकी सहायता में जुटे हुए है। उन्होंने इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह और उनके परिवार की समाज, धर्म और देश के लिए की गई कुर्बानियों को याद किया और पाकिस्तान से आए इन हिंदू और सिख विस्थापितों को गुरु गोविंद सिंह का सच्चा अनुयायी बताया, जो अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना घर बार, कारोबार सबकुछ छोड़कर यहां पर बहुत ही दयनीय स्थिति में रह रहे हैं, परंतु किसी भी हाल में अपना धर्म नहीं छोड़ा।

उन्होंने समाज से अपील की कि हम सब मिलकर विस्थापितों को अपने गले लगाए और उनकी हर संभव सहायता करें। इस अवसर पर सेवा भारती से धर्मपाल, हरिओम, मनोज जेटली, रितु सिंह, रजनी रावत एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से गोविंद, सुनील, राम, छत्रपाल, महेंद्र एवं समाजसेवी प्रीति और जोगिंदर सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर भारत माता की जय उद्घोष के बीच फूलों द्वारा होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी का धन्यवाद किया।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा ने मानी हार, कांग्रेसी नेताओं पर खेल रही दांव : मान

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य से लेकर देश के कई अलग अलग राज्यों में भारतीय जनता पार्टी एक ओर नारा दे रही थी कांग्रेस मुक्त भारत होने का। लेकिन धरातल पर इसका असर कुछ और ही परिपेक्ष्य में दिखाई पड़ रहा है। हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जो प्रत्याशियों की सूची जारी की है, उसको देखकर तो यही लगता है। लगभग 60 फीसदी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस छोड़कर गए नेताओं को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बना दिया है। इसको लेकर अब कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान ने भाजपा की कथनी व करनी पर जमकर निशाना साधा है। मनधीर सिंह मान ने अपने बयान में कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व नैतिकता के तहत लोकसभा चुनाव में अपनी हार मान चुका है, क्योंकि भाजपा एक ओर देश में कांग्रेस मुक्त भारत की बात करती थी, लेकिन मौजूदा समय में भाजपा कांग्रेस युक्त पार्टी होती जा रही है। कांग्रेस छोड़कर गए दह ऐसे नेताओं को लोकसभा का हरियाणा में टिकट दे दिया गया है।मनधीर सिंह मान ने कहा कांग्रेस पार्टी में सदैव अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान व उनकी इज्जत को सर्वोपरि रखा जाता है। हमारी पार्टी में निचले स्तर से मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी के सर्वोच्च पदों पर आसीन किया जाता है, लेकिन भाजपा में इस समय भगदड़ की स्थिति बनी हुई है। तलाशने से भी प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नहीं मिल रहे हैं, इसलिए हरियाणा राज्य में 60 फीसदी प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी छोड़कर जाने वाले नेताओं को दिए गए हैं। ये बातें भाजपा के वर्षों से मेहनत कर रहे कार्यकर्ताओं को देखनी व समझनी चाहिए, कैसे उनकी मेहनत को बाहरी आकर बर्बाद कर देते हैं। इस चुनाव में जनता से यही कहना है कि वह अपने बीच के लोगों में से अपना रहनुमा चुनें, दलबदलुओं को इस बार मजा सिखाना चाहिए।

हादसे में घायल महिला की मौत

पलवल। नेशनल हाइवे पर सवारी के सवारी के इंतजार में खड़े मां-बेटे को एक केंटर टक्कर मार दी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर इलाज के दौरान मां की मौत हो गई, जबकि बेटे का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक महिला के पति की शिकायत पर केंटर के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मुंडकटी थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार, जिला मथुरा यूपी के तूमौला गांव निवासी कुमरचंद ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी पत्नी गीता व बेटे मनीष के साथ नेशनल हाईवे पर पलवल जाने के लिए तूमसरा गांव के चौक पर सवारी के इंतजार में खड़ा हुआ था। उसी दौरान एक आइसर केंटर चालक लापरवाही से केंटर को चलाता हुआ आया और उसकी पत्नी गीता व बेटा मनीष को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद केंटर को लेकर चालक पलवल की तरफ लेकर फरार हो गया। उसने राहगीरों की मदद से अपनी पत्नी व बेटे को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचा दिया। वहां से डॉक्टरों ने दोनों की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद घायलों को आगरा अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां से उसकी पत्नी की हालत नाजुक देखते हुए आगरा से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उसने अपनी पत्नी को जयपुर के एक अस्पताल में दाखिल करा दिया, जहां इलाज के दौरान गीता देवी की मौत हो गई, जबकि बेटे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने जयपुर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों के हवाले कर दिया। मुंडकटी थाना पुलिस ने कुमरचंद की शिकायत पर केंटर के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

चेकिंग अभियान में 1119 चालान काट कर जुर्माना लगाया

फरीदाबाद। पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य द्वारा होली पर्व को लेकर फरीदाबाद के सभी डीसीपी को शहर में सुरक्षा को चौक चौबंद रखने के लिए निर्देश दिए। जिसके तहत डीसीपी ट्रैफिक ऊषा के मार्गदर्शन में वाहन चेकिंग का विशेष अभियान चलाया था। प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस की विशेष टीमें तैनात करके होली के त्योहार के अवसर पर यातायात उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के लिए चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस फरीदाबाद में चौक चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात थी। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस का मुख्य फोकस ड्रंकन ड्राइविंग, स्टंट बाइकिंग, ओवर स्पीडिंग, जिग.जैग ड्राइविंग और खतरनाक ड्राइविंग, विदाउट हेलमेट, रेडलाइट जंपिंग, नाबालिगों द्वारा की जाने वाली ड्राइविंग और फोन पर बात करते हुए गाड़ी चला रहे वाहन चालकों के चालान काट कर जुर्माना लगाया गया है। जिसके तहत ट्रैफिक पुलिस द्वारा 1119 चालाने काटे गए थे। जिसमें ओवर स्पीड के 292, खतरनाक ड्राइविंग के 25 व विदाउट हेलमेट के 449, ब्लैक फिल्म के तीन वाहन चालाकों के चालाने शामिल है। इन चालानों में पोस्टल चालान भी शामिल है।

सेक्टर-18ए आरडब्ल्यूए ने पौधारोपण कर होली पर्व मनाया

फरीदाबाद। होली के पर्व पर सेक्टर-18ए की आरडब्ल्यूए ने सांई मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से नई पहल की। आरडब्ल्यूए ने इस बार होली पर पौधारोपण शुरू किया। आरडब्ल्यूए के महासचिव एवं सांई मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि उसका मुख्य कारण है कि होली दहन वाले दिन कई टन लकड़ियां शहर में जलाई जाती हैं। यह हमारी हिंदू परंपरा है और परंपरा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन उसके बदले में हर व्यक्ति जिस मोहल्ले, सेक्टर, सोसाइटी में होली दहन होता है, वहां ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करे, ताकि जो लकड़ी जलाई गई उसकी क्षतिपूर्ति नए पेड़ों द्वारा हो सके। अन्यथा हर वर्ष हम यूं ही होली दहन पर लकड़ियां जलाते रहेंगे तो पर्यावरण कैसे सुरक्षित रहेगा। इस मौके पर प्रधान कुलदीप सिंघल, आशीष गुप्ता, लखदीप वेद, सचिन वर्मा, नरेंद्र वधवा, ओम प्रकाश वधवा, सचिन गुप्ता, ललित सिंघल, दिनेश सदाना, महेश आर्य एवं चंद्रभान उपस्थित थे।

हैंडप्रिंट पेंटिंग के लिए शिव नादर स्कूल ने बनाया रिकॉर्ड

फरीदाबाद। पर्यावरण के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू की गई अनोखी पहल के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए, शिव नादर स्कूल के 2232 छात्रों एवं शिक्षकों ने एक घंटे में सबसे अधिक संख्या में हैंडप्रिंट पेंटिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब जीता। यह विश्व रिकॉर्ड इस बात को दर्शाता है कि, यह स्कूल पर्यावरण की हिफाजत करने के साथ-साथ बच्चों को शुरुआत से ही प्रकृति को बचाने और उसकी सुरक्षा करने के बारे में संवेदनशील बनाने के अपने संकल्प पर कायम है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने शपथ ली, जो शिव नादर स्कूल की जिम्मेदारी के बुनियादी सिद्धांत और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास के लक्ष्य-6 सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता की उपलब्धता और उसका टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करने के अनुरूप है। इस विशाल हाथ के निशान वाली पेंटिंग बनाकर, छात्रों ने व्यक्तिगत कार्यों की सामूहिक शक्ति को दर्शाया है। यह इस संदेश को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने का एक प्रयास है कि जल एक महत्वपूर्ण संसाधन है और इसका संरक्षण आवश्यक है। स्कूल द्वारा शुरू की गई इस पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम में कर्नल रिटायर्ड गोपाल करुणाकरण सीईओ शिव नादर स्कूल, मिस आरती डावर डिप्टी सीईओ शिव नादर स्कूल, मिस अंजू वाल डायरेक्टर प्रिंसिपल शिव नादर स्कूल फरीदाबाद आदि ने सहयोग दिया।

महिलाओं के लिए स्पेशल पिंक बूथ, कमजोर तबके के लिए बनेंगे कुछ विशेष बूथ

दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता दे सकते हैं बैलेट पेपर से वोट

लोकसभा चुनाव 2024

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान गुरुग्राम जिला में महिला वोटरों के लिए स्पेशल पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इसके अलावा दिव्यांगजनों और बुजुर्ग मतदाताओं को बैलेट पेपर से वोट देने की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। इस चुनाव में मतदाताओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। नारी शक्ति का सम्मान करते हुए जिला में पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इन बूथ पर महिला कर्मचारियों व महिला सुरक्षाकर्मियों को ही तैनात किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक ये बूथ इसलिए बनाए जाएंगे कि महिलाएं भी वोट डालने के लिए घर से बाहर आएं। अपने अनुकूल वातावरण में मतदाधिकार का प्रयोग करें। जिला में पिंक बूथ बनाने के लिए अभी स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 85 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्गों तथा चलने-फिरने अक्षम दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए बैलेट पेपर से वोट डलवाए जाएंगे। जो बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता बूथ पर जाकर वोट नहीं डालना चाहते, उनको चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद घर-घर जाकर फार्म 12 डी दिया जाएगा। यह नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी होगा और इसी दिन से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

जिला में हैं 21 हजार 728 बुजुर्ग

डीसी ने बताया कि फार्म-12डी में मतदाता यह लिखकर बताएगा कि वह बूथ पर जाकर वोट देना चाहेगा या बैलेट पेपर से। नामांकन प्रक्रिया छह मई को पूरी होगी। उसके बाद ये फार्म बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर से एकत्रित किए जाएंगे।

जो मतदाता चाहेंगे कि वे घर से ही वोट देंगे, उनको बैलेट पेपर वितरित किए जाएंगे और चुनाव कर्मचारी उसी दिन उनके बैलेट पेपर पर निशान लगवा कर लेकर उन्हें सीलबंद कर देंगे। इस प्रक्रिया में मतदाता के गोपनीयता के अधिकार को बरकरार रखा जाएगा। निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला में कुल 21 हजार 728 मतदाता 85 साल से अधिक आयु के हैं। इनमें पटौदी विधानसभा क्षेत्र में 4583, बादशाहपुर में 6927, गुरुग्राम में 6194 और सोहना हलके में 4024 वोटर हैं। दिव्यांग मतदाताओं की गणना की जा रही है। जो बुजुर्ग और दिव्यांग बूथ पर वोट डालने आएंगे, उनको वालंटियर सहयोग करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भी जिला में कुछ विशेष पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। ये बूथ अनुसूचित वर्ग की आबादी के अनुसार निर्मित होंगे। इन पर एससी वर्ग के ही कर्मचारी व अधिकारियों की पोलिंग पार्टी के रूप में नियुक्ति की जाएगी। जिला में 62 सहायक बूथ सहित कुल 1332 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ पर चार कर्मचारी लगाए जाएंगे और बीस प्रतिशत पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रहेंगी। स्टाफ की कमी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर महिला कर्मचारी भी नियुक्त की जाएंगी।

अलवर में प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के नामांकन में शामिल हुए विधायक सुधीर सिंगला

भूपेंद्र यादव की भारी मतों से जीत का किया दावा

पायनियर समाचार समाचर सेवा। गुरुग्राम

अलवर में लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का सम्मान करते गणमान्य लोग व उपस्थित आमजन।

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला राजस्थान की अलवर लोकसभा पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के नामांकन प्रक्रिया में शामिल हुए। नामांकन से पूर्व सभा में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के भारी मतों से जीत का दावा किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भव्य सभा को संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में विधायक के साथ पार्षद मनीष वजीराबाद, विष्णु मंगला, मदन गोपाल सिंगला, विश्वंभर शर्मा, ओमदत्त कटारिया, कृष्ण नंबरदार,महेश टिन्नी, राजबीर, सकूंतपाल नागर, सुरेश, ललित, पंकज दहिया, आरपी सिंह मेहर राणा, सुनील मेंबर, राजपाल (कालू), राजबीर मानेसर, व अन्य कार्यकर्ता साथ रहे। नामांकन सभा में पहुंची भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि लोगों का हुजूम भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव की जीत को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर राज्य में पार्टी की मजबूती की वहां के विकास के काम गवाही देते हैं।

जिस तरह से समग्र विकास करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों को अग्रणी राज्य बनाने के लिए काम किया, वह काबिले तारीफ है। पीएम मोदी ने देश को विकास के जिस रास्ते पर आगे बढ़ाया है, वह पहले कभी नहीं हुआ। देश को आंतरिक रूप से भी मजबूत किया है और बाहरी रूप से भी मजबूत किया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार लाने के लिए अब हम सबको एकजुट होकर काम करना है। किसी के बहकावे में नहीं आना। विपक्ष बरगलाने का काम करेगा, लेकिन हमें सकारात्मक सोच रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में आस्था रखते हुए भाजपा के पक्ष में ही मतदान करना है। विधायक ने कहा कि देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तीसरी बार नरेंद्र भाई मोदी का प्रधानमंत्री बनना जरूरी है, नहीं तो सपना अधूरा रह जाएगा।

मोदी सरकार की आलोचना से पहले हिंदुस्तान के बदले हालात पर जरूर करें गौर : वैशाली तोमर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी वैशाली तोमर ने कहा कि देश की जनता चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों, नीतियों और विचारधारा से प्रभावित है या नहीं, उन सभी से यह सोचने का आग्रह किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में हमें देश की कमान किस हाथों में सौंपनी है।

इस पर गहराई के साथ चिंतन व मनन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यों की सराहना करने वालों की एक लंबी फेहरिस्त हमारे देश में है, वहीं कुछ लोग सरकार के कार्यों से ज्यादा संतुष्ट नहीं है। लोकतंत्र में हर किसी को अपने हिसाब से सोचने और निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है। इसके अनुसार प्रत्येक नागरिक क्या निर्णय लेना चाहता है यह उसके विवेक पर निर्भर है, लेकिन एक तरफ देश के बीते 70 वर्षों के इतिहास पर मंथन किया जाए और मोदी शासन में हिंदुस्तान की स्थिति पर गौर किया जाना नितांत आवश्यक है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी वैशाली तोमर ने कहा कि देश के किसी एक राज्य में अगर भाजपा एक चुनाव हारे तो कुछ लोगों द्वारा यह मान लिया जाता है कि मोदी लहर खत्म और चुनाव जीते तो ईवीएम हैक करने की तोहमत लगा दी।

राम मनोहारी हैं, अलौकिक हैं, अनुकरणीय और वंदनीय हैं: बोधराज सीकरी

हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम युवा पीढ़ी को बना रही संस्कारवान

हनुमान चालीस मुहिम ने पांच लाख 93 हजार का आंकड़ा पार किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बोधराज सीकरी द्वारा चलाई जा रही हनुमान चालीसा पाठ मुहिम के तहत प्रधान राम लाल ग्रोवर द्वारा हनुमान मंदिर मदनपुरी गली नंबर-3 गुरुग्राम में पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें 350 लोगों ने 21-21 बार पाठ किया। इस आयोजन में महाबीर दल ने अपना विशेष सहयोग दिया व साईं सेवा समिति ने भंडारे का कार्यभार बखूबी निभाया।

इस आयोजन में गजेंद्र गोसाई ने विधिवत पूजन के बाद पंडित भीम दत्त से शंखनाद करवाया गया। हनुमान चालीसा पाठ को संगीतमय तरीके से 21-21 बार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में अशोक वाटिका का दृश्य हनुमान जी के निमित्त प्रस्तुत किया, जिसमें बगिया का वर्णन पुष्पों के माध्यम से किया गया। कैसे एक कथा में भगवान राम मां सीता के साथ हनुमान जी के साथ उपस्थित होते हैं। भक्ति की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने ऐसे ही रामायण में वर्णित सरभंग ऋषि का एक योग के माध्यम से किये गए चमत्कार का जिक्र भी किया। कैसे सरभंग ऋषि को राम ने दर्शन दिया। उस वृंतात का बखूबी वर्णन कर लोगों का मन हर लिया।

बोधराज सीकरी ने बताया कि वर्तमान पाठ में लगभग 350 भक्तों ने भाग लिया। सभी ने 21-21 बार पाठ किया। ज्योत्सना बजाज के ऑनलाइन हनुमान चालीसा के पाठ के आयोजन में 21 लोगों ने 11-11 बार पाठ किया। विजय टन्डन और रणधीर टन्डन की फैक्ट्री के 66 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। 248 स्थानों पर 42,922 पाठ हो चुका है।

योगेश शर्मा बनाए गए हरियाणा स्टेट सोशल सुरक्षा बोर्ड के सदस्य

बोर्ड के चेयरमैन होंगे हरियाणा सरकार के श्रम मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेशभर के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए बनाएं गए हरियाणा स्टेट सोशल सिक्योरिटी बोर्ड की घोषणा की गई, जिसके चेयरमैन हरियाणा सरकार के श्रम मंत्री होंगें। बोर्ड के सदस्य के रूप मे गुरुग्राम के योगेश शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार ने प्रदान करके असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के कल्याण के लिए बड़ा कदम उठाया है। योगेश शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भारतीय मजदूर संघ के उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार, सह संगठन मंत्री सोहनलाल गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार एवं प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला, प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा का आभार जताया है।

श्रम विभाग की ओर से एसीएस/प्रिन्सिपल सेक्रेटरी और श्रम आयुक्त हरियाणा को रखा गया है। बोर्ड में सभी सरकारी विभागों के विभाग प्रमुखों को शामिल किया गया है। योगेश शर्मा इससे पहले भी असंगठित क्षेत्र के लिए बनाई गई हरियाणा सरकार की निगरानी कमेटी के सदस्य भी रहे है। योगेश शर्मा को बोर्ड का सदस्य बनाएं जाने से प्रदेशभर के ऑटो ड्राइवरों और भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओ मे भारी खुशी है।

इस अवसर पर योगेश शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए बोर्ड के गठन करके बडा सराहनीय कदम उठाया है। योगेश शर्मा ने कहा कि मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने पर हरियाणा सरकार, भारतीय मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते किया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के सदस्य की जिम्मेदारी का निर्वहन अंतिम पंक्ति मे बैठे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक के कल्याण और उसको समाज की मुख्य धारा से जोड़कर सभी सरकार की सुविधाओं का लाभ दिलवाने का का काम प्राथमिकता से करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया।

सेल्सफोर्स और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की साझेदारी वाहन लोन प्राप्त करने वाले ग्राहकों की डिजिटल ऑनबोर्डिंग संभव बनाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सीआरएम समाधानों में ग्लोबल लीडर, सेल्सफोर्स ने आज भारत के अग्रणी एसएफबी, एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक (एयू एसएफबी) के साथ गठबंधन की घोषणा की। इस गठबंधन का उद्देश्य बैंक के वाहन लोन के ग्राहकों के लिए एडवांस्ड डिजिटल कस्टमर ऑनबोर्डिंग सॉल्यूशन का क्रियान्वयन करना है। इस साझेदारी से टेक्नोलॉजी अपनाने की एयू एसएफबी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, ताकि ग्राहक के साथ जुड़ाव बढ़ाकर ऑपरेशनल एफिशियंसी में सुधार लाया जा सके। सेल्सफोर्स की मदद से एयू एसएफबी रिलेशनशिप ऑफिसर्स एवं बिजनेस मैनेजर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्णत: डिजिटाईज्ड समाधानों का निर्माण करेगा। इस सहयोग के साथ बैंक अपने ग्राहकों द्वारा क्रेडिट एवं ऑपरेशंस का पूरा सफर एक ही प्लेटफॉर्म पर ले आएगा। इससे वो टर्नअराउंड टाईम (टीएटी) में तेजी ला सकेंगे, और विभिन्न डिजिटल चैनलों पर ग्राहक प्राप्त कर सकेंगे। बैंक द्वारा सेल्सफोर्स की मदद से अपने मौजूदा एपीआई स्टैक का उपयोग किया जाएगा, और मैन्युअल डेटा एंट्री कम करके डेटा वैलिडेशन की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया जाएगा। सेल्सफोर्स की टीम के सहयोग से एयू एसएफबी का उद्देश्य एडवांस्ड रिपोर्टिंग क्षमताओं के इंटीग्रेशन द्वारा ऑपरेशनल एफिशियंसी बढ़ाना है। इसमें क्रेडिट निर्णयों को अंडरराईट करने, डेटा और दस्तावेजों की पुष्टि करने, और यूजर्स को हाथों-हाथ डैशबोर्ड प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना शामिल है, ताकि पेपरलैस वर्कफ्लो में सुगम परिवर्तन संभव हो सके। इस सहयोग द्वारा नए फीचर्स एवं पॉलिसीज पेश की जाएंगी और चुनौतियों पर विजय प्राप्त की जाएगी।

इस साझेदारी के बारे में भास्कर करकेरा, हेड ऑफ रिटेल एस्सेट्स, एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक ने कहा, ''हमें अपने सबसे पुराने और सबसे मजबूत उत्पादों में से एक, वाहन लोन के ग्राहकों के लिए प्रक्रिया को डिजिटाईज करने के लिए सेल्सफोर्स के साथ साझेदारी करने की खुशी है। एयू एसएफबी में हम अपने प्रयासों को ग्राहकों पर केंद्रित रखते हैं, और सेल्सफोर्स के साथ हमारा यह सहयोग इस प्रतिबद्धता को मजबूत बनाएगा। इस सहयोग से न केवल हमारी उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि ग्राहकों का अनुभव एक नए आयाम में पहुँच जाएगा। यह इनोवेशन टेक्नोलॉजी को अपनाने से बढ़कर है, इससे हमें तेजी से विकसित होते हुए वित्तीय परिदृश्य में सबसे आगे निकलने में मदद मिलेगी, जो टेक्नोलॉजी के विस्तृत उपयोग द्वारा संभव होगा। यह एंड-टू-एंड डिजिटल ऑन-बोर्डिंग ऐप वैल्यू चेन में सभी हितधारकों को लाभ पहुँचाएगा, जिनमें ऑटो डीलर, हमारे सेल्स ऑफिसर, बैंक-ऑफिस टीम, और ग्राहक शामिल हैं।'' सेल्सफोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर-सेल्स, अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा, ''आज टेक्नोलॉजी बैंकिंग में इनोवेशन के लिए आकर्षक अवसर प्रदान करती है। सेल्सफोर्स में हम जानते हैं।

पिज्जा हट का बेस्टसेलर ''मैल्ट्स'' भारत में लॉन्च हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद पिज्जा ब्रांड ने अपने बेस्टसैलर 'मैल्ट्स' को अब भारत में लॉन्च किया है, इसके साथ ही भारतीय बाजार में इस ब्रांड ने एक नई श्रेणी में कदम रख दिया है। तेज रफ्तार जिंदगी जीने वालों के लिए मैल्ट्स उचित पेशकश है, इसे किसी भी समय कहीं भी खाया जा सकता है।

क्रिस्पी, चीजी और लोडेड यह नया 'मैल्ट्स थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट से बना है जो स्वादिष्ट फिलिंग और सॉस से भरपूर है, इसमें पिघला हुआ 100 प्रतिशत मॉजरेला चीज शामिल है। इसे उम्दा ढंग से बेक किया गया है। मैल्ट्स दुनिया भर में सनसनी फैला चुका है और अब इसे भारतीय स्वाद के मुताबिक तैयार किया गया है, इसमें 6 स्वादिष्ट प्रकार प्रस्तुत किए गए हैं। लोडेड वैजी बीबीक्यू, लोडेड चिकन बीबीक्यू, चीजी चीज, चीजी चीज चिकन, मैजिकल मखनी पनीर, और चिकन टिक्का और कीमा सुप्रीम। पिज्जा हट इंडियन सबकॉन्टिनेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर मेरिल पेरेरा ने कहा, ''मैल्ट्स एक ऐसा प्रोडक्ट है। जैसा अब तक भारत में पेश नहीं किया गया है और इसके साथ हमने एकदम नई श्रेणी में कदम रखा है। ऐसा जायकेदार प्रोडक्ट पेश करते हुए हम बेहद रोमांचित हैं, जो खाने में इतना सुविधाजनक है, कि हमारे जो ग्राहक तेज रफ्तार जिन्दगी जीते हैं। वे इसे किसी भी वक्त, कहीं भी खा सकते हैं। स्वादों की विविधता और आकर्षक कीमत के साथ यह मैल्ट्स बेशक पिज्जा हट प्रेमियों को चकित और खुश करेगा। हमें उनकी प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार है।'' चाहे आप घर पर मूवी का मजा ले रहे हों, आप दिन भर काम में बहुत व्यस्त रहे हों या आप बस बढ़िया स्वाद का लुत्फ लेना चाहते हों तो क्रिस्पी, चीजी व लोडेड मैल्ट्स निश्चित तौर पर आप ही के लिए है। मैल्ट्स केवल रु. 169 की किफायती कीमत से शुरु होता है और यह पूरे भारत में 850 से ज्यादा पिज्जा हट रेस्टोरेंट्स में डाइन-इन, डिलिवरी व टेकअवे के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, पिज्जा हट शानदार मैल्ट्स कॉम्बो व डील्स भी पेश करता है जैसे मैल्ट्स मील फॉर 1 और 3 कोर्स मील फॉर 2 ऑप्शंस। मैल्ट्स के साथ ही पिज्जा हट ने अपना सिग्नेचर व बहु-प्रतीक्षित थिन एन' क्रिस्पी क्रस्ट भी प्रस्तुत किया है, जिसमें कई तरह की अनूठी टॉपिंग के कॉम्बिनेशन हैं, जो ग्राहकों को और भी ज्यादा पिज्जा क्रस्ट के विकल्प देते हैं।

सफाई व्यवस्था व नियमित कचरा उठान को प्रभावी रूप से किया जाए सुनिश्चित: डॉ. नरहरि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था तथा नियमित कचरा उठान को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। इसके तहत सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन का दौरा करें तथा सफाई एजेंसियों व सफाई कर्मचारियों के माध्यम से सफाई व्यवस्था को बेहतर करवाएं। वे बुधवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने जोन में बागवानी कचरे का उठान भी नियमित रूप से करवाएं, ताकि कचरे में आग लगाने संबंधी घटनाएं ना हो सकें। इससे निकलने वाला धुआं पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं।

हिंदवेयर लिमिटेड ने गाजियाबाद में लॉन्च किया हिंदवेयर गैलेरिया शोरूम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भारत के अग्रणी बाथवेयर ब्रांड, हिंदवेयर लिमिटेड ने गाजियाबाद के प्रसिद्ध रमते राम रोड में स्थित हिंदवेयर गैलेरिया शोरूम का उद्घाटन किया। हिंदवेयर गैलेरिया में, ग्राहकों को एक ही जगह पर कई प्रकार के ब्रांड मिलेंगे, जिसमें प्रीमियम ब्रांड हिंदवेयर इटालियन कलेक्शन और प्रतिष्ठित ब्रांड हिंदवेयर शामिल हैं। रणनीतिक रूप से स्थित यह शोरूम बाथरूम के लिए व्यापक समाधान चाहने वाले ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। हिंदवेयर के नवीनतम सैनिटरीवेयर, नल, और वेलनेस प्रोडक्ट की विशेषता के साथ, यह ब्रांड की शिल्प कौशल और नवीनता की विरासत को दर्शाता है।

हिंदवेयर गैलेरिया का उद्घाटन हिंदवेयर लिमिटेड में बाथ कारोबार के सीईओ श्री सुधांशु पोखरियाल द्वारा किया गया, और इसमें आर्किटेक्ट और कारोबार साझेदार भी उपस्थित थे। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हिंदवेयर लिमिटेड के बाथ एंड टाइल्स कारोबार के सीईओ श्री सुधांशु पोखरियाल ने कहा, ''हिंदवेयर में, हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता ग्राहकों को नए अत्याधुनिक डिजाइन और प्रोडक्ट उपलब्ध करना है, जिससे उन्हें अपने सपनों का बाथरूम बनाने में मदद मिलेगी। सैनिटरीवेयर और फॉसेट के क्षेत्र में अनुभवी फ्रेंचाइजी भागीदारों के साथ हमारी साझेदारी के साथ इस बाजार में हिंदवेयर का पर्याप्त निवेश असाधारण सेवा प्रदान करने और दिल्ली एनसीआर में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हिंदवेयर के मजबूत रिटेल और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में 35,000 से अधिक एक्टिव रिटेल टचप्वाइंट तक फैला एक विशाल नेटवर्क शामिल है, जिसमें 700 जिलों में 500 डीलर और पूरे भारत में 575 से अधिक रणनीतिक रूप से स्थित ब्रांड स्टोर हैं।

मिट्टी के अवैध उठान की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करे खनन विभाग: हितेश मीणा

टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेते एडीसी हितेश कुमार मीणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एडीसी की अध्यक्षता में खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक

जिला में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर एडीसी हितेश कुमार मीणा ने खनन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जिला के सभी ब्लॉक में मिट्टी के अवैध उठान की रोकथाम के लिए राज्य सरकार की मंशानुरूप सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करे।

एडीसी ने कहा कि खनन, पुलिस, वन व आरटीए विभाग संयुक्त अभियान चलाकर खनन माफिया के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें। जिले में अवैध खनन वाले क्षेत्रों को चिन्हित करें और कार्य योजना बनाकर रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें की जिला में निर्धारित लीज के अतिरिक्त किसी भी क्षेत्र अथवा स्थान पर खनन नही हो। इस दौरान उन्होंने अवैध खनन के विरुद्ध पुलिस, प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों से की।

एआई-संचालित ऑटोमेशन के साथ निवेश में क्रांति ला रहा है: मल्टीफाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हाल के वर्षों में, स्वचालित निवेश समाधानों की शुरूआत के साथ वित्तीय क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं। इन परिवर्तनों में से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है स्वचालित निवेश रणनीतियों की पेशकश, जो स्वचालित निवेश समाधानों को उपयोगकर्ताओं के लिए स्थिर और लगातार रिटर्न उत्पन्न करने का लक्ष्य रखती हैं। इन स्वचालित निवेश समाधानों की प्रमुख विशेषता यह है, कि वे एआई (Artificial Intelligence) और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों का उपयोग करते हैं, ताकि उन्हें बाजार के अद्यतन और विश्लेषण के लिए अधिक सुचारू बनाया जा सकें। इसके फलस्वरूप, ये समाधान उपयोगकर्ताओं को स्थिर और उत्तम निवेश निर्णय लेने में मदद करते हैं। सेबी (सेक्यूरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) पंजीकृत रिसर्च एनालिस्ट फर्म ''मल्टीफाई'' भी इसी प्रकार की स्वचालित निवेश रणनीतियों की पेशकश करता है। ये फिर्म एआई-संचालित तकनीकी विश्लेषण का उपयोग करती है, ताकि वे बाजार के डेटा को विश्लेषित कर सकें और उपयोगकर्ताओं को बेहतर निवेश फैसले लेने में मदद कर सकें।

श्री रचित चावला द्वारा स्थापित मल्टीफाई कंपनी मानव बुद्धि और प्रौद्योगिकी के बेहतर परिणाम पर काम करती है और इसका मुख्य उद्देश्य स्वचालित निवेश निर्णयों को सूचित करना है। उन्होंने कंपनी की प्रतिबद्धता को डेटा-संचालित, बैकटेस्टेड प्रक्रियाओं और व्यवहारिक वित्त से अंतर्दृष्टि पर ध्यान केंद्रित किया है। मल्टीफाई का मुख्य उद्देश्य विविध दर्शकों की जरूरतों को पूरा करना है। इसमें फंड मैनेजर, पेशेवर व्यापारी और परिवार कार्यालय के सदस्य शामिल हैं, जो अपनी दिन-प्रतिदिन की निवेश गतिविधियों को सुव्यवस्थित और स्वचालित करना चाहते हैं। श्री चावला के नेतृत्व में, मल्टीफाई ने तकनीकी उन्नति के माध्यम से निवेशकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। पारंपरिक मानव-नेतृत्व वाले निवेश अनुसंधान से खुद को अलग करते हुए, मल्टीफाई का अनूठा फंड अपने एआई अनुसंधान प्रणाली, APART (उन्नत प्रक्रिया स्वचालन और अनुसंधान प्रौद्योगिकी) के माध्यम से एंड-टू-एंड अनुसंधान स्वचालन को नियोजित करता है। मल्टीफाई द्वारा सुविधानुसार स्वचालित निवेश में मूल्य, समय और मात्रा जैसे कारकों के आधार पर पूर्व-डिजाइन किए गए व्यवस्थित तरीकों का उपयोग करके ऑर्डर पूरा करना शामिल है। यह दृष्टिकोण स्टॉक एक्सचेंज पर वित्तीय प्रतिभूतियों में लेन-देन को निष्पादित करने के लिए गणितीय नियमों और मानवीय अंतर्दृष्टि के साथ विशिष्ट सूत्रों का उपयोग करता है। प्रति सेकंड हजारों ट्रेड करने की क्षमता के साथ, स्वचालित निवेश ऑर्डर निष्पादन, ट्रेंड निवेश रणनीतियों और मध्यस्थता सहित विभिन्न उद्देश्यों को पूरा करता है, जिसका लक्ष्य अंतत: निवेशकों को उनकी संपत्ति बढ़ाने के लिए परेशानी मुक्त और लाभदायक वातावरण प्रदान करना है। मल्टीफाई के रचित चावला ने कहा, मल्टीफाई कंपनी अपने ढेर सारे विकल्पों और स्टॉक विशेषज्ञों की एक टीम के कारण स्वचालित निवेश परिदृश्य में खड़ी है।

गरीब बेटियों की शादी के नाम पर करोड़ों रुपये की चपत लगाने वाले पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले लोग

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

एसपी नूंह से शिकायत करने पहुंचे पीड़ित

राजस्थान हरियाणा में गरीब परिवार की बेटियों के हाथ पीले करने के नाम पर करोड़ों रुपए की वसूली करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर हिदायत खान पूर्व कमांडो कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के साथ बुधवार को लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

हिदायत खान सीआरपीएफ सेवानिवृत्ति कमांडो एवं कांग्रेस नेता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर एक बड़ा स्कैम खेला है। 20 -30 हजार लोगों ने अपनी बेटियों के हाथ पीले करने के नाम पर पैसे जमा कर दिए थे। हरियाणा तथा राजस्थान के मेवात जिले में लगभग 3000 करोड़ रुपए का एक घोटाला है। इस रकम से मेवात की तकदीर व तस्वीर बदली जा सकती है। इस पैसे से कई गिरोह फल फूल रहे हैं। राजस्थान तथा हरियाणा में कई गिरोह चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़कली चौक, महूं तथा राजस्थान के कई इलाकों में यह गिरोह चल रहा है। कई पीड़ित परिवारों ने उनसे कार्रवाई की मांग को लेकर मुलाकात की। हिदायत खान कमांडो ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि एक ज्ञापन पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया को दिया गया है। दो-तीन बड़े-बड़े गिरोह हैं। यह कई हजार करोड़ रुपये का घोटाला कर चुके हैं। जिन गरीबों के पास राशन तक खाने को घर में नहीं है, ऐसे लोगों ने अपनी बेटियों के हाथ पीले करने के लिए जेवर बेचकर या मांगकर पैसा जमा किया था, लेकिन कुछ लोग इन्हें लेकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने भरोसा दिलाया है की स्पेशल टीम बनाकर इस मामले की जांच की जाएगी और जल्द ही ठगी करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब गरीबों की आवाज सोशल मीडिया से लेकर मीडिया प्लेटफॉर्म पर मजबूती से उठ रही है। उन्होंने तो यहां तक कहा कि गिरोह के कई लोग तो गिरफ्तारी के डर से विदेश भाग गए हैं। अगर जल्दी ही इन पर कार्रवाई नहीं की गई तो यह धीरे-धीरे सब विदेश भाग जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन्होंने एक योजना बनाई। उसका पहले प्रचार-प्रसार किया और भोले -भाले लोगों को अपने जाल में फंसा लिया। उनसे पैसे जमा कराकर डबल रकम का दहेज में सामान देते थे। जिससे लोग तेजी से इसमें धसते चले गए और गिरोह बड़े लेवल पर फैलता चला गया। बहुत सारे एजेंट फील्ड में खड़े हो गए। लोगों को नहीं पता था कि यह उनको चपत लगाकर भाग सकते हैं, लेकिन अब लोगों के पैरों तले की जमीन खिसक गई है। लोगों को ठगने वाले लोग अब धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं। इस मामले में ठगी का शिकार हुए लोगों ने कहा कि उन्होंने अपनी बेटियों के हाथ पीले करने के लिए पैसे जमा किए थे, लेकिन अब एजेंट फरार हो चुके हैं। कुछ एजेंटों के खिलाफ राजस्थान पुलिस में कार्रवाई भी की है, लेकिन अभी भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। बड़े पैमाने पर जनता इनके द्वारा ठगी का शिकार बनाए गए हैं। जल्द से जल्द दोनों राज्यों की पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को इस पर सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि कोई इस गिरोह की जालसाजी में ना आए। आगे भविष्य में पैसा जमा न करें। मेवात के लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। मीडिया भी लोगों को जागरूक करने में अपना सहयोग दे। उन्होंने कहा कि काफी समय से यह गिरोह गरीब लड़कियों की शादी के नाम पर कुछ रकम जमा करता था और उससे दोगुना ज्यादा रुपए का सामान दहेज में देता था। जिसमें बाइक, ट्रैक्टर सहित तमाम घरेलू सामान होता था। कुछ शादियों को सही तरीके से अंजाम देने के बाद लोगों में इनका विश्वास जम गया और इस विश्वास के दम पर यह गिरोह लोगों को अपने जाल में फंसाता चला गया। सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी के लिए इन एजेंटों के पास पैसे जमा कर चुका है और अब एजेंट भाग चुके हैं।

अभी तो रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। सभी लोग रोजा रख रहे हैं और मुसलमानों के सबसे बड़े पर्व ईद को मनाने की तैयारी है, लेकिन ईद के बाद जैसे ही विवाह शादियों का सीजन शुरू होगा तो इस मामले में और गर्माहट आने से इनकार नहीं किया जा सकता। अगर इन एजेंटों को गिरफ्तार कर गरीब लोगों के पैसे नहीं दिलवाए गए तो कुछ लोग इन गिरोह की ठगी का शिकार होने के बाद आत्महत्या करने तक को भी मजबूर हो सकते हैं।

अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : आईजी राजेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

साउथ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए तथा इसके लिए संदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखी जाए। इस प्रकार के किसी भी मामले में ढिलाई न बरती जाए।

आईजी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों व शराब ठेकेदारों को संबोधित कर यह निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध ठेकेदारों व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए। अवैध शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी, इसलिए वे जिला प्रशासन के अधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखें, ताकि अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रोक संभव हो सके। इसके साथ ही आबकारी

आईजी ने शराब ठेकेदारों व संबंधित अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

अधिकारी शराब के ठेकों आदि की जानकारी भी पुलिस विभाग को दी जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग भी सुनिश्चित करे कि उनके अधिकार क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने जिला में स्थित अस्पताल संचालकों से भी अपील करते हुए कहा कि यदि किसी अस्पताल में संदिग्ध या किसी अप्राकृतिक मौत की सूचना या अन्य कोई मामला उनके संज्ञान में आता है तो सबसे पहले इसकी सूचना तुरंत पुलिस विभाग को दी जाए ताकि समय रहते पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि अगर उनके संज्ञान में भी किसी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या नकली शराब बनाने वालो व्यक्तियों की सूचना मिलती है तो इसी सूचना तुरन्त पुलिस को दे ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके। ऐसी सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, एसडीएम नूंह विशाल, उप आबकारी कराधान आयुक्त अनुपमा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में सार्वजनिक पुरुष सुलभ शौचालय नहीं होने की से पुरुष वर्ग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

सरकार व प्रशासन जनता को खुले में शौच न जाने को लेकर काफी गंभीर है और जनता को जागरूक को करने में लगी हुई है घर घर व सार्वजनिक स्थानों पर सुलभ शौचालय का निर्माण कराने का दम भरती है। लेकिन शायद स्वास्थ्य विभाग को प्रशासन व सरकार के द्वारा चलाई जा रही खुले में शौच मुक्त मुहिम की कोई परवाह नहीं है, क्योंकि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगीना की स्थिति इससे विपरीत है।

बुजुर्ग समाजसेवी महावीर प्रसाद नंबरदार, रजत जैन,नितिन दुबे ने बताया कि जनता को अपने निजी, सरकारी कार्य, अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाने के लिए स्वास्थ्य केंद्र नगीना आना जाना पड़ता है, लेकिन कई बार आने जाने वाली जनता को शंका व लघुशंका की स्थिति उत्पन्न हो जाने पर काफी शर्मिंदगी व परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र महिलाओं के लिए ही शौचालय की व्यवस्था है पुरुषों के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था न होने की वजह से उन्हें शंका व लघुशंका होने पर इस समस्या से निजात पाने में काफी ज्यादा परेशानियां का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र नगीना में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से पुरुषों के लिए कोई सार्वजनिक सुलभ शौचालय ना होने की वजह से जनता को मजबूरी बस खुले में या उधर उधर जाकर शंका व लघुशंका का समाधान करना पड़ता है। उनकी सरकार, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग से मांग है कि जन परेशानी व समस्या को ध्यान में रखते हुए तुरंत प्रभाव से पुरुषों के लिए भी अलग से सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया जाए। जिससे उन्हें होने वाली अनावश्यक परेशानी व शर्मिंदगी से छुटकारा मिल सके।

सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा में वर्ल्ड टीबी दिवस पर किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

वर्ल्ड टीबी दिवस प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है, परंतु होली के त्योहार के कारण 27 मार्च को सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा के प्रांगण में वर्ल्ड टीबी डे मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि उप सिविल सर्जन डॉ. आशीष सिंगला रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सिविल सर्जन टीबी डॉ. प्रवीण राज तवंर ने की। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ. हेमंत कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. फारूक, एचओडी चेस्ट एंड टीबी डॉ. विपिन गोयल, आनंद लाल पैथ लैब, डिस्ट्रिक प्रोग्राम कॉर्डिनेटर अरसद, डिस्ट्रिक प्रोग्राम मेनेजर मोहम्मद शाकिर, जिला लेखाकार अब्दुल गफ्फार, प्राईवेट अस्पताल शिफा से डॉ. पटवारी खॉन, जीवन ज्योति अस्पताल तावडू से डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा, स्पिड एनजीओ के मेनेजर अवधेश, वर्ल्ड विजन एनजीओ के मैनेजर अमरजीत व टीबी का अन्य स्टाफ व नर्सिग कॉलेज के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ. प्रवीण राज तंवर ने टीबी की बीमारी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि टीबी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है, जो कि एक टीबी संक्रमित मरीज के खांसने छींकने व थूकने से जो कण निकलते है। उससे स्वस्थ व्यक्ति को भी टीबी हो सकती है। टीबी को फैलाने वाले बैक्टीरिया का नाम माइक्रो बैक्टकरियम ट्यूबरक्लोसिस होता है। दो सप्ताह से ज्यादा पुरानी खांसी, बुखार, लगातार वजन कम होना टीबी होने के लक्षण हो सकते हैं। टीबी दो प्रकार की होती है फेफडो वाली टीबी व शरीर के किसी भी अंग में होने वाली टी बी जिसे एक्सट्रा पलोमनरी टी बी कहा जाता है।

आरटीआई में खुलासा, हरियाणा की 83 उप तहसील बनीं तहसील

राजस्व विभाग के एसीएस ने डीसी से कई बार मांगी रिपोर्ट

क्षेत्र में 22 हजार हेक्टेयर रकबा के लिए 17 पटवार सर्किल

27 जनवरी 2007 में वित्त मंत्री बीरेंद्र सिंह ने की थी खजाना बनाने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

आजादी के बाद प्रदेश सरकार ने 83 उप तहसीलों को तहसील के रूप में अपग्रेड किया है। यह खुलासा आरटीआई से मांगी गई सूचना में हुआ है। गांव घागस के आरटीआई कार्यकर्ता मुबारिक व राजुद्दीन को राजस्व विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव द्वारा 58 पेज की रिपोर्ट मिली है। विभिन्न सरकारों की कोशिशें केवल पत्राचार तक सिमटी हुई हैं। यही कारण है कि फरवरी 1994 बनी उप तहसील 30 साल बाद भी तहसील नहीं बनी है।

दरअसल, नगीना को तहसील बनाने के लिए सैंकड़ों बार छोटे-बड़े धरने प्रदर्शन व पत्राचार हुए हैं, जिनका जिक्र आरटीआई में है। विदित है कि नगीना हरियाणा प्रदेश की सबसे बड़ी उपतहसील है जिसमें 68 गांव पड़ते हैं और आबादी दो लाख हो चुकी है। इस समय प्रदेश में 94 तहसील और 50 उप तहसील है। नगीना अकेली ऐसी उप तहसील है, जिसके पास अपना भवन नहीं है। जबकि किसान लंबे समय से दर्जा बढ़ाने की मांग करते आ रहे है। किसान इलियास, हाजी अली मोहम्मद, हमीद नगीना का कहना है कि क्षेत्र खेतीबाड़ी पर निर्भर है। तहसीलदार नहीं बैठने के कारण फिरोजपुर झिरका जाना पड़ता हैं।

एसीएस को नहीं पता कहां नगीना

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के एसीएस ने नूंह जिले के डीसी को लिखकर प्रस्ताव हिसार मंडलायुक्त के मार्फत मांगा था। लेकिन नगीना उप तहसील गुरुग्राम मंडलायुक्त के अधीन आती है।

17 पटवारी पर निर्भर 68 गांव

उप तहसीलदार रवि कुमार ने बताया कि नगीना उप तहसील में 68 गांव हैं, एक बेचिराग है। कुल 17 पटवार सर्किल हैं। करीब 22 हजार हेक्टेयर रकबा है। किसानों को फिरोजपुर झिरका तहसील जाना पड़ता है। पूर्ण तहसील बनाने के लिए कई बार प्रस्ताव भेजे गए हैं।

आज से खरीदी जाएगी किसानों की सरसों

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना अनाज मंडी में किसानों द्वारा लाई जा रही सरसों ।

स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की बुधवार से और गेहूं की एक अप्रैल से सरकारी खरीद शुरू होगी। एक दिन एक 25 क्विंटल सरसों ही बेच सकेगा। प्रदेश सरकार के, आदेश पर किसान आज से अपनी सरसों को सरकार को बेच सकेंगे। जिसको लेकर मार्केट कमेटी ने किसान द्वारा लाई जाने वाली सरसों का गेट पास करने को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। सरकार द्वारा इस वर्ष सरसों का समर्थन मूल्य 5550 रुपये प्रति क्विंटल से खरीद की जाएगी। एक दिन एक किसान 25 क्विंटल सरसों बेच सकता है। जिसके लिए किसान किसी भी दिन अपनी सरसों को बेचने के लिए ला सकता है। किसान की सरसों को हेफेड सरकार के खाते में खरीद करेगी।

116 गांवों में 7426 एकड़ में सरसों इस बार मार्केट कमेटी के अधीन आने वाले 116 गांवों में किसानों द्वारा सात हजार 426 एकड़ जमीन पर सरसों की बिजाई की गई थी। जिसका किसानों द्वारा पांच हजार 847 एकड़ जमीन का पंजीकरण कराया गया है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पर पंजीकरण की गई सरसों को ही सरकारी खरीद में शामिल किया जाएगा।

फसल खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। किसानों को किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। किसानों के लिए सभी सुविधाएं जुटा गई है।

(सुनीता देवी-सचिन मार्केट कमेटी)

एक अप्रैल से गेहूं की खरीद

एक अप्रैल से स्थानीय मंडी में एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी हरियाणा वेयर हाउस द्वारा खरीद की जाएगी।

सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2375 रुपये तय किया है। 1205 किसानों द्वारा इस वर्ष चार हजार 907 एकड़ जमीन पर बिजाई की गई है। जिसका चार हजार 611 एकड़ जमीन पर की गई गेहूं की फसल बिजाई का पंजीकरण कराया गया है।

परिवहन के साधनों की कमी के चलते अब कोई नहीं छोड़ेगा पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

परिवहन के साधनों की कमी की वजह से अब कोई नूंह जिले में पढ़ाई नहीं छोड़ेगा। सरकारी स्कूलों में भी अब परिवहन के पर्याप्त साधन मुहैया कराई जा चुकी है। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह के प्रिंसिपल मुकेश शास्त्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बस की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

सरकारी स्कूल में जो बच्चा आएगा, उसके लिए बस की सुविधा उपलब्ध है। आर्टस, कॉमर्स, मेडिकल, नॉन मेडिकल सभी प्रकार की पढ़ाई यहां पर हो रही है। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छी पढ़ाई मॉडल संकृति विद्यालय में हो रही है। स्टाफ का पर्याप्त इंतजाम है। पीने के पानी की इंतजाम है। बिजली का पर्याप्त इंतजाम है। प्रिंसिपल दिनेश शास्त्री ने कहा कि आप अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला करवाए और हमें साबित करने का अवसर दें।

अब दाखिला प्रक्रिया कुछ दिनों बाद शुरू होने वाली है। फीस भी अधिक नहीं है। दाखिला की संख्या बढ़ाने के लिए अध्यापक पूरा प्रयास कर रहे हैं। आने वाले समय में 1000 से अधिक छात्रों की संख्या इस स्कूल में देखने को मिलेगी। जिस प्रकार निजी स्कूलों में सभी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं, ठीक उसी तरह सरकारी स्कूल में भी सुविधा उपलब्ध है। शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन की मदद से अब बस की सुविधा इस मॉडल संस्कृति विद्यालय में कर दी गई है। परिवहन की कमी की वजह से अब कोई लड़का या लड़की पढ़ाई अधूरी नहीं छोड़ेगा। शिक्षा विभाग और मॉडल संस्कृति स्कूल का स्टाफ भी इस पर पूरा फोकस करेगा। बीपीएल बच्चों को दाखिला प्रक्रिया में छूट रखी है।

फिरोजपुर झिरका कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर ने भाजपा पर बोला तीखा हमला

नूंह हिंसा के बाद पहली बार मीडिया से हुए रूबरू

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

मामन खान इंजीनियर विधायक कांग्रेस

नूंह हिंसा के बाद फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर पहली बार मीडिया से मुखातिब हुए। मामन खान इंजीनियर ने बुधवार को नूंह में बुलाई गई प्रेसवार्ता में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर एक-एक करके ताबड़तोड़ हमले किए। मामन खान इंजीनियर ने नूंह जिले से जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई।

लोकसभा चुनाव को लेकर विधायक मामन खान ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। गुरुग्राम लोकसभा सीट से जहां तक उम्मीदवार का मामला है, यह हाईकमान का फैसला है, हम तो हाथ के पंजे को जानते हैं। जिसको भी आला कमान टिकट देगा। हम उसको जिताने का काम करेंगे। फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान ने कहा कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे जी जिस किसी को भी प्रत्याशी बनाकर भेजेंगे, उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे और भारी मतों से उसको जीतने का काम करेंगे। चाहे उम्मीदवार कोई भी हो। विधायक मामन खान ने अपने उपर नूंह हिंसा के केसों में यूएपीए को लेकर कहा कि यह जांच का विषय है, जो कोर्ट फैसला करेगा मंजूर होगा। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय पर पूरा भरोसा है, न्याय मिलेगा। विधायक ने कहा कि कोर्ट में मामला चल रहा है। न्याय प्रणाली पर पूरा यकीन है, हम सभी को न्याय मिलेगा। विधायक मामन खान इंजीनियर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि यह सरकार लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है। बहुत सारे लोगों को बंद कर दिया है। ईडी, सीबीआई के माध्यम से लोगों को डराया धमकाया जा रहा है, क्योंकि इनको पता है कि इस बार भाजपा की सरकार केंद्र में नहीं आ रही है, इसलिए घबराहट में आकर लोगों को जेल में डालने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बड़कली चौक रैली पर निशाना साधते हुए विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि बहुत तादाद में लोग वहां गए थे, लोगों को बहुत सारी उम्मीद थी। यूनिवर्सिटी मिलने सहित कई मांग थी, लेकिन भाजपा के नेताओं ने उनके सम्मुख कोई मांग उठाई ही नहीं।

रमजाान के महीने में भी बिजली की किल्लत

फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि मेवात के जो विकास के मुद्दे हैं। मेवात का जो आम आदमी कठिनाइयों से जूझ रहा है, उसको लेकर यह पत्रकारवार्ता बुलाई। फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान ने कहा कि रमजान के महीने में हर बार बिजली 24 घंटे उपलब्ध होती थी, लेकिन इस बार ऐसा बिल्कुल देखने को नहीं मिल रहा है। विधायक ने कहा कि गर्मी का सीजन है, उसी को ध्यान में रखकर रोजेदारों को बिजली उपलब्ध कराई जाती थी, लेकिन आज गांव में जाते हैं तो रोजेदारों का यही सवाल होता है कि इस बार आप लोगों ने सरकार से 24 घंटे बिजली की मांग मजबूती से क्यों नहीं रखी। उन्होंने कहा कि हमने कहा कि हमने कई बार विधानसभा से लेकर इलाके में 24 घंटे बिजली की मांग उठाई। रमजान के महीना शुरू होने से पहले ही गत 9 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में भाजपा के बड़े नेताओं ने अपनी बात रखी थी, लेकिन उन्होंने एक बार भी बिजली पानी की मांग मंच से सीएम के सामने नहीं उठाई। विधायक मामन खान ने यह भी कहा कि जब सीएम ने अपना संबोधन किया तो कोई भी बड़ी घोषणा वहां पर नहीं हुई, क्योंकि स्थानीय नेताओं ने उनके सामने कुछ मांगे मजबूती से उठाई ही नहीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, दिल्ली अलवर फोरलेन, मेवात कैनाल सहित कई बड़ी मांगे हैं। मेवात कैनाल का तो शिलान्यास तक भी कई साल पहले हो चुका है, लेकिन आज तक उन मांगों पर अमल क्यों नहीं हुआ।

श्मशान घाट पर धारा 144 लागू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

एसडीएम सोनू भट

खंड के गांव चमनपुरा और लोहसिंघानी के बीच श्मशान घाट में अंतिम संस्कार को लेकर उपजा विवाद में दोनों गांवों के लोग एसडीएम के समक्ष पेश हुए। एसडीएम ने लोहसिंघानी के शमशान घाट पर 144 लगाते हुए दो माह तक अंतिम संस्कार रोक लगा दी है।

चमनपुरा के निवासी नहीं जाएंगे लोहसिंघानी के शमशान घाट पर: मंगलवार को एसडीएम द्वारा ग्राम पंचायत लोहसिंघानी और चमनपुरा के ग्रामीणों को अंतिम संस्कार को लेकर उपजे विवाद को लेकर बुलाया। दोनों ही गांवों से आए लोगों ने अपना अपना पक्ष रखा। दोनों ही गांव लोगों ने श्मशान घाट लेकर सबूत पेश किए। करीब एक घंटा तक चली सुनवाई के बाद एसडीएम सोनू भट ने दो माह तक मामले की सुनवाई खा समय लिया है।

श्मशान घाट पर धारा 144 लागू जानकारी का अनुसार एसडीएम ने चमनपुरा के लोगों को अपने परिवार में मरने वालों का लोहसिंघानी के शमशान कर संस्कार करने नहीं जाएंगे। तब तक किसी की भी मौत हो जाने पर अपने गांव के शमशान घाट पर नहीं जाएंगे। कानून की अवहेलना करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। दोनों गांवों के लोगों की बात सुन ली गई है। सबूत पेश करते हुए दावा किया है, सबूतों की जांच की जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

चुनाव बांड

विपक्ष की मांग

चुनाव बांड मुद्दे पर पारदर्शिता के लिए कांग्रेस समेत विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग की है। अब समाप्त कर दिए गए 'चुनाव बांडों' को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजनीतिक फंडिग का डेटा सार्वजनिक होने के एक दिन बाद अनेक एक्टिविस्ट योजना के सभी आयामों की जांच करने के लिए स्वतंत्र विशेष जांच टीम-एसआईटी की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर बहस तीखी हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने इन विशेष वित्तीय उपकरणों संबंधी कथित कदाचारों को उजागर करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग की है। उसके द्वारा लगाए 'प्री-पेड, पोस्ट-पेड व पोस्ट-रेड रिश्वतों' के आरोप ने चुनाव फाइनेंसिंग योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही की आवश्यकता उजागर की है। 2018 में शुरू चुनाव बांडों का उद्देश्य राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बरतना तथा व्यक्तियों व निगमों द्वारा अपना नाम उजागर किए बिना राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग करना था। इसका उद्देश्य चुनावों में काले धन के प्रयोग पर लगाम लगाना था। लेकिन शुरुआत से ही ये बांड आलोचना का शिकार हो गए थे। आरोप है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के बावजूद वे एक या दूसरी राजनीतिक पार्टी को रिश्वत देने का माध्यम बन गए। कांग्रेस का आरोप है कि ये बांड अवैध लेनदेन का मार्ग बन गए तथा इन्होंने राजनीतिक पार्टियों को बेनामी पैसे का प्रवाह सुनिश्चित किया। उसके अनुसार, इन बांडों का प्रयोग न केवल राजनीतिक अभियानों को चलाने, बल्कि पिछले दरवाजे से नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करने के लिए किया गया।



हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में चुनाव बांडों की जांच की मांग सत्तारूढ़ भाजपा को चुनावी रूप से घेरने की चाल भी है क्योंकि चुनाव बांडों से धन प्राप्त करने वाली अन्य राजनीतिक पार्टियों पर कोई सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। मीडिया द्वारा किए खुलासों से स्पष्ट है कि चुनाव बांडों से केन्द्र तथा राज्यों में सत्तारूढ़ लगभग सभी दलों को पैसा मिला है। इसके साथ ही पैसा देने वाले निगमों या संस्थानों का केन्द्र द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं से कोई सीधा संबंध नहीं मिला है। यह भी नहीं कहा जा सकता है कि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा छापे मारने के बाद या उसकी आशंका से किसी निगम या व्यक्ति ने चुनाव बांड खरीदे हों। देश में ढांचागत संरचना निर्माण क्षेत्र में कार्यरत बड़ी कंपनियों द्वारा भी चुनाव बांड खरीदे जाने का खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि, राजनीति पर पैसे के प्रभाव को लेकर चिन्ता भारत समेत दुनिया के अनेक लोकतंत्रों में होती रहती है, पर इससे बचने का कोई सुसंगत तरीका अब तक सामने नहीं आया है। उदाहरणार्थ, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका में चुनावी फंडिंग का मामला बहुत जटिल है और यह पता लगाना लगभग असंभव है कि किस निगम या व्यक्ति ने किस उम्मीदवार को चंदा दिया। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों व अर्थशास्त्रियों का कहना है कि चुनाव बांडों को असंवैधानिक घोषित करने के बाद चुनाव फंडिंग पर फिर 'काले धन' का प्रभाव बढ़ सकता है, जबकि चुनाव बांडों से दानदाताओं का पता लगाना तथा 'मनी ट्रेल' तलाशना आसान था। समग्र रूप से देखें तो चुनाव सुधार एक व्यापक प्रक्रिया है जिसमें राजनीतिक पार्टियों को फंडिंग भी शामिल है। लेकिन अनेक मुद्दों की तरह इस मुद्दे का समाधान भी अदालत के माध्यम से नहीं हो सकता है। चुनाव सुधारों तथा राजनीतिक दलों की फंडिंग के लिए राजनीतिक दलों के बीच संवाद, विचार-विमर्श एवं 'सहमति' जरूरी है, लेकिन फिलहाल इसका अभाव दिख रहा है।

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका

रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार जारी रहने और उसके विस्तार लेने की संभावना ने तीसरे विश्व युद्ध की आशंका पैदा कर दी है। हालांकि, अमेरिका व रूस के नेताओं से शांति की दिशा में कदम उठाने व समझदारी की उम्मीद है।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

रूस यूक्रेन युद्ध लगातार जारी रहने और उसके विस्तार लेने की संभावना ने तीसरे विश्व युद्ध की आशंका पैदा कर दी है। राजनीतिक विश्लेषक तथा भू-राजनीतिक स्थितियों पर नजर रखने वाले लोग लगातार सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यूक्रेन युद्ध तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता है? यदि वर्तमान घटनाक्रम जारी रहे तो ऐसी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। एक ओर 'नाटो' तथा उसके सहयोगी पश्चिमी देश लगातार यूक्रेन की सहायता कर रहे हैं, वहीं रूस इसे अपनी संप्रभुता और अखंडता पर गंभीर खतरा मानता है। कुछ देशों ने भविष्य में यूक्रेन में नाटो सैन्यबलों की उपस्थिति की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। इसे देखते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने 18 मार्च, 2024 को कहा कि रूस और 'नार्थ एटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन'-नाटो के बीच सीधे टकराव का अर्थ होगा कि यह ग्रह अब तीसरे विश्वयुद्ध से केवल एक कदम दूर रह गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि शायद ही कोई ऐसी स्थिति बनने देना चाहता हो। अन्य रूसी नेताओं ने भी ऐसी संभावना को अनदेखा नहीं किया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप-सचिव अलेक्सांद्र वेनडिक्टोव ने 13 अक्टूबर, 2022 को कहा था कि यूक्रेन को नाटो में शामिल करना इस बात की गारंटी होगा कि उस देश में बढ़ता टकराव तीसरे विश्व युद्ध का कारण बन सकता है। पश्चिमी देशों ने भी रूस से युद्ध और व्यापक होने की संभावना पर गंभीर हैं। जर्मन अखबार 'बिल्ड' ने 15 जनवरी, 2024 को खबर दी कि देश की सेना बाल्टिक देशों-लाटविया, लिथुआनिया और इस्टोनिया पर 2025 की गर्मियों में रूसी हमले का मुकाबला करने के लिए तैयार हो रही है। यह इस वर्ष वसंत में यूक्रेन पर ताजा हमलों के साथ हो सकता है। रूस द्वारा तृतीय विश्व युद्ध की बात संभवत: एक रणनीति का हिस्सा भी हो सकती है। रूस इस तरह की बात कर यूक्रेन को संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का समर्थन घटाना चाहता है। हालांकि, जर्मन अखबार द्वारा सामने आई उपरोक्त प्रतिक्रिया का अर्थ इस बात का संकेत है कि जर्मनी और पश्चिमी देश रूस द्वारा तीसरे विश्व युद्ध की आशंका की बात को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। वास्तव में जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने लिथुआनिया के रक्षा मंत्री आर्वीदास अनासुस्कास के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अंतर्गत लिथुआनिया में 4,800 जर्मन सैनिकों तथा 200 सिविलियनों की तैनाती की व्यवस्था की जाएगी। विभिन्न देशों द्वारा किसी संभावित युद्ध के लिए की जा रही तैयारियों को देखते हुए यूक्रेन में जारी युद्ध के विस्तार लेकर तीसरे विश्व युद्ध में बदलने की आशंकाओं को समझा जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही यह व्यापक सवाल भी है कि विश्व युद्ध क्या है? विश्व युद्ध को ऐसे बड़े पैमाने के युद्ध के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें दोनों और से अनेक देश शामिल हों, इसका विस्तार धरती के बड़े हिस्से तक हो और इससे वे देश भी प्रभावित हों जो इसमें सीधे संलिप्त नहीं हैं।

वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए आशंका है कि संभावित तीसरे विश्व युद्ध में एक और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में नाटो देश होंगे जो रूस के खिलाफ युद्ध करेंगे। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए संभावना है कि बेलारूस, चीन और उत्तर कोरिया भी रूस के पक्ष में नाटो के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं।

यूक्रेन युद्ध के कारण तीसरे विश्व युद्ध की संभावना का खतरा देखते हुए दुनिया के सभी महत्वपूर्ण नेता कह रहे हैं कि वे न तो तीसरा विश्व युद्ध चाहते हैं और न इसकी कोई संभावना है। इन नेताओं में जो बाइडेन व व्लादीमिर पुतिन भी शामिल हैं। लेकिन अतीत की घटनाओं पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि अमेरिका को 7 दिसंबर, 1941 को पर्ल हार्बर पर जापानी हमले की जरा भी आशंका नहीं थी। इस भयानक हमले में अमेरिकन प्रशांत समुद्री नौसैनिक बेड़े को भारी नुकसान पहुंचा था। इसी प्रकार यूरोपीय शक्तियां भी यह उम्मीद नहीं करती थीं कि 1 सितंबर, 1939 को जर्मनी अचानक पोलैंड पर हमला बोल देगा। जर्मनी के इस हमले ने ही द्वितीय विश्व युद्ध को भड़का दिया था। वर्तमान स्थितियों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि दुनिया के बहुत से लोग द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद से ही तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से ग्रस्त हैं क्योंकि उस समय पूरी दुनिया दो परस्पर विरोधी समूहों में बंट गई थी। उस समय अमेरिका के नेतृत्व में देशों का एक समूह नाटो, सेंट्रल ट्रीटी आर्गेनाइजेशन-सेंटो और साउथ ईस्ट एशिया ट्रीटी आर्गेनाइजेशन-सीटो जैसी संधियों के आधार पर एकजुट हुआ था। नाटो और सेंटो जहां यूनियन आफ सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक्स-यूएसएसआर पर निशाना लगाते थे, वहीं तीसरा समूह सीटो के निशाने पर चीन था। उस समय एक अन्य समूह पूर्वी यूरोपीय देशों का था जो द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद यूएसएसआर के प्रभाव क्षेत्र में आ गए थे। ये सभी देश 'वारसा संधि' में शामिल थे। चीन को इस संधि में प्रेक्षक का दर्जा मिला था, लेकिन वह 1861 में इससे अलग हो गया था। दुनिया में देशों के दो समूहों के बीच 'शीत युद्ध' निष्क्रिय या तटस्थ संबंधों से परिभाषित होता था।

हालांकि, इन समूहों के बीच कोई प्रत्यक्ष युद्ध जैसी स्थिति नहीं थी। 'शीत युद्ध' को प्रत्यक्ष युद्ध में बचने से रोकने का कारण अमेरिका और यूएसएसआर के पास बड़ी संख्या में नाभिकीय आयुधों की उपस्थिति थी। बात में चीन भी नाभिकीय आयुधों की दौड़ में शामिल हो गया, जबकि ब्रिटेन और फ्रांस के पास भी इनके थोड़े भंडार थे। ऐसे में आशंका थी कि दोनों समूहों के बीच युद्ध में नाभिकीय आयुधों का प्रयोग हो सकता है। संभावित नाभिकीय युद्ध की भयानक विभीषिका को यूएसएसआर के प्रधानमंत्री निकिता ख्रुश्चेव ने इस प्रकार कहा था कि तब 'जीवित लोग मरे लोगों से ईर्ष्या करेंगे।'

लेकिन इसके बावजूद दोनों समूह दो बार युद्ध के बिल्कुल निकट पहुंच गए थे। 1 मई, 1960 को एक सोवियत मिसाइल ने एक यू-2 जासूसी विमान रूसी क्षेत्र में मार गिराया था जो अमेरिका की सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी-सीआईए के अंतर्गत कार्यरत था। पैराशूट से सुरक्षित उतरने वाले उसके पायलट फ्रांसिस गैरी पावर्स को बंदी बना लिया गया था। इस घटना ने अमेरिका-यूएसएसआर संबंधों में खटास पैदा की जबकि इसके पहले कैंप डेविड, मैरीलैंड में अमेरिकन राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइजेनहावर तथा प्रधानमंत्री ख्रुश्चेव के बीच सितंबर, 1959 में बैठक हुई थी। इसने मई मध्य में पेरिस में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और यूएसएसआर के बीच बैठक को भी प्रभावित किया जब यू-2 मिशन पर आइजेनहावर के माफी मांगने से इनकार करने पर ख्रुश्चेव ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। दूसरी घटना अक्टूबर, 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के समय सामने आई। उस समय यूएसएसआर ने क्यूबा में एसएस-3 व एसएस-6 मिसाइल लगाने की दिशा में कदम उठाए थे जो अमेरिका को निशाना बना सकती थीं। बाद में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के आदेश से अमेरिका ने क्यूबा की नौसैनिक घेरेबंदी कर दी थी और यूएएसएआर ने इसे तोड़ने की घोषणा की थी।

हालांकि, बाद में इस मामले में अमेरिका और यूएसएसआर के बीच समझौता हो गया था। क्रेमलिन ने क्यूबा में प्रस्तावित मिसाइल स्थलों पर निर्माण कार्य रोक दिया था तथा वह ऐसे आक्रामक आयुध भी क्यूबा से हटाने पर सहमत हुआ था जिनको अमेरिका अपने लिए खतरा मानता था। इसके जवाब में अमेरिका ने जूपिटर इंटरमीडियट रेंज बैलेस्टिक मिसाइलें हटाने पर सहमति जताई थी। इन मिसाइलों को यूएसएसआर से सटी तुर्की की सीमा पर तैनात किया गया था। तुर्की नाटो का सदस्य देश था। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए वर्तमान स्थितियों में सवाल उठता है कि क्या अमेरिका और रूस एक बार फिर परस्पर सहमति बनाने पर तैयार हो जाएंगे? क्या यूक्रेन के मामले में भी वे उसी तरह समझदारी से काम करेंगे जैसा उन्होंने पहले दो अवसरों पर कर दिखाया था? इन सवालों के जवाब के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। लेकिन एक चीज पूरी तरह स्पष्ट है कि यूक्रेन मुद्दे पर संबंधित पक्षों के बीच जल्द ही वार्ताओं के माध्यम से समाधान के गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए।

कार्यस्थल की महत्वपूर्ण संस्कृति

"कार्यस्थल संस्कृति में मूल्यों, व्यवहारों तथा संगठनात्मक गतिशीलता का महत्वपूर्ण योगदान शामिल है।"

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षक हैं)

जनसंख्या का बड़ा हिस्सा अपने जीवन का बड़ा हिस्सा कार्यस्थल पर बिताता है। इससे स्पष्ट होता है कि कार्यस्थल का परिवेश हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। संस्कृति का अर्थ दूसरों के साथ व्यक्तिगत संवाद है जिसका परिणाम कार्य प्रक्रियाओं के रूप में सामने आता है। लेकिन हम विरले ही संस्कृति को अपने भौतिक परिवेश से आगे जा कर देखते हैं। कार्य संस्कृति की नैतिकता विलंबित संतुष्टि, अत्यधिक-प्रतियोगिता तथा लगातार मशीनों से बेहतर प्रदर्शन करने में निहित है। किसी संगठन की संस्कृति में कर्मचारियों का जीवन अनुभव शामिल है जिस पर संगठन के कार्यकारियों तथा निर्णय प्रक्रिया में शामिल लोगों का प्रभाव पड़ता है। सरल शब्दों में कार्यस्थल संस्कृति या कार्यस्थल परिवेश एक प्रक्रिया है जिसका संबंध लोगों के सीखने के तरीकों से है। कर्मचारियों का व्यवहार अक्सर पुरस्कारों या परिणामों की व्यवस्था से प्रभावित होता है और इसी को कार्य संस्कृति कहते हैं।

सकारात्मक कार्यस्थल परिवेश बनाने के लिए भौतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक आयामों पर ध्यान देना जरूरी है जो कर्मचारियों के अनुभव तथा संतोष को प्रभावित करते हैं। कर्मचारियों की बेहतरी तथा सहायक व समावेशी संस्कृति को प्राथमिकता दे कर संगठन एक उपयुक्त कार्यस्थल परिवेश सृजित कर सकते हैं। इससे संगठन ऐसा कार्यस्थल परिवेश विकसित कर सकते हैं जहां कर्मचारी फलते-फूलते हैं तथा बिजनेस की सफलता में अपना योगदान करते हैं। स्वीकार्यता एवं पुरस्कार की व्यवस्थायें कर्मचारियों के आदर्शों व उनकी अभिप्रेरणा को बड़ी सीमा तक प्रभावित करते हैं। कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए स्वीकार करना तथा उनको प्रगति एवं

विकास के अवसर देने से सकारात्मक कार्यस्थल परिवेश विकसित होता है और यह प्रबंधकों के लिए मानक तथा बार-बार दुहराये जाने वाला व्यवहार बन जाता है। इसके बाद यह संस्कृति का हिस्सा बन जाता है। आज संगइन कार्य-जीवन संतुलन में सहायता कर कर्मचारियों को वह लचीलापन व संसाधन उपलब्ध कराते हैं जिसने व्यक्तिगत व पेशेवर जीवन का प्रबंधन संभव होता है। इसमें काम के लचीले घंटे, रिमोट कार्य के विकल्प तथा ऐसी नीतियां शामिल हैं जो कर्मचारियों को अपनी आवश्यकतानुसार अवकाश का अवसर देती हैं। इनमें लाइटिंग, तापमान, शोर का स्तर, उपयुक्त फर्नीचर तथा कर्मचारियों को अद्यतन तकनीक उपलब्ध कराना शामिल है। इसमें काम करने के उपयुक्त उपकरण भी शामिल हैं जो न केवल कर्मचारियों को आराम देते हैं, बल्कि उनकी उत्पादकता तथा संगठन में उत्साह बढ़ाते हैं। सकारात्मक कार्य संस्कृति कर्मचारियों का योगदान सुनिश्चित करती है जहां कर्मचारी भावनात्मक रूप से अपने काम से जुड़ रहते हैं। इसमें प्रमुख अधिकारियों व प्रबंधकों का व्यवहार और कार्रवाइयां महत्वपूर्ण हैं जो कार्यस्थल परिवेश को बड़ी सीमा तक प्रभावित करते हैं।

खुलेपन को बढ़ावा देने वाला प्रभावी नेतृत्व फीडबैक को प्रोत्साहित कर कर्मचारियों के विकास में सहायता करता है तथा सकारात्मक व सशक्तीकरण वाला कार्य परिवेश प्रोत्साहित कर सकता है, जबकि इसके उलट नकारात्मक कार्य संस्कृति विभिन्न प्रकार से असंतोष, तनाव तथा कर्मचारियों में उत्पादकता घटाने का काम करता है। जब अधिकारी माइक्रो प्रबंधन में गलत व्यवहार, पक्षपात या पारदर्शिता की कमी पैदा करते हैं तो इससे भय तथा कर्मचारियों के बीच अविश्वास पैदा होता है। संवाद की कमी या पारदर्शिता के साथ सूचनाओं का साझा न करने पर अफवाहें फैलती हैं जिससे विश्वास और कम होता है। इसके कारण कर्मचारी स्वयं को महत्वहीन मानते हैं, उनका समुचित मूल्यांकन नहीं होता है और उनके काम को स्वीकार्यता नहीं मिलती है। आजकल इसके लिए 'क्वाइट क्विटिंग' शब्द का प्रयोग होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि संगठन से जुड़ाव अनुभव करने वाले कर्मचारी अक्सर ज्यादा उत्पादक, अभिप्रेरित तथा कंपनी की सफलता में योगदान करने वाले सिद्ध होते हैं। इससे पता चलता है कि कार्यस्थल परिवेश में कार्य के भौतिक, सामाजिक व मनोवैज्ञानिक आयाम शामिल होते हैं। इससे कर्मचारियों के अनुभव तथा बेहतरी प्रभावित होती है। इसमें लेआउट से लेकर आफिस स्पेस की डिजाइन, सहकर्मियों के बीच संबंध तथा संगठनात्मक संस्कृति शामिल हैं। याद रखें के अच्छा वेतन आपको महीने में एक बार प्रेरित करता है, पर अच्छी कार्यसंस्कृति रोज प्रेरणा देती है। संगठनात्मक संस्कृति को परिभाषित करने वाले मानक और व्यवहार कार्यस्थल परिवेश को प्रभावित करते हैं। पारदर्शिता, विश्वास और सम्मान को महत्व देने वाली संस्कृति कर्मचारियों के जुड़ाव व संतोष को प्रोत्साहित करती है।

आप की बात

शराब की लत

शराब खराब है, फिर भी बहुत से लोग उससे बच नहीं पाते हैं। आम आदमी के साथ आम आदमी पार्टी भी शराब के कारण बरबादी की कगार पर पहुंच गई है। उसके कई नेता, मंत्री और अब मुख्यमंत्री भी इसमें डूब गए। अजीब बात है कि एक ओर सामाजिक संस्थाएं शराब छुड़ाओ अभियान चलाती हैं तो दूसरी ओर सरकारें शराब की नई-नई दुकानें खुलवाने के लिए नए-नए ठेकेदारों को अपने पास बुलाती है। उनको इस बात की जरा भी चिन्ता नहीं है कि आम आदमी भले ही शराब में डूबकर अपनी जिंदगी बरबाद कर ले किन्तु सरकार का खजाना सूखने न पाए। आम जनता अपने आस-पास व आवासीय इलाकों से शराब की दुकानें हटाने की मांग करते हुए अभियान चलाती है, लेकिन सरकारें ज्यादा से ज्यादा दूकानें खुलवाने में लगी रहती हैं। कोई भी राजनीतिक पार्टी इस प्रवृत्ति से मुक्त नहीं है। शराब घोटालों के साथ ही नकली व मिलावटी शराब से हजारों लोगों की जान या आंखें चली जाती हैं। लेकिन इससे बचने के लिए अच्छी और सस्ती शराब हर जगह उपलब्ध कराना कोई विकल्प नहीं है। इसलिए संपूर्ण शराबबंदी और इसकी अत्यधिक उपलब्धता तथा राजस्व के लालच में मदिरापान को प्रोत्साहन की दो अतिवादी स्थितियों से बचने की जरूरत है। शौक व लत में अंतर होना चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

केजरीवाल से निराशा

पूर्व जस्टिस संतोष हेगड़े ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पूरी तरह निराश हैं। जिन्हें आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, इससे स्पष्ट दिखाई देता है कि जब आप सत्ता में होते हैं तो लालच आप पर हावी हो जाता है। मैं पूरी तरह निराश हूं। मैंने सोचा था कि आप प्रशासनिक निष्पक्षता लाएगी जबकि ऐसा नहीं है। संतोष हेगड़े अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में केजरीवाल के साथ शामिल थे। केजरीवाल से लोगों को बहत उम्मीदें थीं, मगर उनकी सरकार सर्वाधिक भ्रष्ट निकली। सरकार के उप-मुख्यमंत्री व अन्य बड़े नेता पहले इसी मामले में बंद हैं। इससे एक बार फिर जाहिर हो गया कि सत्ता के हम्माम में सभी नंगे हैं। अपने बगंले पर भारी धनराशि का खर्च तथा मंत्रियों व विधायकों के वेतन व सुविधाओं में असाधारण वृद्धि वैसे भी किसी जन सेवक के लक्षण नहीं है। मुख्यमंत्री के रूप में गिरफ्तार होने का रिकॉर्ड बनाने के बाद अब वह जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। क्या इसे ठीक कहा जा सकता है? क्या आप में कोई और योग्य नेता नहीं बचे हैं जो मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाल सकें?

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

एप्पल पर कार्रवाई

अमेरिकन न्याय विभाग ने बाजार पूंजीकरण के हिसाब से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी एप्पल पर मुकदमा दर्ज कराया है। उसने एप्पल पर स्मार्टफोन बाजार पर एकाधिकार करने और प्रतिस्पर्धा को कुचलने का आरोप लगाया है। इसके अनुसार, कंपनी ने आईफोन ऐप स्टोर पर अपने नियंत्रण का दुरुपयोग किया। इसका मतलब ये हुआ कि जो आरोप दुनिया भर की अनेक सरकारें, खासकर स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियां एप्पल पर लगाया करती थी वो गलत नहीं था। क्योंकि अब अमेरिकी सरकार ने भी माना हे कि स्मार्ट फोन बाजार में नंबर एक बने रहने के लिए एप्पल ने गलत तरीके अपनाये। दुनिया भर में अक्सर अनेक प्रकार की कंपनियों के खिलाफ बाजार पर अनावश्यक रूप से कब्जा करने और कानूनों की धज्जियां उड़ाने के मुक़दमे चलते रहते हैं। कुछ समय पहले एक संगीत स्ट्रीमिंग प्रतियोगिता को लेकर यूरोपीय संघ ने एप्पल पर लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। एप्पल पर इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि दुनिया की बड़ी कंपनियां पूंजीवाद में प्रतियोगिता के कथित आदर्शों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

कार्पोरेट की जिम्मेदारी

तीन अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रस्तुत एक शोध रिपोर्ट के अनुसार देश की 40 प्रतिशत संपत्ति 1 प्रतिशत अमीरों के पास सिमट कर रह गई है। दूसरी ओर आम जनता महंगाई और आर्थिक तंगी से परेशान है। अंतरराष्ट्रीय तनाव व युद्धों के कारण दुनिया भर में खाद्य, औषधि व अन्य संसाधनों का संकट पैदा हो गया है। भारत में समाजवाद का प्रयोग तो सफल नहीं हो सका मगर कुछ ऐसे कानून कायदे तो बनाए जा सकते हैं कि देश के उपलब्ध संसाधनों का लाभ देश के निचले तबके तक पहुंचे। इसके लिए जरूरी है कि जहां सरकार देश में गरीब से गरीब व्यक्ति को शिक्षा, आवास, चिकित्सा, भोजन, जल, आदि मूलभूत जरूरतें सस्ती कीमतों पर प्रदान करे, वहीं देश के अति धनवान लोग भी अपनी कमाई का कुछ भाग जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च करें। विकसित देशों में अनेक अमीरों ने दानदाता के रूप में अपनी ख्याति स्थापित की है, पर भारत में ऐसे लोगों की कमी है। कार्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी को पारदर्शी व न्यायोचित ढंग से जमीन पर उतार कर वे भारत में बढ़ती असमानता घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

ऑनलाइन दाखिल किया जा सकेगा नामांकन पत्र

ऐप में ऑनलाइन जमानत राशि जमा कराने का विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

देश में चुनाव प्रक्रिया भी डिजिटल हो रही है। इसके चलते लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार अब ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नामिनेशन ऐप्लीकेशन नामक ऐप बनाया है। ऐप में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से जमानत राशि जमा करने का विकल्प भी दिया गया है।

एक बार नामांकन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार केंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर नामांकन की स्थिति पर नजर रख सकते हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने समीक्षा बैठक में बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने कई मोबाइल ऐप शुरू किए हैं।

इनका प्रयोग कर कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटर्स पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है, जब तक कि नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। हरियाणा में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और छह मई तक जारी रहेगी। इसी प्रकार निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर नामक साफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है।

शपथ पत्र पोर्टल बनाया गया है

उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। बूथ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। हेल्पलाइन ऐप को अपने ईपीआइसी कार्ड से जोड़कर मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है।

15वीं फेडरेशन कप नेटबॉल में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

15वीं फेडरेशन कप नेटबॉल की विजेता खिलाड़ी

खरखौदा में आयोजित 15वीं फेडरेशन कप नेटबॉल में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल की खुशी दहिया व हर्षिका मलिक ने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हरियाणा ने 24/27 के स्कोर से कर्नाटक की टीम को हराकर यह जीत हांसिल की। इस चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों की आठ टीमों के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दोनों बच्चों की इस जीत ने अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने विजयी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने खिलाड़ियों की खेल भावना को सराहा और भविष्य में बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

सोशल मीडिया पर जारी होने वाली हर सूचना पर रहेगी पैनी नजर

राज्य स्तर व जिला स्तर पर किया गया है टीम का गठन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स हेंडल आदि का इस्तेमाल करने वाले राजनीतिक दल और प्रत्याशी सावधान रहें।

लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर जारी होने वाली हर सूचना पर भारत चुनाव आयोग सहित जिला निर्वाचन कार्यालय की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत चुनाव आयोग ने इस बार के लोकसभा चुनाव 2024 में सोशल मीडिया की बढ़ती उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय व जिला टीम गठित की है। टीम न केवल जारी सूचना की जांच करेगी, बल्कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह का अनर्गल पोस्ट करने से बचें।

भ्रामक खबरों पर भी रखी जा रही है कड़ी नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के जरिए आने वाली भ्रामक खबरों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके दायरे में यूट्यूब चैनल के माध्यम से आने वाली खबरें भी आएंगी। इसके लिए आयोग ने एक्सपर्ट टीम तैयार की है जिसमें आईटी से जुड़े लोग, मीडिया क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी शामिल हैं। विभिन्न माचार चैनल और अखबारों में आने वाली खबरें भी इसके दायरे में है। हर दिन जिला स्तर पर अखबार और चैनल में प्रकाशित खबरों की समीक्षा राज्य स्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला जिला प्रशासन की नजर में आएगा तो शोकॉज के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईटी अधिनियम की धारा 69 और 79 (3) के तहत अधिकारियों को फर्जी सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने का अधिकार भारत चुनाव आयोग को है। इसी के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

चौधरी रणजीत चौटाला कांग्रेस के टिकट पर हिसार की लड़ाई हार गए थे

चंडीगढ़। हरियाणा में कुरुक्षेत्र के बाद हिसार लोकसभा सीट भी हॉट सीट बन गई है। भाजपा ने चौधरी रणजीत चौटाला को मैदान में उतारकर बड़ा दांव लगा दिया है। रणजीत चौटाला चौधरी देवी लाल के छोटे पुत्र हैं। रणजीत सिंह ने 1998में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और हार गए थे। हिसार सीट पर चौटाला परिवार को सिर्फ एक बार ही तब सफलता मिली थी जबकि दुष्यंत चौटाला ने कुलदीप विश्नोई को 2014में हराया था। चौधरी देवीलाल परिवार के चार सदस्य हिसार सीट से पांच बार चुनाव लड़ चुके हैं। वर्ष 1984 में लोकदल की टिकट पर चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने हिसार से चुनाव लड़ा था और वे कांग्रेस के बीरेंद्र सिंह से हार गए थे। साल 1998 में चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और उन्हें हरियाणा लोकदल राष्ट्रीय के प्रत्याशी सुरेंद्र बरवाला ने हराया था। 2011 में हिसार उपचुनाव में इनेलो से डॉ. अजय सिंह चौटाला ने चुनाव लड़ा। उस चुनाव में हरियाणा जनहित कांग्रेस के प्रत्याशी कुलदीप बिश्नोई ने डॉ. अजय चौटाला को पराजित किया था।

निफ्टेम द्वारा खाद्य क्षेत्र में उद्यमशीलता को विकसित करने के लिए आठ स्टार्टअप पुरस्कृत

विजेता स्टार्टअप को पुरस्कार स्वरूप दिए गए दस-दस लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

विजेता स्टार्टअप्स को सम्मानित करते हुए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सचिव अनीता प्रवीण एवं निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबरॉय

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्?थान (निफ्टेम), कुंडली द्वारा खाद्य क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सचिव अनीता प्रवीण ने की। उन्होंने विजेता स्टार्टअप्स को अनुदान पुरस्कार के रूप में दस-दस लाख रुपये के चैक प्रदान किए और प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन की पेशकश करते हुए चयनित स्टार्टअप को बधाई दी। उन्होंने अपने मुख्य संबोधन में कहा कि कि स्टार्टअप के लिए ये पुरस्कार न केवल वित्तीय सहायता का प्रतीक हैं, बल्कि उनकीं उद्यमशीलता की भावना और उद्योग में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता भी बढ़ाने वाले हैं। इस अवसर पर निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिन्दर सिंह ने कहा कि निफ्टेम स्टार्टअप इनक्यूबेशन प्रोग्राम (एन-एसआईपी 4) के तहत बीज अनुदान वितरण के चयन हेतु प्रतियोगिता शुरू की गई थी।

इस प्रतियोगिता में अहमदाबाद, मुंबई, नासिक, चेन्नेई, जयपुर, बेंगलुरु, भुवनेश्वर और फ़रीदाबाद जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आए चयनित स्टार्टअप के प्रतिनिधियों को अपने अभिनव व्यवसाय मॉडल पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

इनमें पौधे-आधारित प्रोटीन, जई-आधारित डेयरी विकल्प, मोटा अनाज आधारित तैयार मिश्रण, पौधे-आधारित चमड़ा, कॉयर-आधारित पैनल से लेकर न्यूट्रास्युटिकल आधारित उत्पाद और अभिनव शेल्फ-जीवन विस्तार समाधान आदि शामिल थे। उत्कृष्ट स्टार्टअप का चयन करने के लिए दो स्तरीय स्क्रीनिंग प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें 141 प्राप्त प्रविष्टियों में से 8 स्टार्टअप्स ने बाजी मारी। सभी आठ विजेता स्टार्टअप्स को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सभी का धन्यवाद किया गया।

एसडीएम छछरौली ने अनाज मंडी में जाकर खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

अधिकारियों को दिए निर्देश, आढतियों से की बातचीत

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

उपमण्डल अधिकारी (ना0), छछरौली राजेश पुनिया द्वारा अनाज मण्डी छछरौली में गेहूं सीजन के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की गई तथा कार्यालय मार्किट कमेटी छछरौली में सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी ऋषि राज व अनाज मंडी छछरौली आढतियो की एसोसिएशन की ओर से नागेश चन्द, राजेश कुमार, सुशील कुमार, जगमाल सिंह, सुनील कुमार, संजीव कुमार आदि के साथ बैठक की गई तथा आगामी गेहूं सीजन के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सचिव मार्केट कमेटी छछरौली ऋषि पाल यादव व हरि ओम गोयल, सहायक अधीक्षक एसडीएम कार्यालय छछरौली व कमीशन एजेंट सुनील कुमार, गुलशन कुमार, जगमाल सिंह, राजेश कुमार, लक्ष्मीचंद, सुशील कुमार, नागेश चंद मंडी अध्यक्ष, कपिल खेतरपाल आदि मौजूद थे।

लोकसभा प्रत्याशी को खुलवाना होगा अलग बैंक खाता-जिला निर्वाचन अधिकारी

एक प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में खर्च कर सकता है 95 लाख रुपए

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 18वां लोकसभा आम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी लेनदेन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड यानी आरटीजीएस एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे। यदि चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान व्यय की किसी भी मद के लिए उम्मीदवार द्वारा किसी व्यक्ति या संस्था को देय राशि 10 हजार रुपये से अधिक नहीं है, तो ऐसा व्यय उक्त बैंक खाते से निकालकर नकद में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एलडीएम के माध्यम से सभी बैंकों को निर्देश दिए जा चुके है कि उम्मीदवारों के लिए अलग खाता खोलने के लिए प्रत्येक बैंक में उचित व्यवस्था की जाए। जैसे ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा नामांकन-पत्र जमा किया जाएगा उसके साथ ही उसके खर्च का मीटर भी शुरू हो जाएगा। खर्च की निगरानी के लिए टीम का गठन किया जा चुका है। कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सभी राजनीतिक दल आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करना सुनिश्चित करें। कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार केवल निर्धारित किए गए स्थानों पर ही रैली एवं जनसभा कर सकते हैं और प्रचार से संबंधित होर्डिंग, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगा सकते हैं।

निशानदेही के लिए की सीएम विंडो में शिकायत

कैथल। गांव कोटड़ा निवासी एक किसान ने सीएम विंडो में शिकायत देकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि उसकी जमीन की निशानदेही करवाई जाए। इस बारे में सीएम विंडो में दी गई शिकायत में किसान महावीर सिंह ने कहा है कि उसकी गांव कोटड़ा में जमीन है जिसकी निशानदेही करवाने के लिए वह पहले भी दो बार सीएम विंडो में शिकायत दे चुका है लेकिन उसकी शिकायत रद्द कर दी जाती है। किसान का आरोप है कि तहसीलदार और पटवारी उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं और उसे बार-बार गुमराह कर रहे हैं। वह 10-12 साल से परेशान है। वह कई बार खेवट नंबर 78, 79, 80 की निशानदेही बड़े प्रार्थना पत्र दे चुका है और इसका खर्चा भी देने को तैयार है लेकिन उसकी निशानदेही नहीं हुई है।

संक्षिप्त समाचार

हमें किसी न किसी रूप में खुशी को मनाना चाहिए: शम्मी बंसल

करनाल। सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन के प्रागंण मे हर वर्ष की भांति वैश्य भवन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। फूलों की बरसात की गयी, गुलाल व चंदन का टीका लगाया व गले मिलकर सौहार्द की अनुकरणीय अनुभूति की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल ने उपस्थित समस्त सदस्यगण को व उनके परिवारजनों को होली की शुभकामनाऐ दीं व समाज और राष्ट्र की चहुंमुखी उन्नति की कामना की। उपस्थितजनों ने गुंजिया, लस्सी, मिष्ठान व गीत संगीत का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि हमें किसी न किसी रूप में खुशी को मनाना चाहिए। तनाव के दौर में हम जब हंसना और आपस में मिलना भूल गए हैं। तो होली जैसे त्योहार हमें हंसना सिखा जाते हैं। मिलन समारोह मे उपस्थित रहे ब्रज गर्ग, डॉ. पीके जैन, देसराज गुप्ता, डॉ. पीसी गुप्ता, रतन लाल बंसल, हेमराज मितल, प्रवीण बंसल, ओपी गर्ग, जगमाल गुप्ता, रवींद्र अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, विनोद गुप्ता, दीपक गुप्ता, भूषण गोयल, रतन जैन, पंकजमणि गोयल, प्रमोद सिंगला, कमल गुप्ता, राजेश गोयल आदि उपस्थित रहे। समारोह मे कई महानुभावों ने ट्रस्ट की सदस्यता भी ग्रहण की।

कंट्रोल रूम में मिलेगी नागरिकों को चुनावी संबंधी जानकारी

सोनीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि जिला के नागरिकों की सुविधा व लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 1950 व 0130-2211530 है। यह 24 घंटे व सातों दिन कार्य करेंगा। कोई भी मतदाता एवं आम नागरिक कंट्रोल रूम में लोकसभा आम चुनाव के संबंध में जानकारी ले सकता है। इस कंट्रोल रूम का नगर निगम सोनीपत के संयुकत आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है, जिसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की पूर्ण ईमानदारी से अनुपालना करें। चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की कोई सहायता व शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 1950 व 0130-2211530 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों व आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वतंत्र निष्पक्ष, स्वच्छ व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग दें। उपायुक्त ने जिला वासियों से भी आग्रह किया है कि वे शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अपनी अह्म भूमिका निभाये और लोकतंत्र प्रणाली को और ज्यादा मजबूत बनाये।

बिजली कर्मचारियों ने धरना किया स्थगित

पिहोवा। ऑल हरियाणा पॉवर कॉपोरेशन वर्कर यूनियन यूनियन पिहोवा यूनिट ने जो अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता बिजली विभाग पिहोवा के खिलाफ जो धरना प्रदर्शन चल रहा था। कार्यकारी अभियंता ने यूनियन के पदाधिकारियों को बातचीत के लिए बुलाया, जिसमें यूनिट प्रधान जोगिंद्र सिंह बिजली विभाग की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन यूनिट सचिव बिजली विभाग गुरचरण संधु ने किया। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष रावल गुप्ता, किसान सभा के अध्यक्ष सुखबीर लालर, सीटू के सचिव अनिल, रोशन लाल फौजी, रिटायर कर्मचारी ब्लॉक प्रधान सुरेश गुढ़ा, सर्व कर्मचारी संघ ब्लाक प्रधान बलवान मोर, सचिव मुकेश गोस्वामी थे।

भाजपा का पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने पर स्वागत : सुशील शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा का पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के 24 हजार बूथों,117 विधानसभा सीटों और सभी 13 लोकसभा सीटों पर कार्यकर्ता दृढ़ता के साथ काम कर रहे है। सुशील शर्मा ने कहा कि 800 के करीब जालंधर शहरी के बूथों पर भाजपा गठन कर चुकी है और इस बार जालंधर लोकसभा के हर बूथ,हर गांव, हर क्षेत्र में पार्टी मजबूत जनादार के बदौलत ही पार्टी जालंधर लोकसभा सीट पर अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश की मान सरकार में गुंडागर्दी, नशाखोरी पूरे प्रदेश में चरम सीमा पर है और इस बार जालंधर की जनता ने आप सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर इन्हें वोट न देने का मन बना लिया है।

उन्होंने कहा कि जालंधर में भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें लोगों को अपना सुनहरा भविष्य दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले सरकारों में भी भाजपा ने गठबंधन किया था और उस समय भी भाजपा की प्राथमिकता प्रदेश के चौमुखी विकास पर थी और अब पंजाब में अकेले चुनाव लड़ कर पार्टी केंद्र सरकार की विकासशील नीतियों को चुनाव जीत कर धरातल पर लागू करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए पंजाब और पंजाबियत सबसे पहल के आधार पर है और पंजाब में सरकार ना होते हुए भी केंद्र सरकार ने प्रदेश में आवास योजना के तहत लाखों आवास दिए,सम्मान निधि योजना में लाखों किसानों को लाभ दिए जोकि सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार ने पंजाब के किसानों की फसलों का अदायगी भुगतान समय सीमा पर किया और और फसलों के मूल्यों को बड़ी हुई एमएसपी के आधार पर वितरित किया।उन्होंने कहा कि अब विरोधियों के पास पंजाब में केंद्र सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं है इसकी बोखलाहट उनकी घटिया बयानबाजी से साफ झलक रही है।सुशील शर्मा ने ने कहा कि केंद्र सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर संगत के लिए खोला,पांच तख्तों के लिए ट्रेनें चलाई, 550 सालों का दिवस बड़ी हर्षोल्लास से मनाया। वीर बाल दिवस पर हर साल कार्यक्रमों का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पंजाब में 84 के दंगों के दोषियों को सजा दिलवाई, काली सूची खत्म करवाई,अमृतसर गुरु नगरी में जीएसटी खत्म किया,इसके साथ पंजाब में पीजीआई और कैंसर अस्पताल खुलवाए। पंजाब की तरक्की, अमन शांति और आपसी भाईचारे के लिए प्रदेश में भाजपा का होना जरूरी है। मोदी के दृढ़ संकल्प ने नई ऊर्जा भरी है।

लोकसभा चुनाव

इंडिया गठंबधन व भाजपा के बाद इनेलो ने भी शुरू किया चुनाव प्रचार, समता पार्टी वर्करों में नहीं दिख रहा उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होंगे। इसके चलते कुरुक्षेत्र लोक सभा क्षेत्र से करीब एक माह पहले सर्वप्रथम इंडिया गठबंधन ने अपने प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता को मैदान में उतारने का ऐलान किया। इसके बाद समता पार्टी ने नरेश जोगी और 16 मार्च को इनेलो ने राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला को मैदान में उतारा है। काफी चचाओं के बीच सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने भी आखिरकार 25 मार्च को अपने उम्मीदवार नवीन जिंदल को टिकट देने का ऐलान कर दिया है। कुरुक्षेत्र लोकसभा में 9 हल्के आते हैं, जिनमें थानेसर, शाहाबाद मारकंडा, लाडवा, पिहोवा, रादौर, कैथल, कलायत, पूंडरी व गुहला-चीका शामिल है। घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता व उनके समर्थक लगभग एक माह से चुनाव प्रचार में लगे हुए है। सुशील गुप्ता सभी 9 हलकों का जहां एक बार पूरा दौरा कर चुके हैं, वही हर हल्के में जाकर लगातार प्रचार कर रहे है। वही, हाल ही में भाजपा में शामिल हुए उद्योगपति नवीन जिंदल ने भी गत दिवस कुरुक्षेत्र और कैथल में चुनावी शंखनाद कर दिया है। वे पिपली रोड स्थित कुरुक्षेत्र लोकसभा के कार्यालय में भाजपा वर्करों से भी मिले। नवीन जिंदल ने भाजपा के कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिला कर घर-घर जाकर मोदी सरकार की नीतियों बारे आमजन को अवगत कराने का संदेश दिया। उधर, कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में उतरे इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला करीब 11 दिन बाद बुधवार को रादौर, लाडवा और शाहाबाद में वर्करों के बीच पहुंचे और उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कि इनेलो और समता पार्टी के समर्थकों में पिछले 10 दिन में कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा है। हालांकि इनेलो पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने करीब 10 दिन पहले कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में अभय चौटाला को कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बावजूद इनेलो ने चुनावी प्रचार का शंखनाद नहीं किया। चुनाव को लेकर इनेलो के वर्करों में उत्साह दिखाई न देना पार्टी के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। उधर, गत दिवस इनेलो के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी ने इनेलो पार्टी को अलविदा कहते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुरेश सैनी को भाजपा का पटका पहना कर शामिल किया। इससे राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

वर्तमान लोकसभा चुनाव भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का चुनाव: अनीता ढुल

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सीकरी ने गांव नरड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस पार्टी घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस, नारी न्याय कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर जा रही थी तो हर दरवाजे पर लोगों ने बताया कि भाजपा सरकार में घुटन महसूस कर रहे हैं क्योंकि इनके शासन मे उनकी कोई भी समस्या का हल नहीं निकल रहा है। हमारे बच्चे रोजगार के लिये विदेशों दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो चुके हैं। महिलाओं ने बताया कि इस सरकार मे महगाई इस कदर बढ़ गई है कि घर की रसोई चलाने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उनको हर दरवाजे पर लोग सरकार से नाराज दिखाई दिये। हमारी कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही पांच गारंटी के मैनिफेस्टो के तहत हर घर से एक गरीब महिला को सालाना एक लाख रुपया रोजगार गारंटी देगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अब इस वादा खिलाफ सरकार को इस लोकसभा चुनाव मे वोट की चोट से सबक सिखाने का समय आ गया है। हर नागरिक हित और देशहित मे लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता को विजयी बनाएं।

गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के लिए सोनीपत से श्रृद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

सिख धर्म में गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब का बड़ा धार्मिक महत्व

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

स्थानीय रेलवे स्टेशन से बुधवार को करतारपुर साहिब गुरुद्वारा के लिए सैकड़ों श्रृद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। इस मौके पर नगर निगम मेयर निखिल मदान रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और उन्होंने मौके पर मौजूद सभी श्रद्धालुओं को सरोपा भेंट कर सु:खद यात्रा की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी ने अपना अंतिम समय गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में गुजारा था। लगभग 18 साल गुरु नानक देव जी करतारपुर साहिब में रहे और वहीं उन्होंने अपने देह का त्याग किया। इसीलिए करतारपुर साहिब का सिख धर्म में बड़ा धार्मिक महत्व है।

रेलवे स्टेशन पर श्रृद्धालुओं के जत्थे को रवाना करते मेयर निखिल मदान

मेयर निखिल मदान ने कहा कि सिख सम्प्रदाय के संस्थापक और प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का जीवन एक धर्म विशेष के लिए ही नहीं अपितु समस्त मानव जाति के लिए मानवता और करुणा का उत्कृष्ट उदाहरण है। गुरु नानक जी ने सदैव दीन दु:खियों की सहायता करने की सीख दी और सद्कर्म पर चलने की राह दिखाई। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज हम सबको गुरु नानक जी के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने की बेहद आवश्यकता है, ताकि हम सब एक दूसरे के काम आ सकें। गुरु नानक जी ने सदैव समानता और भाईचारे का संदेश दिया जो आज के जीवन में बेहद जरूरी है। वो सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामनाएं देते हैं और सबकी मनोकामना पूरी हो ऐसी कामना करते हैं। इस मौके पर रमेश अरोड़ा, प्रेम नारंग, महेन्दर खुराना, पवन शर्मा, सुरेश अरोड़ा, वीरेंद्र, हरनाम सिंह, रमेश सुनेजा, प्रेम बत्रा, सुरेंद्र चुघ आदि मौजूद थे।

प्रदेश की एकमात्र हॉट सीट लोकसभा रोहतक पर रहेगी कांग्रेस और भाजपा की पैनी नजर

रोहतक लोकसभा सीट व बनने वाले सांसदों के नाम हैं कई रिकॉर्ड

पायनियर समाचार सेवा । रोहतक

भाजपा की ओर से हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर नामों की घोषणा हो चुकी है। वहीं भाजपा द्वारा दिये गये चार सौ पार के नारे का परिणाम कहे या कांग्रेस में मजबूत संगठन के ना होने के कारण हरियाणा की अभी एक भी सीट की घोषणा नही हुई है। खैर कांग्रेस को प्रत्याशियों के नाम की घोषणा तो करनी है। अभी तक राजनैतिक सर्वे करने वाली विभिन्न टीमों ने हरियाणा में नौ सीटों पर भाजपा को सबसे अधिक मजबूत और कांग्रेस की हालत नाजुक बता दी है। लेकिन प्रदेश की रोहतक लोकसभा एक सीट ऐसी है जिस पर कांग्रेस के साथ साथ भाजपा हाईकमान व उसका प्रदेश संगठन भी पैनी नजर बनाये हुए है। भाजपा ने एक बार फिर से इस सीट पर अपने धुरधंर अरविंद शर्मा पर दांव लगा दिया है। कांग्रेस की ओर से दीपेंद्र हुड्डा खुद चुनाव लड़ रहे हैं, भले ही उनके नाम की घोषणा नहीं हुई है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार कोई भी हो लेकिन यह चुनाव हुड्डा परिवार का ही माना जायेगा। रोहतक लोकसभा सीट के नाम बहुत से रिकार्ड स्थापित है। यही नहीं रोहतक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम भी बहुत से रिकार्ड है। इसे रिकार्ड धारियों की सीट होने के कारण भी इस सीट पर सब की नजर बनी हुई है।

दीपेंद्र हुड्डा और अरविंद शर्मा

यहां 1952 से 2014 तक ज्यादातर समय जाट समुदाय से ही सांसद बनाने वाली इस लोकसभा ने इस रिकार्ड को तोड़ते हुए पहली बार ब्राह्मण को सांसद बनाया। वहीं 2014 में भाजपा की सुनामी के चलते भाजपा यहां कमल खिलाने में असफल रही तो भाजपा ने 2019 में यह सीट जीतकर हरियाणा में दस की दस जितने का रिकार्ड बनाया। यहां से सबसे ज्यादा मतों से जितने का रिकार्ड यहां से पूर्व सांसद रहे दीपेंद्र हुड्डा के नाम रहा तो वहीं भाजपा के सांसद अरविंद शर्मा भी रिकार्ड बनाने में माहिर रहे है। हरियाणा के दूसरे निर्दलीय सांसद बनने और अलग अलग लोकसभा क्षेत्रों से सांसद बनने का रिकार्ड उनके नाम रहा है। बता दे कि अरविंद शर्मा अब तीसरी बार हुड्डा परिवार के खिलाफ तीसरी बार मैदान में उतर रहे है इससे पहले भी पहले 1999 में रोहतक लोकसभा सीट पर भूपेंद्र हुड्डा व 2019 में दीपेंद्र हुड्डा के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। अरविंद शर्मा ने ही भाजपा को पिछली बार रोहतक सीट पर पहली जीत दिलवाई थी।

रोहतक सीट के चुनाव जीत की महत्वता इसी बात से लगाई जा सकती है कि यहां कांग्रेस से जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गाधी, राजीव गांधी और भाजपा के प्रधानमंत्री रोहतक में अपनी रैलियां करके इस सीट को जीतने के लिए प्रचार करने आ चुके है। वैसे तो रोहतक लोकसभा सीट के भूतकाल पर बात की जाये तो पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर हुड्डा 1952 व 1957 में रोहतक से सांसद रहे। जबकि भूपेंद्र हुड्डा ने 1991, 1996, 1998 और 2004 में जीत हासिल की। दीपेंद्र 2005, 2009 व 2014 में जीत हासिल कर चुके हैं। जबकि चौधरी देवीलाल 1989 में रोहतक से न केवल सांसद बने, बल्कि देश के उप प्रधानमंत्री की कुर्सी भी हासिल की। इसके अलावा मुख्तार सिंह, शेर सिंह, स्वामी इंद्रवेश, कैप्टन इंद्रसिंह भी लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अब डॉक्टर अरविंद शर्मा भाजपा के टिकट पर दूसरी व वैसे तीसरी बार मैदान में आ गए हैं। पिछले चुनाव में भी परिणाम धड़कने बढ़ाने वाला था, क्योंकि चुनाव के अंतिम दौर तक परिणाम कठिन था।

चुनाव में नवीन जिंदल को करारा सबक सिखाएगी कुरुक्षेत्र की जनता: पूर्व मंत्री

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता तथा कांग्रेस वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा 30 मार्च को थानेसर हल्के के एक दर्जन से अधिक गांव में जनसभाएं आयोजित करके इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को वोट देने की अपील करेंगे। इन जनसभाओं की तैयारी को लेकर अशोक अरोड़ा ने आज केडीबी रोड स्थित अपने कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से इन चुनावी जनसभा में अधिक से अधिक भीड़ जुटाना की अपील की गई। बैठक में मेहर सिंह रामगढ़, जसमेर घराडसी, रणबीर बूरा, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, ओम प्रकाश पलवल सेवानिवृत्ति डीईटीसी, ओम प्रकाश हथीरा, राजकुमार चौधरी, टेकचंद बरना, सुभाष पलवल, कुलदीप हथीरा, सुभाष पाली, सुभाष मिजार्पुर, रोशन शर्मा सहित अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे। अशोक अरोड़ा ने कहा कि पिछले 9 साल में हरियाणा और देश में भाजपा सरकार ने कोई भी काम नहीं किया। जनता का हर वर्ग सरकार से दुखी है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र को अपना परिवार बताने पर तंज कसते हुए अरोड़ा बोले जब कुरुक्षेत्र की जनता कोरोना काल में त्राहि- त्राहि कर रही थी, आक्सीजन की कमी के कारण लोग मर रहे थे, दुकानदारों, रेहडी वालों, मजदूर हर किसी का काम धंधा चौपट हो गया था, रोटी के लाले पड़ गए थे। ऐसे समय में नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं इन लोगों का सहयोग कर रही थी। उस समय में नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र की जनता की (जिसे वह अब अपना परिवार बता रहे हैं) कोई सुध नहीं ली थी।

युवाओं में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए छात्रों ने कॉलेजों में दिलचस्प सेल्फी प्वाइंट बनाए

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर युवाओं में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और जालंधर लोकसभा क्षेत्र में 70 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पार करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों द्वारा दिलचस्प सेल्फी प्वाइंट तैयार किए गए हैं। .व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार के बारे में संवेदनशील और शिक्षित करना है। छात्रों द्वारा अपनी रचनात्मकता से सजाए गए ये सेल्फी पॉइंट नागरिक जिम्मेदारी और चुनावी भागीदारी का प्रतिनिधित्व करते हैं।संकाय सदस्यों और छात्रों ने इन

आकर्षक स्थानों पर सेल्फी लेने के अवसर का गर्मजोशी से स्वागत किया, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करेगा। जिला प्रशासन के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य मतदाताओं, विशेषकर युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने और देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। शिक्षण संस्थानों आदि के सहयोग से जिला जालंधर का लक्ष्य आगामी चुनावों में रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग कराना है। गौरतलब है कि जालंधर प्रशासन द्वारा इस कार्य को और बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियां तैयार की गई हैं।

युवाओं को खेलों में प्रतिभा दिखाने का अवसर गवाना नहीं चाहिए: राहुल सहरावत

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

गांव भैंसरू खुर्द में एक विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। ग्रामीण खेल कमेटी द्वारा आयोजित इस विशाल कुश्ती दंगल में राहुल सहरावत व सोनू पहलवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान मुख्य अतिथि राहुल सहरावत ने प्रथम नंबर कुश्ती विजेता को एक लाख 51हजार रुपये नकद पुरस्कार के तौर पर दिए। जिस पर आयोजन कमेटी एवं ग्रामीणों ने उनकी काफी सराहना की। विशेष बात है कि राहुल सहरावत हर वर्ष विभिन्न कार्यकर्मों में शामिल होने के दौरान करोड़ों रुपए दान एवं नकद पुरस्कार के तौर पर देते हैं। इस कुश्ती दंगल में हरियाणा प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी पहलवानों ने भाग

कुश्ती मुकाबले देखते हुए राहुल सहरावत एवं अन्य

लिया। सभी श्रेणी के विजेता पहलवानों को नगद इनाम राशि दी गई। दानवीर के नाम से विख्यात मुख्य अतिथि राहुल सहरावत व सोनू पहलवान ने विभिन्न श्रेणी में कुश्ती मुकाबले के लिए पहलवानों के परस्पर हाथ मिलवाए। इस दौरान उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राहुल सहरावत ने कहा कि कुश्ती एवं खेल हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। अपने जीवन में हर युवा को खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका जरूर मिलता है। कई युवा गलत संगत में पड़ कर इस महत्वपूर्ण मौके को गवा बैठते है। जिन्हें बाद में पछताना पड़ता है। किसी भी युवा को यह मौका गवाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में प्रदेश के युवा खिलाड़ी खेल उपलब्धियों में काफी आगे निकल रहे हैं जो आने वाली पीढ़ी के लिए नजीर हैं। खेल से न केवल खिलाड़ी के अच्छे करियर का निर्माण होता है बल्कि उसका स्वास्थ्य भी निरोग एवं बेहतर बना रहता है। इस अवसर पर ग्रामीण खेल कमेटी आयोजकों के अलावा उमेद पहलवान व समाज सेवी नवीन सहरावत आदि लोग मौजूद थे।

एचआईवी रोगी ने पेट के कैंसर पर विजय प्राप्त की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

एक ऐसी यात्रा में जो अद्भुत सटीकता का उदाहरण देती है, कैरिन जबिा (बदला हुआ नाम) ने पेट के कैंसर के गंभीर निदान पर विजय प्राप्त की। कैमरून की 51 वर्षीय एचआईवी पॉजिटिव मरीज के सामने काफी मुश्किलें खड़ी थीं, लेकिन भाग्यशाली रूप से, उन्होंने खुद को शेल्बी सनर इंटरनेशनल अस्पताल, गुरुग्राम के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख और निदेशक, डॉ. अर्चित पंडित की विशेष देखभाल में पाया। विकट बाधाओं के खिलाफ आशा और अटूट मजबूत संकल्प को अपनाते हुए, उन्होंने मल्टी-ऑर्गन रिसेक्शन सर्जरी करवाई। ऑपरेटिंग थिएटर में, सर्जिकल टीम को एक भयंकर दुश्मन का सामना करना पड़ा एक मास जो महत्वपूर्ण अंगों-लिवर के साथ-साथ बड़ी और छोटी आंतों से जुड़ा हुआ था। मेडिकल टीम ने कैंसर के खिलाफ श्रीमती कैरिन की

लड़ाई के मील के पत्थर के रूप में डिस्टल गैस्ट्रेक्टोमी, एन-ब्लॉक लिवर वेज रिसेक्शन, मिड ट्रांसवर्स कोलेक्टॉमी और प्रॉक्सिमल जेजुनल रिसेक्शन के साथ मल्टी-ऑर्गन रिसेक्शन यात्रा शुरू की। वहाँ काफी संख्या में नोड्स मौजूद थे, और उन्हें सावधानीपूर्वक डिसेक्ट किया गया था। सर्जरी के पर्दे बंद होते ही, श्रीमती कैरिन का स्वास्थ्य सुधारने का सफर शुरू हुआ। स्थिर शारीरिक जीवन वाइटल्स और अटल संकल्प के साथ, उन्होंने सारे बाधाओं का मुकाबला किया और पाँचवें दिन अस्पताल से डिस्चार्ज हो गई। पेट के कैंसर की गंभीरता पर विचार करते हुए, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक और एच.ओ.डी, डॉ. अर्चित पंडित ने कहा, पुरूषों में पांचवें और महिलाओं में सातवें सबसे आम कैंसर के रूप में, पेट के कैंसर का इलाज करना चुनौतीपूर्ण है और मुश्किल है। आमतौर पर, सर्जरी के समय, कई बार पेट में स्थानीय या दूर तक फैले होने के कारण यह विफल पाया जाता है। अपने मरीज के बारे में उन्होंने टिप्पणी की, उसे पेट के कैंसर के लिए मल्टी-ऑर्गन रिसेक्शन से गुजरना पड़ा, जहां लिवर का एक हिस्सा, बड़ी आंत और छोटी आंत का एक हिस्सा हटा दिया गया। श्रीमती कैरिन जैसे इम्म्यूनॉकॉमप्रोमाइड रोगियों के मामलों में, मल्टी-ऑर्गन रिसेक्शन और भी अधिक मुश्किल हो जाता है, जिससे परेशानी बढ़ जाती है।

ड्यूरोप्लाई ने पॉडकास्ट सीरीज श्बियॉन्ड ब्लूप्रिंट्स लॉन्च की

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

भारत के सबसे प्रीमियम प्लाईवुड निर्माताओं में प्रमुख और सबसे अनुभवी कंपनी ड्यूरोप्लाई ने अपनी नई पहल बयान्ड ब्लूप्रिंट्सस पॉडकास्ट सीरीज लॉन्च की है। इस पॉडकास्ट सीरीज में इंटीरियर डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स बताएंगे कि उन्हें यह प्रोफेशन अपनाने की प्रेरणा कहां से मिली और किन घटकों की मदद से उन्होंने अपनी डिजाइन फिलॉसफी को लगातार बेहतर बनाया है। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री अखिलेश चितलांगिया इस अनोखी पॉडकास्ट सीरीज के मेजबान हैं। इस पॉडकास्ट सीरीज में घरों की डिजाइनिंग की नई उभरती जरूरतों के बारे में बताया गया है। बढ़ती समृद्धि के साथ आज ज्यादा से ज्यादा भारतीय अपने घरों की इंटीरियर डिजाइनिंगए प्रोफेशनल इंटीरियर डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स से करा रहे हैं। आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइ नर्स के साथ साक्षात्कार के सभी वीडियो यूट्यूब पर ड्यूरो टीवी चैनल पर उपलब्ध हैं और पॉडकास्ट के सभी एपिसोड्स स्पॉटीफाई पर बियॉन्ड ब्लूप्रिंट्स सर्च करने पर पाए जा सकते हैं। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री अखिलेश चितलांगिया ने कहाए हमारा मानना है, कि हर कोई बेहतर तरीके से डिजाइन किए गए घर में रहने का हकदार है, जो उनके व्यक्तिगत स्टाइल और पसंद की झलक पेश करता हो। बियॉन्ड ब्लूप्रिंट्स के साथ हमें इंटीरियर डिजाइन और आर्किटेक्टर की दुनिया की रहस्य की परतों को खोलने की उम्मीद है, जिससे डिजाइनिंग का कॉन्सेप्ट सभी की समझ में आएगा और सभी अपने घरों को खुद की पसंद के अनुसार डिजाइन करा सकेंगे। जिससे सभी को सुविधा हो।

संक्षिप्त समाचार

डीटीपी विभाग ने अवैध निर्माण को किया सील

कैथल। जिला योजनाकार विभाग की ओर से बुधवार को कैथल की राजस्व संपदा गांव कुलतारन में स्थित एक अवैध होटल को जिला प्रशासन के सहयोग से सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को सील करने के लिए स्थल पर पहुंचा और नियमानुसार कार्यावाही को अमल में लाया गया। विभाग के संज्ञान में राजस्व सम्पदा गांव कुलतारन में अवैध रुप से चल रहे होटल का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को पीएसआर एक्ट 1963 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और ना ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। इसलिए विभाग की तरफ प्रशासन के सहयोग से अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

अवैध निर्माण को सील करते हुए अधिकारी

तीन महीने से नहीं मिला स्वीपर और माली को वेतन

अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यूनियन के सदस्य

कैथल। ऑल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर्ज यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की गेट मीटिंग तीसरे दिन में प्रवेश कर गई। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता दीपेंद्र कोहली ने की और मंच का संचालन अजय कौशिक ने किया। गेट मीटिंग में एक्सियन ऑपरेशन कैथल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। आज की गेट मीटिंग में सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि विद्युत सदन पर बैठे अधिकारी अपने आप को विभाग के नियम कायदे से ऊपर समझते हैं क्योंकि जिन कर्मचारियों की सेक्शन हेड ऑफिस से पार्ट-2 में आई है उनको ये अधिकारी अपनी मर्जी से पार्ट 1 में भेज रहे हैं। इसके इलावा विभाग में स्वीपर और माली की पोस्ट पर पॉवर हाउस के अंदर काम कर रहे कर्मचारियों को तनख्वा मिले तीन महीने हो गए हैं और आगे भी कोई उम्मीद नहीं है क्योंकि इन अधिकारियों की गलती से उनकी जो सेक्शन आनी थी वो भी इनकी गलती से रुकी हुई है। जब यूनियन इन दोनों ही मांगों के बारे में बात करती है तो अधिकारियों की तरफ से कोई जवाब नहीं आता, उल्टा उच्च अधिकारियों की गलती बोल कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं जिस वजह से यूनियन ने मजबूर होकर गेट मीटिंग शुरू की है।

रोहतक की नहर में डूबा युवक, नहीं लगा सुराग

रोहतक। रोहतक की नहर में आये दिन किसी न किसी युवक के डूबने का मामला सामने आता ही रहता है तो वहीं बदमाशों के लिए हत्या कर शवों को डंप करने का भी आसान रास्ता है। अब रोहतक से गुजर रही जुई फीडर नहर में एक युवक के डूबने की सुचना है। उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। तलाशने के लिए एनडीआरएफ की टीम भी जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गया था, इसी दौरान वह नहर में डूब गया। युवक हिसार जिले के गांव पुट्ठी का रहने वाला है। युवक की पहचान हिसार जिले के गांव पुट्ठी निवासी करीब 21 वर्षीय आशीष के रूप में हुई। जो फाग के दिन रोहतक जिले के गांव सैमाण के पास से गुजरने वाली जुई फीडर नहर में दोस्तों के साथ नहाने के लिए आया था। इसी दौरान वह नहर में डूब गया, वहीं आसपास के लोगों ने इसका पता लगने के बाद बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे बचा नहीं सके। अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

रसना ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मी के साथ ही हर साल की तरह इस साल भी रसना एक नए अभियान के साथ सामने आई है, जो न केवल उनके 21 विटामिन और मिनरल्स पर प्रकाश डालता है जो हमें ऊर्जावान बनाते हैं, बल्कि उन भावनाओं को भी उजागर करता हैं जो प्रेम, प्रसन्नता, जोश के विटामिन हैं। व्यापक अनुसंधान और उत्पाद स्वाद परिणामों के आधार पर, रसना को वास्तविक फलों के अर्क के साथ एक विटामिन, मिलरल और ग्लूकोज पेय के रूप में पुन: तैयार किया गया है। नया अभियान रसना के ग्राहकों और उनकी बाकी आवश्यकताओं को समझने में सहायता करने के लिए पूरे भारत में किए गए व्यापक बाजार अनुसंधान का परिणाम है। यह सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर ए और बी परिवारों को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक, स्वस्थ और बेहतरीन स्वाद पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इसे एक स्वादिष्ट, और स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में पुर्नस्थापित करता है, जो ऊर्जा, जोश, खुशी और महत्वपूर्ण विटामिन, विटामिन के साथ उत्प्रेरक के रूप में काम करता है। रसना के पास अपने सब ब्राण्ड रसना हेल्दी डे के तहत एक संपूर्ण वेलनेस रेंज भी है, जिसमें शुद्ध हनी, प्रोटीन पाउडर, हनी,माल्ट-आधारित पाउडर, चॉकलेट स्प्रेड, इंस्टेंट सूप आदि शामिल हैं। इस वर्ष के अभियान का मुख्य आकर्षण फेस ऑफ युथ तमन्ना भाटिया का शामिल होना है। वास्तव में, तमन्ना बचपन से ही रसना की प्रशंसक रही हैं और रसना का सेवन करती रही हैं, और वास्तविक जीवन में एक बच्चे के रूप में लव यू रसना कहने की उनकी एक अलग याद है और यही कारण है कि उन्हें अपने साथ शामिल करना स्वाभाविक था। विज्ञापन का भावनात्मक पहलू केवल विज्ञापन देखने से भी यही साबित होगा। रसना के नए ब्राण्ड अभियान के अनावरण के अवसर पर रसना ग्रुप के ग्रुप चेयरमैन पिरूज खंबाटा ने कहा, हमें बहुत गर्व है कि तमन्ना भाटिया जैसी सेलिब्रिटी भी रसना को अपने बचपन की पसंदीदा होने का समर्थन करने के लिए इतनी उत्सुक थी। आज रसना न केवल प्रसिद्ध हस्तियों बल्कि भारत के सूदूर गांवों में रहने वाले लोगों द्वारा भी उपभोग किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि रसना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई चेन में अपनी सीधी पैठ के साथ यह सुनिश्चित कर रहा है, कि किसानों को उनकी फसलों का दोगुना मूल्य मिले।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 '' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी का नाम	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
श्री लीलूराम, श्री राहुल कुमार, श्रीमती कल्लू खाता सं. LNBHI00522-230253346	27 मार्च 2024 ₹ 837585/- 27 मार्च 2024	आराजी जराई ताड़ाड़ी 02 मरला अलावलपुर उप तहसील धारूहेड़ा तहसील रेवाड़ी जिला रेवाड़ी मुस्तिल नं.-09 किला नं.-09 किला नं. 22/2(2-9), 23/2(2-9), 23/2(2-9), 24/2(2-9) मुस्तिल नं. 17 किला नं. 3(8-), 4(8-0) धारूहेड़ा रामजस नगर, हरियाणा 123106 **क्षेत्रफल 60. वर्ग गज**
श्री मनोज कुमार, श्री उमा यादव जमानतदार : श्री राजेश कुमार खाता सं. LNBHI02919-200117580	27 मार्च 2024 ₹ 1286362/- 27 मार्च 2024	आवासिय सम्पत्ति स्थित खेवत नं. 463, खतौनी नं. 485, मुस्तसिल नं. - 68, किला नं. 20/1/1 कमला नगर धारूहेड़ा तह धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी हरियाणा 123106 **क्षेत्रफल (182+90=272 वर्ग गज)**

स्थान : जयपुर दिनांक 28.03.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई शक्ति दिखाई जा सकती है : वायु सेना प्रमुख

एजेंसी। नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बुधवार को कहा कि बालाकोट जैसे अभियानों ने साफ कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो दुश्मन की सीमा से परे जाकर हवाई ताकत दिखाई जा सकती है। भविष्य के संघर्षों में हवाई शक्ति विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे देश तेजी से अंतरिक्ष-आधारित संसाधनों पर निर्भर हो रहे हैं, अंतरिक्ष का सैन्यीकरण और शस्त्रीकरण अपरिहार्य वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा, मानव इतिहास में, आकाश को अक्सर आश्चर्य और अन्वेषण का क्षेत्र माना गया है, जहां सपने उड़ान भरते हैं और सीमाएं विशाल नीले विस्तार में विलीन हो जाती हैं।

वायु सेना प्रमुख ने कहा, फिर भी, इस शांति के नीचे प्रतिस्पर्धा से भरा एक क्षेत्र है, जहां हवाई श्रेष्ठता के लिए प्रतिस्पर्धा ने कई देशों की नियति को आकार दिया है और कई युद्धों के नतीजे तय किए हैं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हम इन अज्ञात आसमानों में यात्रा कर रहे हैं, वायु शक्ति राष्ट्रीय शक्ति का एक प्रमुख घटक होने के नाते निस्संदेह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राष्ट्रीय शक्ति के प्रतीक, शांति और सहयोग के लिए एक उपकरण के रूप में भी काम करेगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा, हम सभी को मानना होगा कि भविष्य की जंग अलग-अलग तरीके से लड़ी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि भविष्य के संघर्ष गतिज और गैर-गतिशील बलों के एक साथ अनुप्रयोग, उच्च स्तर की युद्ध स्थल पारदर्शिता, बहुआयामी परिचालन, उच्च स्तर की सटीकता, अधिक घातकता आदि के मिले-जुले रूप पर आधारित होंगे और निश्चित रूप से इन सभी पर गहन मीडिया निगरानी रहेगी। वायु सेना प्रमुख ने कहा, बालाकोट जैसे अभियानों से साफ हो जाता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो हवाई शक्ति का उपयोग दुश्मन की सीमा से परे, बिना युद्ध और बिना शांति के परिदृश्य में, परमाणु खतरे की स्थिति में, पूरी तरह संघर्ष की स्थिति में बढ़े बिना किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सैन्य अभियानों के लिए अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के तौर पर उभरा है जहां निर्बाध संचार, मार्ग निर्देशन और निगरानी क्षमताएं आधुनिक सैन्य बलों की बने रहने की क्षमता को बढ़ाएंगी। वायु सेना ने 14 फरवरी को हुए पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी प्रशिक्षण शिविर पर हमला बोला था। पाकिस्तान की वायु सेना ने अगले दिन ही जवाबी कार्रवाई कर जम्मू कश्मीर में अनेक सैन्य प्रतिष्ठानों पर निशाना साधा था लेकिन वे असफल रहे थे।

मिजोरम में 43.4 लाख की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

एजेंसी। आइजोल

मिजोरम के चंफाई जिले में 43.4 लाख रुपए कीमत की हेरोइन जब्त की गई है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स ने एक बयान में यह जानकारी दी।

गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स तथा मिजोरम आबकारी एवं स्वापक नियंत्रण विभाग की एक संयुक्त टीम ने सोमवार को भारत-म्यांमा सीमा के नजदीक जोटे गांव में छापेमारी की और 62 ग्राम हेरोइन जब्त की। बयान में कहा गया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। इसमें बताया गया कि जब्त की गई हेरोइन और आरोपी व्यक्ति को आगे की कानूनी कार्वाई के लिए आबकारी एवं स्वापक नियंत्रण विभाग को सौंप दिया गया है।

महिला को निर्वस्त्र करने के बाद पीटते हुए गांव में घुमाया गया

एजेंसी। इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में होली के त्योहार पर 30 वर्षीय महिला को मामूली विवाद में दिनदहाड़े निर्वस्त्र करके पीटने और आम रास्ते पर घुमाने के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुनील मेहता ने बताया कि गौतमपुरा थाना क्षेत्र के बछोड़ा गांव में सोमवार को होली के त्योहार पर चार महिलाओं ने एक महिला को उसके घर से जबरन बाहर निकालकर पीटा और सरेआम निर्वस्त्र करके अपमानित किया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मेहता ने बताया कि उन्होंने बुधवार को गांव का दौरा किया। उन्होंने बताया कि गांव में हालात शांतिपूर्ण हैं, लेकिन अपने साथ अपमानजनक कृत्य से क्षुब्ध होकर पीड़ित महिला अपने मायके चली गई है। मेहता ने बताया कि आरोपियों में शामिल एक महिला को संदेह था कि पीड़ित महिला उसकी सास को उसके खिलाफ भड़का रही है और वह उसकी सास को उसे बिना बताए मंदसौर ले गई थी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीड़ित और आरोपी पक्ष की महिलाएं अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से ताल्लुक रखती हैं। मेहता ने बताया कि गांव के कुछ तमाशबीनों ने महिला के साथ हुए अपमानजनक कृत्य का वीडियो बनाकर इसे प्रसारित किया था और इन लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ उचित कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। चश्मदीदों ने बताया कि आरोपी महिलाओं ने पीड़ित महिला को उसके घर से खींचकर बाहर निकाला और निर्वस्त्र कर दिया।

उन्होंने बताया कि घटना के समय पीड़ित महिला रहम की गुजारिश करती रही, लेकिन आरोपी महिलाओं ने उसकी एक न सुनी और उन्होंने सरेआम उसके कपड़े फाड़कर उसे निर्वस्त्र कर दिया तथा उसे इसी हालत में पीटते हुए गांव के आम रास्ते पर कुछ दूर तक ले जाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना को लेकर भारतीय दंड विधान की धारा 323 (मारपीट), धारा 354-ए (लैंगिक उत्पीड़न) और धारा 452 (मारपीट की तैयारी के बाद जबरन घर में घुसना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों की पिटाई

जयपुर। राजस्थान के अलवर जिले में गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों की कथित तौर पर पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना अलवर के खुशखेड़ा थाना इलाके में बुधवार तड़के करीब तीन बजे हुई और चारों लोग हरियाणा के रहने वाले हैं। खुशखेड़ा थानाधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि गश्ती अधिकारी को सूचना मिली कि कुछ स्थानीय लोगों ने एक पिकअप वाहन पकड़ा है, जिसमें गायों की तस्करी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कथित तौर पर गायों की तस्करी कर रहे चार लोग घायल अवस्था में पाए गए। अधिकारी के अनुसार उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और पिकअप वाहन में बरामद सात गायों को गौशाला भेजा गया है। यादव ने कहा, आरोप है कि ये लोग गायों की तस्करी कर रहे थे। वाहनों को पकड़ने वाले स्थानीय लोगों ने बताया कि वहां से भागने की कोशिश में चारों लोग घायल हो गए। हालांकि, जांच में यह स्पष्ट हो जाएगा कि क्या स्थानीय लोगों ने उनकी पिटाई की थी या नहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ गौ तस्करी का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

चोटिल लड्डू गोपाल की मूर्ति को लेकर अस्पताल पहुंचा श्रद्धालु

एजेंसी। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर जिले में पेश आए एक अजीबोगरीब वाकए के तहत एक भक्त लड्डू गोपाल की मूर्ति को चोट लगने पर उसे एंबुलेंस से लेकर अस्पताल पहुंचा। फूट-फूट कर रो रहे उस शख्स की श्रद्धा को देखकर डॉक्टरों ने लड्डू गोपाल का चिकित्सीय परीक्षण और उपचार किया। जिले के खुटार थाना क्षेत्र स्थित सुजानपुर गांव का रहने वाला रिंकू मंगलवार की शाम सरकारी एंबुलेंस से लड्डू गोपाल की एक छोटी मूर्ति को लेकर स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचा और डॉक्टर को बताया कि लड्डू गोपाल को नहलाते समय वह उसके हाथ से छूट गए जिससे उन्हें चोट लग गई। उसने अपील की कि डॉक्टर उनका फौरन इलाज करें। खुटार के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर अंकित वर्मा ने बुधवार को बताया कि रिंकू मंगलवार शाम को 108 सेवा की एंबुलेंस से लड्डू गोपाल को लेकर खुटार के सरकारी अस्पताल पहुंचा था। इस दौरान रो रहे रिंकू ने बताया कि वह शाम को लड्डू गोपाल को स्नान करा रहा था तभी वह उसके हाथ से छूटकर गिर गए, जिससे उन्हें चोट लग गई।

स्नान कराते वक्त लड्डू गोपाल हाथ से फिसलकर गिरे हुआ ईलाज

उन्होंने बताया कि रिंकू के भक्ति भाव को देखते हुए उसकी संतुष्टि के लिए चिकित्सकों ने लड्डू गोपाल की मूर्ति का चेकअप किया और दवा लगाई। मगर रिंकू लड्डू गोपाल को अस्पताल में भर्ती करने की जिद करता रहा। हालांकि बाद में डॉक्टरों ने उसे समझाया कि लड्डू गोपाल अब बिल्कुल ठीक हैं। करीब दो घंटे बाद लड्डू गोपाल को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के मंजर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रिंकू रोते हुए लड्डू गोपाल की मूर्ति को चूम रहा है और सीने से लगा रहा है। क्षेत्र में इस घटना की खासी चर्चा है।

उप्र में बेकाबू कार पलटने से चार लोगों की मौत

बिजनौर। बिजनौर जिले के नजीबाबाद क्षेत्र में बुधवार को एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने बताया कि अमरोहा जिले के बछरायुं क्षेत्र में स्थित सरकडा गांव का निवासी मेहरचन्द (55) अपने दो बेटों प्रवेन्द्र (35) और रतन सिंह (30) तथा अपने साले देवेन्द्र (58) के साथ कार से कहीं जा रहा था। रास्ते में नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गुनियापुर गांव के पास उनकी गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कार सवार चारों लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

फोन पर ऊंची आवाज में बात करने को लेकर हुई बहस में बेटे को मार डाला

एजेंसी। नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर जिले के एक गांव में एक व्यक्ति ने फोन पर ऊंची आवाज में बात करने को लेकर हुई बहस के बाद अपने बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को नागपुर शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर पिपरा गांव में घटी और अगले दिन अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी रामराव काकड़े को गिरफ्तार कर लिया गया। बेला पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, काकड़े द्वारा फोन पर ऊंची आवाज में बात करने को लेकर बेटे सूरज ने आपत्ति जताई तो दोनों के बीच बहस हो गई, जिसके बाद काकड़े ने सूरज पर स्टील की रॉड से वार कर दिया। सूरज को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना के वक्त पिता-पुत्र दोनों शराब के नशे में थे। उन्होंने बताया कि काकड़े के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

रूस-यूक्रेन युद्ध में मजबूरन शामिल हुए दो की जल्द वतन वापसी : मुरलीधरन

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

निजी एजेंसियों द्वारा रूसी सेना में भर्ती कराने के बाद यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने वाले केरल के चार युवाओं में से दो जल्द ही अपने परिवारों के पास लौट आएंगे। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने यह जानकारी दी। विदेश राज्य मंत्री ने मंगलवार की शाम को कहा कि भारतीय दूतावास रूस से उनकी वापसी के लिए युवाओं के यात्रा दस्तावेज तैयार कर रहा है।

अत्तिंगल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मुरलीधरन ने कहा, हमें उम्मीद है कि वे जल्द ही घर लौटेंगे। राज्य के शेष दो युवाओं को लेकर राज्यमंत्री ने कहा कि विदेश मंत्रालय उनकी वापसी के लिए भी रूस की सरकार से बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, आश्वस्त रहें, हम उनकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन युवाओं के परिजनों के अनुसार एक भर्ती एजेंसी 2.5 लाख रुपए के वेतन के वादे पर उन्हें रूस ले गई थी। इससे पहले, मुरलीधरन ने कहा था कि अधिकारियों ने उन एजेंसियों की जांच शुरू कर दी है, जिन्होंने रूस में अच्छी कमाई वाली नौकरियों का वादा कर भारतीयों को युद्ध प्रभावित यूक्रेन भेजने के लिए भर्ती किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार युद्ध प्रभावित क्षेत्र में फंसे सभी भारतीयों की वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और उन्हें भर्ती करने वाली एजेंसियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया जारी है।

बिग बॉस विजेता फारुकी समेत 14 लोग हिरासत में

एजेंसी। मुंबई।

दक्षिण मुंबई में पुलिस की छापेमारी के दौरान हुक्का पीते हुए पाए जाने के बाद स्टैंड-अप कॉमेडियन और बिग बॉस-17 के विजेता मुनव्वर फारुकी सहित 14 लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने बोरा बाजार इलाके में स्थित एक हुक्का बार में मंगलवार रात करीब 10.30 बजे छापेमारी शुरू की जो बुधवार सुबह पांच बजे तक जारी रही। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हुक्का बार में छापेमारी के दौरान स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी और अन्य लोग वहां हुक्का पीते हुए पाए गए। हमारे पास उनके इस कृत्य का एक वीडियो भी है, जिसके बाद हमने फारुकी सहित अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया, लेकिन बाद में उन्हें जाने दिया गया क्योंकि उनके खिलाफ लगाई गई धाराएं जमानती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हुक्का बार में कुछ लोग हर्बल हुक्के की आड़ में तंबाकू वाले हुक्के पी रहे थे। अधिकारी ने कहा कि फारुकी और अन्य पर भारतीय दंड संहिता की धारा 283 और 336 के साथ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर मार्ग पुलिस ने फारुकी और अन्य को नोटिस जारी किया जिसके बाद उन्हें जाने की अनुमति दे दी गई।

तिरुवनंतपुरम में एक फ्लैट में महिला चिकित्सक मृत मिली

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

सरकारी मेडिकल कॉलेज सह-अस्पताल की एक महिला चिकित्सक यहां एक फ्लैट में मृत पाई गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभिरामि बालाकृष्णन उल्लूर के पास एक फ्लैट में अचेत अवस्था में मिलीं। वह मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत थीं। मेडिकल कॉलेज पुलिस ने बताया कि यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है और जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, सामान्य चिकित्सा में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह सरकारी मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में काम कर रही थीं।

उन्होंने बताया कि संभवत: चिकित्सक ने खुद को किसी दवा का इंजेक्शन लगाया होगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आधिकारिक तौर पर पुष्टि की जा सकती है। वेल्लानाड की मूल निवासी बालाकृष्णन कुछ समय से फ्लैट में रह रही थीं। उनके परिजनों ने फ्लैट के मालिक को संपर्क कर बताया कि वह उनका फोन नहीं उठा रही है, जिसके बाद इस घटना के बारे में पता चला। पुलिस ने बताया कि बाद में उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ माह पहले अभिरामि की शादी एक अन्य चिकित्सक से हुई थी, जो राज्य के बाहर काम करते हैं।

ट्रेन के एसी कोच में आग लगी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी। आरा-हाजीपुर

बिहार के भोजपुर जिले में गजराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कारीसाथ रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि एक ट्रेन की एक वातानुकूलित (एसी) बोगी में अचानक आग लग गई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि जिस डिब्बे में आग लगी थी, उसे ट्रेन के अन्य डिब्बों से अलग कर दिया गया और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 01410 (दानापुर - लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस) कारीसाथ स्टेशन से रात्रि 12.15 बजे रवाना हुई, जिसके बाद इसके एक कोच में आग लगने की घटना संज्ञान में आई। उन्होंने बताया कि कोच में लगी आग को बुझा दिया गया। उन्होंने कहा कि इस डिब्बे में आरा स्टेशन तक किसी भी यात्री की बुकिंग नहीं थी और अलग किए गए अन्य डिब्बों को बाद में ट्रेन से जोड़कर गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। कुमार ने बताया कि इस हादसे के कारण उक्त मार्ग पर ट्रेन परिचालन लगभग 4 घंटे बाधित रहा।

भोजपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि घटनास्थल सुनसान जगह होने तथा वहां पर सड़क मार्ग से संपर्क नहीं होने के कारण काफी कठिनाई के बाद पुलिस के सहयोग से दमकल कर्मियों को वहां पर पहुंचाया गया तथा काफी मशक्कत के बाद उक्त एसी कोच में आग पर काबू पाया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से ही आग लगने की बात प्रकाश में आई है। अधिकारी ने कहा कि घटना की और गहराई से जांच के लिए भोजपुर पुलिस, रेलवे पुलिस तथा रेलवे विभाग के साथ लगातार संपर्क में है।

मंगलूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

मंगलूरु। रिश्वत लेने के आरोप में पकड़े गए मंगलूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के आयुक्त मंसूर अली और उनके कथित दलाल मोहम्मद सलीम को स्थानीय अदालत ने मंगलवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मुडा के आयुक्त मंसूर अली को 23 मार्च को लोकायुक्त पुलिस के अधिकारियों ने जाल बिछाकर मंगला स्टेडियम के पास से एक दलाल के माध्यम से 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। लोकायुक्त पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि स्थानीय अदालत ने आयुक्त मंसूर अली एवं उसके दलाल मोहम्मद सलीम को सोमवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

सिमडेगा में जंगली सुअर के हमले में व्यक्ति की मौत

पायनियर समाचार सेवा। सिमडेगा

झारखंड के सिमडेगा जिले की एक पंचायत में मंगलवार को एक जंगली सुअर के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा अन्य नौ लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद इलाके में आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। यह घटना राजधानी रांची से लगभग 140 किलोमीटर दूर पिथरा पंचायत में मंगलवार की सुबह हुई थी। तब ग्रामीण होली का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे थे। वन अधिकारी एस. एस. चौधरी ने बताया, होली का जश्न मनाने के लिए इकट्ठा हुए लोगों पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य छह लोग घायल हो गए। बाद में अन्य तीन लोग भी घायल हुए। सिमडेगा के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) सुमंत तिर्की ने बताया कि ऐहतियात के तौर पर पंचायत में धारा-144 लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा, ग्रामीण जंगली सुअर को ढूंढ कर भगाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में जान-माल का नुकसान भी हो सकता है। निषेधाज्ञा के आदेश के तहत पांच या उससे अधिक लोग इकट्ठा नहीं हो सकते है। इसके अलावा, ग्रामीणों से लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं करने के लिए कहा गया है। पिथरा में सुअर को ढूंढ कर उसे जंगल में ले जाने के लिए बुधवार की सुबह से ही वन विभाग की टीमें तैनात कर दी गई हैं। चौधरी के मुताबिक, ऐसी संभावना है कि ग्रामीणों ने जंगली सूअर को घायल कर दिया होगा, जिससे आक्रामक होकर उसने लोगों पर हमला किया।

उन्होंने कहा, यह एक नर जंगली सुअर है। आमतौर पर नर सुअरों को बहुत आक्रामक माना जाता है और वे बहुत तेज दौड़ते हैं। वन अधिकारी ने कहा कि हमले में घायल हुए नौ लोगों में से चार को रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) स्थानांतरित किया गया है।

संबलपुर में बम फेंके जाने से दो लोग घायल

एजेंसी। संबलपुर

ओडिशा के संबलपुर जिले में अज्ञात व्यक्तियों ने देशी बम फेंके, जिसमें कम से कम दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार की रात टाउन थाना क्षेत्र के पीरबाबा चक में हुई थी। हमलावरों द्वारा फेंके गए देशी बम, वहां आगे खड़ी मोटरसाइकिल पर लगे और उनके छर्रे निकलने से वाहन के पास खड़े दो लोग घायल हो गए। संबलपुर के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार भामू ने बताया, इस घटना में घायल हुए लोग खतरे से बाहर हैं और स्थिति नियंत्रण में है। मामले की जांच की जा रही है। संबलपुर के जिलाधिकारी अक्षय सुनील अग्रवाल ने लोगों से शांति बनाए रखने और फर्जी खबरों पर विश्वास न करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस घटना की जांच कर रही है। घबराएं नहीं और प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस घटना के कारण का अभी तक पता नहीं चला है और अभी तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

एक बम मोटरसाइकिल की सीट पर गिरा था, जिससे उसमें आग लग गई थी। भामू और उत्तरी क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक हिमांशु कुमार लाल ने घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। घटनास्थल की घेराबंदी कर केंद्रीय सशस्त्र बलों को भी तैनात किया गया है। संबलपुर में अप्रैल 2023 में हनुमान जयंती के जुलूस के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई दुकानें भी जलकर खाक हुई थीं।

स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अपूरणीय क्षति : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखे संदेश में कहा, रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दु:खद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने इसी संदेश में आगे कहा, परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और रामकृष्ण परिवार को यह अथाह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। वर्ष 2017 में रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष बने श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज को संक्रमण के कारण इसी साल 29 जनवरी को कोलकाता स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था।

पीएम को राष्ट्र सर्वोपरि, विपक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधरः योगी

गाजियाबाद में भाजपा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में गरजे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, बोले- एक वोट से निकली भव्य कांवड़ यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ/गाजियाबाद/ मथुरा

भाजपा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव को फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले विपक्ष और नेशन फर्स्ट की बात करने वाले सत्तापक्ष के बीच का मुकाबला करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि विपक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधर है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में कतई बर्दाश्त नहीं के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद, मेरठ और मथुरा में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए विपक्ष पर हमला किया और कहा, एक पक्ष (विपक्ष) के लिए परिवार पहले है तो मोदी जी के नेतृत्व में जो पक्ष है उसके लिए राष्ट्र पहले है। परिवार पहले मानने वाला पक्ष अपने कृत्य से माफिया राज को प्रश्रय देता है जबकि मोदी जी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करने का काम करता है।

गाजियाबाद के नेहरूनगर स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में बुधवार को भाजपा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। शहर के तमाम डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सीएए शिक्षक.प्रोफेसर सहित अन्य सभी प्रबुद्ध वर्गों के लोग भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, कांवड़ यात्रा का जब निर्णय था, बहुत कठिन निर्णय था। इससे पहले इस पर बैन था।

कोई राज्य कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दे रहा था। हम सरकार में आए तो सब पहले से तय था। कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, बस उसे लागू करना था। हमने अधिकारियों से पूछा- क्या बैठक हुई, क्या तय हुआ, उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा नहीं निकलेगी। इस पर हमने कहा कि हम यहां ताली बजाने के लिए नहीं आए हैं।

हम यहां भजन गाने के लिए नहीं आए हैं। भजन गाने के लिए हमारा मठ है। हमें जब गाना होगा, मठ में जाएंगे। शासन में आए हैं तो शासन दमदार तरीके से चलेगा। जिसको काम करना होगा, हमारे साथ काम करेगा। जिसको काम नहीं करना होगा, वो छुट्टी ले और जीवनभर के लिए छुट्टी मैं सेंशन करुंगा। मेरी डिक्शनरी में न शब्द नहीं है। और फिर कांवड़ यात्रा शानदार तरीके से निकली। प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ लोग आए। अयोध्या श्रीराम मंदिर के अब तक डेढ करोड़ श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। ये सब आपके एक वोट से संभव हुआ।

योगी आदित्यनाथ ने कहा 1998 में मैं सांसद था। गाजियाबाद आने में हम हिचकते थे। उसके दो कारण थे। एक अपराध और दूसरा गंदगी। आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी में नंबर वन आता है। आज गाजियाबाद कमिश्नरेट का पुलिस रिकॉर्ड सबसे अच्छा उदाहरण बन रहा है। सरकार की पहल से बिल्डर, बायर्स को समय पर मकान दे रहे हैं। पहले कोई गाजियाबाद नहीं आना चाहता था, आज कोई गाजियाबाद छोड़ना नहीं चाहता। गाजियाबाद के बगल में जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। इस कार्यक्रम में दो बार के सांसद जनरल वीके सिंह मंच पर नहीं दिखे। दरअसल, पार्टी ने इस बार उनका टिकट काटकर अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में पिछले 10 साल में हमने गाजियाबाद को बदलते देखा है। परिवर्तन व्यवस्था का हिस्सा है। इसी व्यवस्था परिवर्तन में अतुल गर्ग को पार्टी ने आप सबके बीच भेजा है। प्रत्याशी का हर घर जाना संभव नहीं है। इसलिए समाज का नेतृत्व करने वाले लोग खुद प्रत्याशी बनें और इस काम को आगे बढाएं। मथुरा में उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा, माफिया राज को प्रश्रय देने वाला एक पक्ष भ्रष्टाचार का पक्षधर है और मोदी जी का पक्ष कतई बर्दाश्त नहीं का है। एक पक्ष तुष्टीकरण के नाम पर व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व वाला पक्ष सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर एक तबके को देने का पक्षधर है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है। बाद में मेरठ में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि तीन दशक पहले जिस तरह अरुण गोविल ने छोटे पर्दे पर रामायण में मजबूती के साथ श्रीराम के किरदार को जीवंत किया था, आज वो मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि ए हमेशा इतिहास रचता है। योगी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है लेकिन, विपक्ष ने हमेशा जातिवाद को प्राथमिकता दी।

30 मार्च को ग्रेटर नोएडा आएंगे योगी आदित्यनाथ महेश शर्मा के लिए मांगे वोट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 मार्च को ग्रेटर नोएडा आएंगे। योगी ग्रेटर नोएडा के एक संस्थान में प्रबुद्ध सम्मेलन करके नोएडा गौतमबुद्धनगर सीट से भाजपा के प्रत्याशी डा महेश शर्मा के लिए वोट मांगेंगे। योगी का यह कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलिज में होगा।

भाजपा ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में योगी के कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस कार्यक्रम में योगी अपनी पार्टी भाजपा के प्रत्याशी डा महेश शर्मा के लिए वोट मांगेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 मार्च को ग्रेटर नोएडा में आएंगे। मावी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलिज में सीएम योगी प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में समाज के हर वर्ग, शिक्षक, वकील, डाक्टर, इंजीनियर तथा पत्रकार भाग लेंगे। इस प्रबुद्ध सम्मेलन में योगी भाजपा की नीति तथा रीति का विस्तार से वर्णन करके भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक वोट डालने का अनुरोध करेंगे। योगी के इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नेता सक्रिय हो गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रबुद्ध सम्मेलन में ग्रेटर नोएडा के साथ ही साथ पूरे गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों को बुलाया गया है। बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेंगे।

मतदान कराने के लिए प्राचार्या को दिलाई शपथ

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव में जिले का मतदान प्रतिशत बढाने के लिए गुरुकुल द स्कूल में सौ स्कूलों के प्राचार्या को मतदान कराने की शपथ दिलाई गई। सभी प्राचार्या को मतदान को लेकर अभिभावकों को भी जागरूक करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि होने वाले चुनावों को सफल बनाने के लिए सभी मतदाताओं को अपना योगदान देना होगा। सीडीओ अभिनव गोपाल ने अपील करते हुए इस बात पर जोर दिया कि मतदान से पूर्व की छात्रों को यह बता दिया जाए कि अभिभावको को वोट देने के लिए प्रेरित करने पर एवं वोट डालने के बाद वोट की स्याही के निशान के साथ ली गई सेल्फी कक्षा अध्यापक को भेजने पर छात्रों को उनके आंतरिक मूल्यांकन में भी वरीयता दी जाएगी।

आचार संहिता उल्लंघन करने वालों पर नजर रखेंगी तीस टीमें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

चुनावों के दौरान आचार संहिता लागू कर दी जाती है। इसका उल्लंघन होने पर सम्बंधित व्यक्ति या संगठन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। लेकिन इसके बाद भी आचार संहिता उल्लंघन के दर्जनों मामले हर चुनाव में दर्ज होते हैं।

लोकसभा चुनावों में आचार संहिता के उल्लघंन की निगरानी करने के लिए तीस टीमों का गठन जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा किया गया है। इसका नोडल प्रभारी एडीएम सिटी गंभीर सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय में भी अलग से एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके अलावा 54 टीमें स्टेटिक सर्विलांस, वीडियो सर्विलांस, फ्लाइंग स्कवायड और सहायक व्यय आर्ब्जवर की गठित की गई हैं जो अपने स्तर से चुनाव को लेकर निगरानी रखेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के मुताबिक चुनाव आचार संहिता के अनुपालन के तहत कराएं जाएंगे। इसके लिए लगातार टीमें क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं।

प्लास्टिक के ढेर में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पहले नोएडा और अब ग्रेटर नोएडा में होली के बाद आग लगने की घटना सामने आई है। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में प्लास्टिक के कूड़े से भरे ढेर में अचानक ही भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते काफी विकराल रूप ले लिया।

आग लगने के बाद ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर काले बादल छा गए। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा के लोगों को काले धुएं की वजह से सांस लेने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ गया। आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रेटर नोएडा फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां और स्थानीय पुलिस की टीम पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में फिलाहाल कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा के कोतवाली बादलपुर क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बंगले के पास स्थित प्लास्टिक का सामान बनाने वाली कंपनी के पीछे में बुधवार सुबह आग लग गई। देखते ही देखते कंपनी के पीछे पड़े स्क्रैप में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया।

इससे आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। आसमान में धुएं को देख लोगों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी। जानकारी के अनुसार इस आग में हजारों का सामान जलकर खाक हो गया।

लोस चुनावः गौतमबुद्ध नगर में बनेंगे चुनावी रिकार्ड

- भाजपा जीती तो बनेगा डबल हैट्रिक का रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में इस बार के लोकसभा चुनाव कुछ रिकॉर्ड बन सकते हैं। अगर भाजपा प्रत्याशी जीतता है, तब 2 बार हैट्रिक का रिकार्ड बनेगा और यदि सपा-कांग्रेस गठबंधन का प्रत्याशी जीतता है, तब गौतमबुद्धनगर में पहली बार सपा अपना खाता खोलेगी। बसपा 2009 में एक बार यहां से जीत चुकी है। उस समय डॉ महेश शर्मा को बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र नागर ने हराया था।

हालांकि सुरेंद्र नागर अब भाजपा से ही राज्य सभा सांसद है और डॉ महेश 2024 लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर से प्रत्याशी। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा लगातार 2 बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2014 और 2019 में पार्टी उम्मीदवार डॉ महेश शर्मा ने बड़े अंतर से निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात दी। 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा चुनाव में भी जीत हासिल होने पर भाजपा के नाम एक रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। बुलंदशहर, खुर्जा और गौतमबुद्धनगर 1951 और 1957 में बुलंदशहर, 1962 से 2004 तक खुर्जा और 2009 से अब गौतमबुद्धनगर लोकसभा लोकसभा क्षेत्र से अब तक भाजपा और कांग्रेस ने एक.एक बार हैट्रिक जीत हासिल की है। 1951 से लेकर 1962 तक लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीत दर्ज कर कांग्रेस ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। तीनों चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया लाल वाल्मीकि ने जीते थे। इसके बाद कांग्रेस ने 1971 और 1984 में जीत दर्ज की थी। फिर कांग्रेस इस सीट पर कभी जीत हासिल नहीं कर सकी। नोएडा की नींव आपात काल में ही डाली गई। जिसके पीछे आपात काल के सबसे सशक्त नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी थे। उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी थे। इतनी मजबूत नींव होने के बाद भी नोएडा में कांग्रेस का आपात काल जारी है। तब से लेकर अब तक कांग्रेस यहां अपनी साख बचाने में नाकाम रही। लोकसभा चुनाव में दूसरी बार जीत की हैट्रिक भाजपा लगा सकती है। 1996, 1998 ओर 1999 में भाजपा प्रत्याशी अशोक प्रधान ने जीत हासिल की। इसके बाद 2004 में भी उन्होंने जीत हासिल कर पार्टी को बड़ी सफलता दिलाई, लेकिन 2009 के चुनाव में भाजपा ने डॉ महेश शर्मा को हार का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री केजरीवाल के मुद्दे पर प्रदर्शन जारी

इस्तीफे मांग लेकर भाजपा का प्रदर्शन, आप कार्यकर्ताओं ने लगाए प्रधानमंत्री विरोधी नारे

- नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी ने कहा, सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए
- आप विधायकों ने सदन के बाहर धरना दिया, ईडी हिरासत से तुरंत रिहा करने की मांग की

पीएनएस। नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम

भाजपा विधायकों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। फोटोः रंजन डिमरी

आप विधायकों ने सदन के बाहर धरना दिया और केजरीवाल को ईडी की हिरासत से तुरंत रिहा करने की मांग की।

राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा विधायकों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो आप विधायकों तथा उनके समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। दोनों ही दलों ने एक ही समय पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर मार्च निकाला। पीली टी-शर्ट पहने आप नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा विधायकों के पीछे-पीछे हो लिए। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा, मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन पर भ्रष्टाचार के लगभग 12 आरोप हैं। अगर आबकारी नीति विश्वस्तरीय थी तो उन्होंने इसे वापस क्यों लिया, हम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इसी बीच, भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी दोपहर करीब 12 बजे विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वार के बाहर मयूर विहार के लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह, पार्टी की महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। काले कपड़े पहने भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा प्रवेश द्वार पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे। सचदेवा नारे लगाते हुए द्वार पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें विधानसभा परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया। सुरक्षाकर्मियों ने मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया और बाद में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के लोग केजरीवाल सरकार के राजनीतिक नाटक से ऊब चुके हैं और दावा किया कि जनता आगामी लोकसभा चुनावों में आप-कांग्रेस गठबंधन को पूरी तरह से खारिज कर सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के दो मंत्री पहले से ही जेल में हैं और दावा किया कि फर्जी पत्र जारी करने के आरोप में आतिशी तथा सौरभ भारद्वाज भी जल्द ही जेल जा सकते हैं।विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले आप विधायकों ने सदन के बाहर धरना दिया और नारे लगाते हुए केजरीवाल को ईडी की हिरासत से तुरंत रिहा करने की मांग की। आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने पीले रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी जिस पर मैं भी केजरीवाल और मोदी का सबसे बड़ा डर केजरीवाल जैसे नारे लिखे हुए थे। आप के राष्ट्रीय संयोजक को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और बाद में यहां की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया था।

उधर, केरल की राजधानी तिरुवनंतपुर में बुधवार को आप के कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका। उसी समय, भाजपा कार्यकर्ताओं का एक छोटा समूह यहां मुरारजी भवन स्थित पार्टी कार्यालय से बाहर आया और विरोध कर रहे आप कार्यकर्ताओं से भिड़ने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों दलों को रोकने का प्रयास किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा शुरू किए गए नो वोट फॉर भाजपा मुहिम के बाद उन्होंने यहां ईस्ट फोर्ट से भाजपा कार्यालय तक मार्च किया। आप कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ और विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के पक्ष में नारे लगाए, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी और प्रधानमंत्री के पक्ष में नारेबाजी की। सोशल मीडिया पर विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक भाजपा कार्यकर्ता बड़ा पत्थर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है और आप कार्यकर्ताओं के करीब पहुंचाने के प्रयास के दौरान पुलिस कर्मियों ने पत्थर हटा दिया। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हो गई। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया।

संक्षिप्त समाचार

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों के बारे में जानकारी देती पुलिस।

विदेश भेजने के नाम पर ठगने वाले दो गिरफ्तार

गाजियाबाद। कौशांबी थाने के एसओ एसके सिह की टीम ने साइबर थाना पुलिस के साथ मिलकर दो ऐसे जालसाजों को मुखबिर की सूचना के बाद दबोच लिया जो अब तक कई प्रांतों में सैंकड़ों लोगों को करोड़ों की चपत लगा चुका था। सूत्रों के मुताबिक पुलिस की गिरफ्त में आये शातिर जालसाजों के पास से कई पासपोर्ट, नकली वीजा, जाली दस्तावेज व सामग्री बरामद हुई। पूछताछ के दौरान दोनों जालसाजों ने अपने नाम मुकीम व मुफीद पुत्र गुलत्जर निवासी सांकला खत्री सहारनपुर बताये। दोनों जालसाज सगे भाई हैं। इनका गैंग भोले भाले बेरोजगार युवकों को विदेश भेजने और वहां पर अच्छी नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगता रहा है। ठगी करने से पहले यह गैंग बेरोजगार युवकों के पासपोर्ट एवं अन्य दस्तावेज ले लेता और फिर वीजा बनवाने एवं विदेश भेजने के लिये किराया वसूलने के नाम पर मोटी रकम ऐंठ लेता था। ठगी करने के बाद ये दोनों भाई और इनके साथी वहां से रफूचक्कर हो जाते थे।

धर्म परिवर्तन करवाने वाले दो युवकों पर हुआ मुकदमा

गाजियाबाद। विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले दो युवकों के खिलाफ गौतमबुद्धनगर के एक कस्बे में रहने वाली लडकी ने जबरन धर्म परिवर्तन करवाने और इज्जत से खिलवाड़ करने जैसी अपराधिक धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सूत्रों के अनुसार जिन युवकों के खिलाफमुकदमा दर्ज हुआ है उनके नाम शाकिर व शारूख हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विजयनगर थाना पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी थी।

दंबगों ने घर में घुसकर की मारपीट व तोड़फोड़

गाजियाबाद। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव शामली में फ्री पान मसाला दिलाने से इनकार करने पर दबंगों ने घर में घुसकर जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। इस संघर्ष में एक ही परिवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पांच नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। गांव शामली में मनोज सैनी परिवार सहित रहते है। देर रात उनका भतीजा आकाश परचून की दुकान पर खड़ा था। इसी बीच गांव निवासी अनुज आया और आकाश से पान मसाले का पाउच दिलाने को कहा। आकाश ने पैसे ना होने की बात कहीं तो मारपीट करने लगा। वहां पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। उस समय तो मामला शांत करा दिया। देर रात अनुज पक्ष के लोगों ने मनोज सैनी क घर पर धावा बोल दिया। एक दर्जन दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ कर मारपीट की। धारदार हथियार व सरिया से वार कर किए गए। इस हमले में मनोज सैनी, सागर, राहुल, दीपक व आंकाक्षा गंभीर रुप से घायल हो गई। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर द्विवेश तोमर, सग्राम तोमर, कालो, नीरज, अनुज निवासी गांव शामली व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पूर्व विधायकों के साथ मनाया रंगों का त्योहार

फरीदाबाद। ब्लॉक डी टू सेक्टर-10 वासियों ने अपने ब्लॉक के रहने वाले पूर्व पूर्व विधायक करण सिंह दलाल व पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला के साथ मिलकर होली मिलन पर्व का आयोजन कम्युनिटी सेंटर 10 मे आयोजित किया। ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन व महासचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने सभी का गुलाब के फूलों से स्वागत किया। प्रधान ने फूलों की होली के लिए 100 किलोग्राम गुलाब की पंखुड़िया मंगाई गई।

आरडब्ल्यूए के सभी सदस्यों ने होली मनाने की तैयारियां दो दिन पहले ही आरंभ कर दी थीं। बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यकम का भी आयोजन किया गया है। किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि इस होली पर हमें अपनी बुराइयों को मिटाने और एक दूसरे के साथ प्यार और समरसता के संदेश को बढ़ावा देना चाहिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि ब्लॉक के साथ

साथ शहर के उत्थान के लिए कार्य करने संदेश दिया। उन्होंने पौधारोपण करने के लिए सभी सदस्यों को प्रेरित किया। इस मौके पर उद्योगपति व समाज सेवी वीरेंद्र शर्मा, उप प्रधान दीपा शर्मा, सेवाराम चौधरी, सुनील जिंदल, विक्रम पांचाल, राकेश नागपाल, रमेश चांदना, सतीश अग्रवाल, सतीश गोयल, सुरेश अग्रवाल मौजूद रहे।

चुनावी बॉण्ड के गैरकानूनी घोषित होने के बाद भाजपा ने जनार्दन रेड्डी के साथ साझेदारी की: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री जी जनार्दन रेड्डी की भारतीय जनता पार्टी में वापसी करने को लेकर बुधवार को केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉण्ड को गैरकानूनी करार दिए जाने के बाद भाजपा ने प्लान बी के तहत खनन कारोबारी के साथ सीधी साझेदारी की है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कटाक्ष किया कि भाजपा में शामिल होने के बाद रेड्डी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)

ऐसी क्लीन चिट देगा कि उनके सामने सारी सफेदी फीकी पड़ जाएगी।

कर्नाटक के पूर्व मंत्री और खनन कारोबारी जी जनार्दन रेड्डी लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। रेड्डी ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के साथ अपना दो दशक पुराना नाता तोड़कर कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) का गठन किया था। वह अवैध खनन मामले में आरोपी हैं और गंगावती के विधायक हैं। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, बेल्लारी बंधु, हम तीन दशक से ए नाम सुन रहे हैं। साल 1998 में इन्होंने स्वर्गीय सुषमा स्वराज जी के चुनाव की तमाम जिम्मेदारी संभाली थी। 1998 के चुनाव के बाद भाजपा ने इन्हें संभाल लिया। एदियुरप्पा जी और इनकी जुगलबंदी बड़ी मशहूर है। इस जुगलबंदी के चलते आयरन ओर एवं अवैध खनन की ऐसी लूट मची कि एड्डी-रेड्डी गैंग के रूप में मशहूर हो गई। उनका कहना था, वर्ष 2011 और 17 के बीच इनकी कई बार गिरफ्तारी भी हुई। अब ये भाजपा में शामिल हो गए हैं। सीबीआई इन्हें ऐसी क्लीनचिट देगी कि हर सफेदी फीकी पड़ जाएगी। उन्होंने सवाल किया,

तमाम साक्ष्य होने के बावजूद मोदी सरकार जनार्दन रेड्डी को क्यों बचा रही है? क्या ये सच नहीं है कि रेड्डी के खिलाफ 20 मामले लंबित हैं, फिर जनार्दन रेड्डी के लिए लाल कालीन क्यों बिछाई जा रही है? क्या मोदी सरकार अपने इस कदम से भ्रष्टाचार को ख़त्म करने के अपने ही दावों को खोखला करार नहीं दे रही है? खेड़ा के अनुसार, जनार्दन रेड्डी ने भाजपा में शामिल होते ही कहा कि मैं अपनी जड़ों में लौटकर आ गया हूं।

राजस्थान में अब तक 58 हजार से अधिक मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

राजस्थान में अब तक 58 हजार से अधिक मतदाताओं ने घर से मतदान अर्थात होम वोटिंग का विकल्प चुना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, राज्य में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष पात्र मतदाताओं के लिए राज्य में पहली बार लोकसभा चुनाव में होम वोटिंग की पहल की गई है। अब तक करीब 58 हजार पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। इनमें 43,638 वरिष्ठ नागरिक और 14,385 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा होम वोटिंग के लिए इच्छुक पात्र मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा क्षेत्रों के लिए अभ्यर्थियों के नाम तय हो जाने के बाद घर-घर जाकर मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने एक बयान में बताया कि पहले चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए 27 मार्च तक

पंजीकरण किया जाएगा। अब तक 35,542 लोगों ने होम वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें 26,371 वरिष्ठ नागरिक और 9,171 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। बयान के अनुसार, निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को एक अप्रैल तक उपलब्ध करवाएंगे। इसके बाद विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 4 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। ए विशेष टीमें राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में पंजीकृत मतदाताओं के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करवाएंगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा। यह भी बयान में कहा गया है कि राज्य में दूसरे चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, वहां होम वोटिंग के लिए दो अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। अब तक करीब 22,500 पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें 17,324 वरिष्ठ नागरिक और 5,222 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। बयान के अनुसार, निर्वाचन अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को आठ अप्रैल तक उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद होम वोटिंग के लिए विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 13 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी। किसी वजह से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा दौर 22 से 23 अप्रैल के बीच होगा।

उन्होंने बताया कि समावेशी चुनाव की दिशा में चुनाव आयोग ने होम वोटिंग की पहल की है। राजस्थान में बीते दिनों विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान यह नवाचार सफलतापूर्वक किया गया। होम वोटिंग का मतदान 99 प्रतिशत रहा था। करीब 61,424 मतदाताओं ने घर से मतदान किया था। इसमें 49,650 वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक आयु) और 11,774 दिव्यांग शामिल थे। गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा विकल्प के रूप में है। लोकसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग की सुविधा ऐसे मतदाताओं को मिलती है, जो 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों हों या 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता श्रेणी वाले हों। इसके तहत घर-घर जाकर होम वोटिंग की सुविधा के लिए पात्र मतदाताओं को इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। पात्र मतदाता सुविधा का चयन करने के लिए फॉर्म 12-डी भरकर बीएलओ को देंगे।

भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद ने पीलीभीत सीट से दाखिल किया नामांकन

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद वरुण गांधी की जगह प्रत्याशी बनाया है। प्रसाद के वकील सरोज कुमार बाजपेई ने पीटीआई-भाषा को बताया, प्रसाद ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष हिंदी भाषा में चार सेटों में नामांकन जमा किया है। उन्होंने अपनी कुल चल और अचल संपत्ति 15 करोड़ रुपए दिखाई है। उन्होंने बताया कि उनके नामांकन पत्र में चारों विधानसभाओं के भाजपा विधायकों-संजय गंगवार, बाबूराम पासवान, विवेक वर्मा और स्वामी प्रकाशानंद प्रस्तावक थे। नामांकन के दौरान वरुण गांधी मौजूद नहीं थे और स्थानीय नेता उनकी अनुपस्थिति के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं।

नामांकन से पहले प्रसाद ने शहर स्थित मां यशवंती देवी के मंदिर में मत्था टेका और उसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नामांकन के बाद मंदिर परिसर में ही चुनावी सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री प्रसाद ने कहा, मैं मुझको चुनाव मैदान में उतारने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं। मैं पीलीभीत लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए काम करूंगा।

भाजपा में शामिल हुए जालंधर से आप सांसद सुशील रिंकू और विधायक अंगुराल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पंजाब के जालंधर से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर पश्चिम के विधायक शीतल अंगुराल बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तावड़े ने कहा कि दोनों नेताओं के आने से पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में दोनों नेताओं की क्षमताओं का पंजाब व पार्टी के हित में उपयोग किया जाएगा। पुरी ने कहा कि जहां डबल इंजन की सरकार है वहां तो विकास हो रहा है लेकिन पंजाब इसमें पीछे रह गया। केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को भाजपा के नेता अक्सर डबल इंजन की सरकार कहते हैं। जाखड़ ने दोनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया और बताया कि पार्टी मुख्यालय पहुंचने से पहले रिंकू ने लोकसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है और आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। भाजपा में शामिल होने के बाद रिंकू ने कहा कि वह किसी लालच के कारण भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं, बल्कि उनका एकमात्र मकसद जालंधर का विकास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई राज्य और शहरों का विकास हो रहा है, लेकिन जालंधर इस मामले में

पीछे छूट गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की आम आदी पार्टी की सरकार ने विकास के मामले में उनका साथ नहीं दिया। रिंकू ने खुद को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कार्यप्रणाली का मुरीद बताया और कहा कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जालंधर के लिए नई ट्रेन की मांग की तो उन्होंने वंदे भारत ट्रेन दी। उन्होंने कहा कि वह जालंधर की बेहतरी के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं और उसे नया जालंधर बनाएंगे। रिंकू ने पिछले साल जालंधर उपचुनाव में भारी अंतर से जीत हासिल की थी। वह निवर्तमान लोकसभा में आप के एकमात्र सदस्य हैं। आप ने जालंधर से सुशील रिंकू को ही दोबारा उम्मीदवार बनाया था। आप में शामिल होने से पहले वह कांग्रेस में भी रह चुके हैं। साल 2023 में कांग्रेस छोड़ने के अगले ही दिन उन्हें जालंधर संसदीय क्षेत्र से आप उम्मीदवार घोषित किया गया था। सूत्रों ने बताया कि रिंकू पार्टी में शामिल होने के बाद अब भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

मेरठ से भावनात्मक है मेरा रिश्ता : अरुण गोविल

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले और मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था और उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया।

इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गए तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि यह तो समय ही बताएगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा। राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा

समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। उन्हें देखने के लिए वहां भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोग उनके साथ सेल्फी लेते नजर आए। बाद में भाजपा प्रत्याशी ने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि "उनकी बात मेरे से मत पूछिए, उनकी बात उनसे ही पूछिए।

वीबीए प्रमुख आंबेडकर ने लोस चुनाव को लेकर मराठा कार्यकर्ता जरांगे से मुलाकात की

पायनियर समाचार सेवा। छत्रपति संभाजीनगर

वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार तड़के मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक अंतरवाली सराटी गांव में हुई जहां जरांगे रहते हैं। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि डॉ. बी आर आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के लिए विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के साथ चुनावी समझौता करना चाहते हैं।

मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में आंबेडकर ने कहा, लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। हमने चुनाव पर बातचीत की। यह पूछे जाने पर कि क्या वीबीए जरांगे के साथ चुनाव लड़ने की योजना बना रहा है, आंबेडकर ने

कहा, हम आपको उचित समय पर बताएंगे। जरांगे ने मराठा समुदाय के सदस्यों से राज्य के प्रत्एक लोकसभा क्षेत्र में एक निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा करने के विचार पर लोगों से राय देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, जब हमें राय और रिपोर्ट मिलेंगी तो हम आगे का रास्ता तय करेंगे। प्रयासों के बावजूद, आंबेडकर और एमवीए में शामिल तीन दलों - कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) में सीट-बंटवारे पर सहमति नहीं बन सकी।

लोकसभा चुनाव: शिवसेना छोड़ कर राकांपा में शामिल हुए शिवाजीराव अधलराव शिरूर से लड़ेंगे चुनाव

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने शिवसेना छोड़ कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल हुए शिवाजीराव अधलराव पाटिल को शिरूर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पाटिल त्रिपक्षीय महायुति गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। इस चुनाव में पवार ने रायगढ़ लोकसभा सीट से मौजूदा राकांपा सांसद सुनील तटकरे को फिर से पार्टी का उम्मीदवार बनाने का ऐलान भी किया। पुणे जिले की अंबेगांव तहसील के मंचर गांव में हुई पार्टी की बैठक में शिवाजीराव अधलराव पाटिल अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल हुए थे। मंचर गांव शिरूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पवार ने कहा, मैं राकांपा में अधलराव पाटिल और अन्य नेताओं का स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि पुणे जिले में चुनाव के दौरान महायुति उम्मीदवारों को जिताने के लिए सभी एकजुट होकर काम करेंगे।

वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन की बस यात्रा से आंध्र प्रदेश में प्रचार की तपिश बढ़ेगी

पायनियर समाचार सेवा। अमरावती

युवाजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी आगामी चुनावों के लिए मेमंता सिद्धम (हम सब तैयार हैं) नाम से बुधवार को कडपा से 21 दिन की बस यात्रा शुरू कर रहे हैं जिससे आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार की तपिश बढ़ेगी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा 16 मार्च को विधानसभा और लोकसभा चुनावों की घोषणा किए जाने के बाद यह बस यात्रा जगन का पहला चुनावी अभियान है। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू भी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। वह अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र कुप्पम में दो दिन तक प्रचार कर चुके हैं। इसी तरह, जनसेना प्रमुख पवन कल्याण का भी 30 मार्च को अनाकापल्ली से अपना चुनावी अभियान शुरू करने का कार्यक्रम है। अभिनेता-राजनीतिक नेता अनाकापल्ली क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए एक साथ चुनाव 13 मई को होने हैं और नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। जगन की बस यात्रा कडपा के इडुपुलुपाया से शुरू होगी और 21 जिलों तथा 148 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी तथा उत्तर आंध्र क्षेत्र में संपन्न होगी। मेमंता सिद्धम बस यात्रा के जरिए जगन लोगों से सीधे बातचीत करने के साथ-साथ जनसभाओं में भाग लेंगे। जगन इडुपुलुपाया में वाईएसआर घाट पर अपने पिता और अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुधवार को अपनी यात्रा का आगाज़ करेंगे। यह घाट पुलिवेंदुला विधानसभा क्षेत्र में स्थित है और इसी सीट से जगन विधायक हैं।

ओडिशा में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक के बेटे सत्तारूढ़ बीजद में शामिल

भुवनेश्वर। ओडिशा में कांग्रेस के छह बार के विधायक सुरेश राउतराय के बेटे मन्मथ राउतराय बुधवार को प्रदेश में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल में शामिल हो गए। पेशे से कमर्शियल पायलट रह चुके मन्मथ अपने समर्थकों के साथ बीजद मुख्यालय शंख भवन गए। पार्टी के सांसद मानस मंगराज और सस्मित पात्रा ने पार्टी में उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा, मैं अपने पिता सुरेश राउतराय और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की विचारधारा के लिए काम करूंगा। दोनों नेताओं के जीवन में एक ही एजेंडा है और वह है विकास का। मैं ओडिशा के विकास के लिए काम करूंगा। सुरेश राउतराय ने कहा था कि वह चाहते हैं कि उनका बेटा कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़े। जटानी के विधायक राउतराय ने कहा, मैं मन्मथ के बीजद में शामिल होने के फैसले को स्वीकार करता हूं क्योंकि वह अपने राजनीतिक करियर पर निर्णय करने के लिए काफी परिपक्व हैं। उन्होंने कहा कि वह आगामी चुनाव अपनी उम्र के कारण नहीं लड़ेंगे। हालांकि, 80 वर्षीय नेता ने कहा कि वह कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे न कि अपने बेटे के पक्ष में। ऐसी संभावना है कि बीजद उम्मीदवार के तौर पर मन्मथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। मन्मथ ने कहा कि उनके पिता का आशीर्वाद उनके साथ है। उन्होंने कहा, मेरे पिता चाहते थे कि मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊं लेकिन मैंने अपनी राजनीतिक यात्रा नवीन पटनायक के नेतृत्व में शुरू करने का निर्णय किया। यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि बीजद मन्मथ को या तो भुवनेश्वर लोकसभा सीट से या जटानी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बना सकती है।

लोस चुनाव: शिवसेना (यूबीटी) ने 16 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की, गीते और सावंत के नाम

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 16 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत गीते को रायगढ़ और अरविंद सावंत को दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है। पार्टी ने सभी पांचों निवर्तमान सांसदों को फिर से मैदान में उतारा है जो 2022 में संगठन के विभाजन के बाद पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ थे। इन सांसदों में अरविंद सावंत (दक्षिण मुंबई), राजन विचारे (ठाणे), विनायक राउत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग), ओमराजे

निंबालकर (धाराशिव) और संजय जाधव (परभणी) हैं। महाराष्ट्र में सत्ता-साझेदारी समझौते को लेकर अविभाजित शिवसेना के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग होने के बाद सावंत ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। विचारे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे का प्रतिनिधित्व करते हैं। शिंदे के विद्रोह के कारण, 1966 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित की गई शिवसेना का विभाजन हो गया था। शिवसेना (यूबीटी) ने छत्रपति संभाजीनगर से पार्टी के दिग्गज नेता चंद्रकांत खैरे को मैदान में उतारा है। खैरे 2019 में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के उम्मीदवार इम्तियाज जलील से हार गए थे। पार्टी ने मुंबई उत्तर-पूर्व से निवर्तमान सांसद संजय पाटिल को प्रत्याशी घोषित किया है। पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक भी रह चुके हैं लेकिन वह बाद में शिवसेना में शामिल हो गए थे। मुंबई उत्तर-पश्चिम से पार्टी ने शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार बनाया। गजानन मुख्यमंत्री शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना से हैं। पार्टी ने अभी तक मुंबई दक्षिण-मध्य सीट के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए शिवसेना (यूबीटी) और उसकी सहयोगी कांग्रेस दोनों ही इच्छुक हैं। शिवसेना (यूबीटी) ने नरेंद्र खेडेकर को बुलढाणा से, संजय देशमुख को यवतमाल-वाशिम से, संजय वाकचौरे-पाटिल को मावल से, राजाभाऊवाजे को नासिक से, भाऊसाहेब वाकचौरे को शिरडी से और नागेश पाटिल अष्टिकर को हिंगोली से अपना उम्मीदवार बनाया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) का घटक दल है। एमवीए के एक अन्य घटक दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक राज्य में अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। गठबंधन के तीसरे घटक दल कांग्रेस ने कुछ ही सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। यह वह सीटें हैं जहां गठबंधन सहयोगियों के बीच कोई विवाद नहीं है। महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीट हैं। उत्तर प्रदेश (80 सीट) के बाद सबसे ज्यादा लोकसभा सीट वाला राज्य महाराष्ट्र ही है। राज्य में 19 अप्रैल से पांच चरणों में मतदान होगा।

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए 275 नए सहायक मतदान केन्द्र मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने राजस्थान में 275 नए सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 1370 सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना के लिए मंजूरी दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ए सहायक मतदान केन्द्र राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उन मतदान केन्द्रों पर बनाए जाएंगे जहां मतदाताओं की संख्या 1450 से अधिक है। ए मतदान केन्द्र मूल मतदान केन्द्र के साथ उसी भवन में स्थापित किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आयोग ने चुनाव के पहले चरण में 1095 सहायक मतदान केंद्र की और अब दूसरे चरण के लिए 275 सहायक मतदान केंद्रों की मंजूरी दी है।

राज्य में निर्वाचन विभाग द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद 275 नए सहायक मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया था, जिसका अनुमोदन प्राप्त हो गया है। गुप्ता ने एक बयान में बताया कि राज्य में 51,756 मूल मतदान केन्द्र आयोग द्वारा अनुमोदित हैं। अब कुल 1370 सहायक मतदान केन्द्रों के बाद 53,126 मतदान केन्द्र हो गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

गिल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

चेन्नई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। गिल की अगुआई वाली टीम को टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच छह रन से जीता था।

कोच इवानिसेविच से जोकोविच ने नाता तोड़ा

लंदन। शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्होंने कुछ दिन पहले से इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही। जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे।

उरुग्वे के क्लब कोलोन एफसी से जुड़े बिजय

चेन्नई। भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। छेत्री ने विज्ञप्ति में कहा, मैं अपने पेशेवर करियर में नई चुनौती का यह अवसर पाकर बहुत रोमांचित महसूस कर रहा हूं।

रॉयल्स के खिलाफ सत्र की पहली जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली

संजू और पंत में विश्वकप के लिए टीम में दावा करने की रहेगी होड़

एजेंसी। जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया।

अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले मैच में डेविड वार्नर और मिशेल मार्श से पारी का आगाज कराने का विकल्प चुना था जिससे कि यह जोड़ी पर्याप्त रन बनाकर मध्य क्रम में पंत के ऊपर से दबाव कम कर दे। ए दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और दबाव पंत पर आ गया।

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने हालांकि नाबाद 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे दिल्ली की टीम एक समय सात विकेट पर 138 रन बनाकर मुश्किल में घिरी होने के बावजूद नौ विकेट पर 174 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। पोरेल का इस्तेमाल इंपेक्ट प्लेयर के रूप में किया गया था जिससे दिल्ली के पास एक गेंदबाज कम हो गया। समस्या उस समय और बढ़ गई जब इशांत शर्मा का टखना मुड़ गया। इस तेज गेंदबाज के कुछ मैचों से बाहर रहने की संभावना है। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को काफी उम्मीद होंगी। पिछले मैच में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सूखी पिच पर राजस्थान रॉयल्स की जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों के खिलाफ परेशानी का सामना करना पड़ा था।

संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की बदौलत हालांकि रॉयल्स की टीम 20 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। लगातार पांचवीं बार रॉयल्स के सत्र के पहले मैच में अर्धशतक जड़कर सैमसन ने आगामी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अपना दावा पेश किया है। रेयान पराग भी अच्छी लय में नजर आए हैं। रॉयल्स के शीर्ष चार बल्लेबाज दिल्ली के गेंदबाजी क्रम को ध्वस्त करने का प्रयास करेंगे और ऐसे में कुलदीप तथा अक्षर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रॉयल्स के गेंदबाज भी अच्छी लय में दिखे हैं। बोल्ट ने नई गेंद से प्रभावित किया है तो संदीप शर्मा ने डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम ने सुपर जाइंट्स को पिछले मैच में छह विकेट पर 173 रन पर रोक दिया था।

दोनों टीम के खिलाड़ी

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी, चहल और तनुष कोटियान।
दिल्ली कैपिटल्स: ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश धुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्तवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टिन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा और शाई होप।
मैच: शम 7:30 से

किसी को भी शमी जैसे बॉलर की कमी खलेगी: मोहित

एजेंसी। चेन्नई

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने गत आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां 63 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की भरपाई करना काफी मुश्किल है।

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज शमी टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं और आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी करने की उम्मीद है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे।

मोहित ने सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, किसी भी टीम को शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी और आप उनकी भरपाई किसी अन्य खिलाड़ी से नहीं कर सकते। लेकिन चोट पर किसी का नियंत्रण नहीं है । उन्होंने कहा, जहां तक टाइटंस की बात है, स्पेंसर और अजमतुल्लाह का यह पहला साल है। उन्होंने अब तक काफी क्रिकेट नहीं खेला है इसलिए हमें उनके साथ धैर्य रखना चाहिए और नतीजों पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देना चाहिए।

हैदराबाद ने मुंबई को दिया आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ा लक्ष्य

ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन ने जड़े तूफानी अर्धशतक

एजेंसी। हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। आईपीएल के पांचवें मैच में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन किया और 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 277 रन बनाए। हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड ने ट्रेविस हेड ने 62, अभिषेक शर्मा ने 63, एडेन मारक्रम ने 42 और हेनरिक क्लासेन ने 80 रन बनाए। मारक्रम और क्लासेन इस मैच में नाबाद रहे। मुंबई की ओर से हार्दिक पंड्या, जेराल्ड कूट्जी और पीयूष चावला को एक-एक विकेट मिला।

अभिषेक शर्मा के रूप में सनराइर्स हैदराबाद को तीसरा झटका लगा। वह 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर नमन धीर के हाथों कैच आउट हो गए। पीयूष चावला ने उन्हें अपना शिकार बनाया। वह 23 गेंदों में तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 63 रन बनाने में कामयाब हुए। उन्होंने 19 गेंदो में अपना अर्धशतक पूरा किया। हैदराबाद को दूसरा झटका ट्रेविस हेड के रूप में लगा। वह 113 रन के स्कोर पर आउट हुए। उन्हें गेराल्ड कोएत्जी ने आठवें ओवर की पांचवीं गेंद पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज को नमन धीर के हाथों कैच कराया। हेड 24 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाने में कामयाब हुए। हैदराबाद को पहला झटका 45 रन के स्कोर पर लगा। पांचवें ओवर की पहली गेंद पर हार्दिक पांड्या ने मयंक अग्रवाल को टिम डेविड के हाथों कैच कराया। अग्रवाल इस मुकाबले में सिर्फ 11 रन बना सके।

हैदराबाद ने 19वें ओवर में 250 रन का आंकड़ा पार किया। बुमराह के ओवर की चौथी बॉल पर क्लासन ने चौका जमाकर टीम का स्कोर 250 रन पार कराया।

16वें ओवर में हेनरिक क्लासन और ऐडन मार्करम के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हुई। इस ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 214/3 रहा।

शर्मा ने 22 मिनट में तोड़ा हेड का रिकॉर्ड

युवा अभिषेक शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 16 बॉल में अर्धशतक बनाया। वे हैदराबाद की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बैटर बने । अभिषेक ने ट्रैविस हेड के 18 बॉल के रिकॉर्ड को तोड़ा दिया जो हेड ने 22 मिनट पहले बनाया था।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

नीदरलैंड के वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के स्मिथ को हराया

पहला सेट गंवाने के बाद की वापसी

एजेंसी। मियामी गार्डन्स (अमेरिका)

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है। बोपन्ना और एबडेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेट में काफी सहज गलतियां की लेकिन दूसरे सेट में अहम लम्हों पर अंक जीकर इसे जीता और मुकाबले को टाईब्रेकर में खींचा तथा फिर जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में बोपन्ना और एबडेन की भिड़ंत स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेन्टीना के होरासियो जेबालोस तथा ब्रिटेन के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी। बोपन्ना और एबडेन इससे पहले इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एडीलेड ओपन के फाइनल में खेल चुके हैं।

मेदवेदेव और अल्कारेज मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

मियामी गार्डन्स। गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने करियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने कोफर को मंगलवार को हुए मुकाबले में 7-6, 6-0 से हराया।

शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में अल्कारेज की भिड़ंत 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगी। आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया।मेदवेदेव अंतिम आठ के मकाबले में 22वें वरीय निकोलस जैरी के खिलाफ उतरेंगे जिन्होंने 22वें वरीय कास्पर रूड को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरे वरीय यानिक सिनेर ने क्रिस्टोफर ओकोनेल को 6-4, 6-3 से हराकर इस साल 20 मैच में 19वीं जीत दर्ज की। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलेना रिबाकिन ने आठवीं वरीय मारिया सकारी को कड़े मुकाबले में दो घंटे 48 मिनट में 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हीरो इंडियन ओपन गोल्फ से वापसी कर रहे लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी। गुरुग्राम

पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे।

ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में वापसी करेंगे। एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गई है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अच्छे नतीजे की जरूरत होगी। सऊदी अरब समर्थित एलआईवी गोल्फ को आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग से मान्यता प्राप्त नहीं है।

लाहिड़ी ने अपना पिछला खिताब इसी स्पर्धा में नौ साल पहले (2015) जीता था। वह इसके 57वें आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा, मैं यहां जीतना चाहता हूं। मैं यहां फिर से जीतने के लिए आतुर हूं। .... मैं पिछले 15-16 वर्षों से खेल रहा हूं और यहां जीत दर्ज करने की ललक वैसी ही है जैसी की 10, 15 साल पहले थी। मुझे खुद को यह साबित करना है। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कहा, मैं पेरिस जाना चाहूंगा। इसके लिए मुझे अगले आठ दौर या 12 दौर में अच्छा खेलना होगा। मैं एशियाई टूर के टूर्नामेंटों में ऐसा करना चाहूंगा।

लाहिड़ी भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। उनसे पहले शुभंकर शर्मा (202) और गगनजीत भुल्लर (240) हैं। यह दोनों खिलाड़ी भी ओलंपिक में देश के प्रतिनिधित्व का मौका नहीं चूकना चाहेंगे। इस 18.75 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि की प्रतियोगिता में 25 देशों के 144 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।

हार्दिक की और अधिक हूटिंग होगी पर उन्होंने गजब का धैर्य दिखाया

एजेंसी। मुंबई

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मुंबई इंडियन्स एक अप्रैल को यहां जब अपना पहला घरेलू आईपीएल मैच खेलेगा तो कप्तान हार्दिक पंड्या को और अधिक हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है। तिवारी का हालांकि मानना है कि इस ऑलराउंडर के पास इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी धैर्य है।

सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक रविवार को जब अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलने उतरे तो अहमदाबाद में प्रशंसकों ने उनकी हूटिंग की। मुंबई इंडियन्स की टीम टाइटंस से छह रन से हार गई और अगले सप्ताह सोमवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी। तिवारी ने एक साक्षात्कार में कहा, आपको यह देखना होगा कि यहां मुंबई में उसका स्वागत कैसे किया जाता है। मुझे लगता है कि यहां उसकी थोड़ी अधिक हूटिंग होने वाली है क्योंकि एक प्रशंसक के रूप में, मुंबई या रोहित के प्रशंसक के रूप में, किसी ने भी उम्मीद नहीं की थी कि कप्तानी हार्दिक को दी जाएगी।

इंपेक्ट प्लेयर नियम के कारण आठवें नंबर पर आ पा रहे हैं धोनी: हसी

एजेंसी। चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि इंपेक्ट प्लेयर नियम ने उनके बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है जिससे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस आईपीएल में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ पा रहे हैं।

वर्ष 2023 सत्र से शुरू किया गया इंपेक्ट प्लेयर नियम प्रत्एक फ्रेंचाइजी को पांच खिलाड़ियों को नामित करने की अनुमति देता है जिनमें से एक मैच के दौरान स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में खेल सकता है। मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ सुपरकिंग्स की टीम छह विकेट पर 206 रन का विजई स्कोर बनाने में सफल रही। हालांकि सात बल्लेबाजों के क्रीज पर उतरने के बावजूद धोनी के बल्लेबाजी के लिए आने का कोई संकेत नहीं मिलने के कारण उनके प्रशंसक थोड़े अधीर हो गए थे। हसी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह निश्चित रूप से मुख्य कोच (स्टीफन) फ्लेमिंग का निर्देश है कि मुकाबले को आगे बढ़ाते रहें। इंपेक्ट प्लेयर नियम ने बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है जिसमें धोनी आठवें नंबर पर है जो कि शानदार है। वह अभी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं (नेट में)। उन्होंने कहा, इसके कारण ऊपरी क्रम के बल्लेबाज सकारात्मक (आक्रमण) रुख अपना सकते हैं। उन्हें निश्चित रूप से कोच और कप्तान का समर्थन प्राप्त है। अगर वे ऐसा करते हुए आउट भी हो जाते हैं तो भी यह ठीक है और उनकी आलोचना नहीं की जाएगी। हम तेज खेलना जारी रखना चाहते हैं। सुपरकिंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वालों में न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र भी शामिल थे जिन्होंने 20 गेंद पर 46 रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। हसी ने कहा कि यह सब उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की स्वीकृति देने के बारे में था।

पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा, पहला चरण भी जीतना चाहिए था

भारत के खिलाफ जीत के बाद बोले अफगानिस्तान के कोच

एजेंसी। गुवाहाटी

विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर जीत के बाद अफगानिस्तान के फुटबॉल कोच एशले वेस्टवुड ने कहा कि मेहमान टीम हमेशा हावी रही और उसे पहले चरण का ड्रॉ हुआ मुकाबला भी जीतना चाहिए था।

भारत मंगलवार रात अफगानिस्तान से 1-2 से हार गया देश में फुटबॉल के लिए एक शर्मनाक दिन रहा। मेजबान टीम के लिए एकमात्र गोल अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के पेनल्टी पर किया। वेस्टवुड ने सऊदी अरब के आभा में गोल रहित रहे पहले चरण के मुकाबले के संदर्भ में कहा, जब हम पिछड़ रहे थे तब भी हम आश्वस्त थे। ईमानदारी से कहूं तो हम पिछला मैच भी जीत सकते थे। मैच में हम हमेशा हावी रहे। उन्होंने कहा, पिछले मैच में 0-0 का स्कोर दुर्भाग्यपूर्ण था। अगर हम मौके का फायदा उठाते तो हम उसे जीत सकते थे। मैं मध्यांतर के समय 1-0 के स्कोर पर दबाव में नहीं था क्योंकि मुझे पता था कि हम गोल करेंगे। मैंने कभी भी दबाव महसूस नहीं किया क्योंकि मैंने हमेशा खिलाड़ियों पर विश्वास किया और मुझे खुशी है कि हमें इसका परिणाम मिला।

अफगानिस्तान के लिए रहमत अकबरी (71वें मिनट) और शरीफ मुखम्मद (88वें मिनट) ने गोल किए। वेस्टवुड ने कहा कि अफगानिस्तान का कोच बनना कई चुनौतियां पेश करता है क्योंकि खिलाड़ी कम से कम 16 देशों में फैले हुए हैं जिन्हें बहुत कम समय में प्रशिक्षण के लिए एक साथ लाना होता है।

भारत के कोच इगोर स्टिमक की यहां हार के लिए काफी आलोचना हो रही है लेकिन उन्होंने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और जोर देते हुए कहा है कि वह जून तक मिशन पर बने रहेंगे। वेस्टवुड ने कहा कि क्रोएशिया के कोच स्टिमक अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं कभी भी विश्लेषण नहीं करूंगा कि उन्होंने क्या किया है... मैं अनादर नहीं करूंगा क्योंकि उन्होंने अपने पांच वर्षों में शानदार काम किया है। लोग इस परिणाम के लिए उनकी आलोचना कर सकते हैं लेकिन वह एक अच्छे कोच हैं और उन्होंने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में यह साबित किया है और भारतीय टीम में सुधार हुआ है। भारतीय फुटबॉल टीम विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान के अपने दूसरे दौर के अंतिम दो मैच जून में कुवैत और कतर के खिलाफ खेलेगी।

हार के बाद कोच स्टिमक को हटाने की मांग उठी

निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत की 1-2 की शर्मनाक हार के बाद पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों ने मुख्य कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग की है। भारत के पूर्व डिफेंडर गौरमांगी सिंह का मानना है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में कुछ गड़बड़ है, जबकि पूर्व फॉरवर्ड दीपेंदु विश्वास ने इस शर्मनाक प्रदर्शन के लिए स्टिमक के टीम चयन की आलोचना की और उन्हें तत्काल बाहर करने की मांग की। अनुभवी सुब्रत भट्टाचार्य ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशी कोचों ने कभी भारतीय टीम को गौरवान्वित नहीं किया। इससे पहले एशियाई खेलों में और एशियाई कप में टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम अफगानिस्तान के इस मैच से पहले लगातार छह मैचों में एक भी गोल नहीं कर सकी थी।

बिना जानकारी दिए शिविर छोड़ने वाले पिस्टल निशानेबाज ने मांगी माफी

ओलंपिक ट्रायल में मिली जगह

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय महासंघ को सूचित किए बिना पिछले साल दिसंबर में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर के तैयारी शिविर को छोड़ने वाले पिस्टल निशानेबाज को माफी मांगने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए होने वाले ट्रायल में शामिल कर लिया गया है। इस ट्रायल का आयोजन अप्रैल और मई में क्रमश: दिल्ली और भोपाल में होगा।

25 मीटर रैपिड-फायर स्पर्धा में चुनौती पेश करने वाले भावेश शेखावत ने 29 दिसंबर (2023) को शिविर छोड़ दिया था। इसके बाद चार जनवरी तक उनसे संपर्क नहीं किया जा सका था। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को जकार्ता में ओलंपिक क्वालीफायर के लिए उनकी जगह दूसरे निशानेबाज को टीम में शामिल करना पड़ा था। एनआरएआई के सचिव राजीव भाटिया ने बुधवार को बताया कि राजस्थान के निशानेबाज ने अनुशासनहीनता के लिए माफी मांगी है, जिससे उनके लिए ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करने और पेरिस ओलंपिक के लिए दावा पेश करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। भाटिया ने कहा, हां, वह हमारे पास आया था। और उसने माफी मांगी। हमने इस मामले को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया। यह एक निजी मामला था। उन्होंने कहा, वह एक अच्छा निशानेबाज है और उनकी निजी जिंदगी में जो कुछ भी हो रहा है, उससे हमें मतलब नहीं है।